RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 225
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 23 जून, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



श्रीलंका के खिलाफ हरमनप्रीत की अगुवाई में उतरेगा भारत
स्पोर्ट्स-12

# उद्धव ठाकरे ने की इस्तीफे की पेशकश

● राजनीतिक भंवर में फंसे उद्धव ने कहा- मुख्यमंत्री व शिवसेना अध्यक्ष पद दोनों त्यागने को तैयार, मुख्यमंत्री आवास छोड़ा

● वेब संबोधन के बाद शरद पवार ने घर पहुंच कर की मुख्यमंत्री से मुलाकात



अपने समर्थकों को फेसबुक के जरिए संबोधित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**दो** दिन से भंवर में घिरी महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार संकट से उबरती प्रतीत नहीं हो रही है। बागी एकनाथ शिंदे के 34 विधायकों के समर्थन का पत्र राज्यपाल को सौंपे जाने के बाद हर मुमकिन कोशिश से भी स्थितियां पक्ष में मोड़ने में नाकाम उद्धव ने बड़े भावुक अंदाज में बुधवार शाम को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। साथ ही उन्होंने दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री का सरकारी आवास छोड़ दिया तथा अपने स्थायी निवास मातोश्री पहुंच गए हैं।

राज्य के राजनीतिक संकट को नया मोड़ देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई शिवसैनिक सामने आकर कहता है कि उनके नेतृत्व में उसे भरोसा नहीं है, तो वह मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के लिए तैयार हैं। कोई अन्य शिवसैनिक उनकी जगह लेता है तो उन्हें खुशी होगी। शिवसेना के बागी विधायकों के सूरत से गुवाहाटी के लिए उड़ान भरने के कुछ घंटे बाद उनका नेतृत्व कर रहे एकनाथ शिंदे की ओर से एक पत्र राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, उपसभापति और विधानसभा सचिव को सौंपा गया जिसमें दावा किया गया कि शिंदे शिवसेना विधायक दल के नेता हैं। इस पत्र पर शिवसेना के 34 विधायकों के हस्ताक्षर थे। शिवसेना के बागी नेता और मंत्री एकनाथ शिंदे के इस प्रकार कड़े प्रहार पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने फेसबुक का सहारा लिया। उन्होंने महाराष्ट्र की जनता को फेसबुक के जरिए अपने भावुक संबोधन में कहा कि यदि बागी विधायक यह घोषणा करते हैं कि वह उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहते तो वह अपना पद छोड़ने के लिए तैयार हैं। ठाकरे के बुधवार को ही कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने 18 मिनट लंबे वेबकास्ट में विद्रोही नेताओं व आम शिवसैनिकों से भावुक अपील की। उनके इस वेबकास्ट में करीब 30 मिनट की देरी हुई।

उन्होंने अनुभवहीन होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि पिछले साल के अंत में रीढ़ की सर्जरी के कारण वह लोगों से ज्यादा नहीं मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर शिवसैनिकों को लगता है कि ठाकरे पार्टी का नेतृत्व करने में सक्षम नहीं हैं तो वह शिवसेना के अध्यक्ष का पद भी छोड़ देंगे। पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले वरिष्ठ नेता और महाअघाड़ी सरकार में मंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को 30 विधायकों के साथ पार्टी और सरकार से विद्रोह कर दिया था और वह इन विधायकों को लेकर भाजपा शासित गुजरात के सूरत में एक लग्जरी होटल में चले गए थे। वहीं से वह समझौते के लिए अपनी शर्तें रख रहे थे। ठाकरे ने कहा कि सूरत और अन्य जगहों से बयान क्यों दे रहे हैं? मेरे सामने आकर मुझसे कह दें कि मैं मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष के ( शेष पेज 8 )

## शिंदे का दावा, 34 विधायक हैं साथ



गुवाहाटी में समर्थक विधायकों के साथ महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एकनाथ शिंदे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**गुवाहाटी** में डेरा डाले हुए शिवसेना के बागी एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि उन्हें पार्टी के 34 विधायकों का समर्थन प्राप्त है और उन्होंने एक प्रस्ताव पारित कर खुद को शिवसेना विधायक दल के नेता घोषित कर दिया। इससे एक दिन पहले शिवसेना नेतृत्व ने उन्हें विधायक दल के नेता पद से हटा दिया था। शिंदे के नेतृत्व वाले विद्रोही खेमे द्वारा पारित प्रस्ताव में शिवसेना विधायक भरत गोगावाले को पार्टी का नया मुख्य सचेतक नामित किया गया है और मौजूदा सुनील प्रभु को पद से हटा दिया गया है। दोपहर के समय शिंदे द्वारा जारी किए गए पत्र पर शिवसेना के 34 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। वहीं चार अन्य विधायकों -चंद्रकांत पाटिल, योगेश कदम, मंजुला गावित और गुलाबराव पाटिल के साथ एक और चार्टर्ड विमान देर रात गुवाहाटी यहां पहुंच गया। इससे पहले दिन में प्रभु ने एक पत्र जारी कर शिंदे के साथ आए बागियों समेत शिवसेना के सभी विधायकों को शाम पांच बजे मुंबई में विधायक दल की बैठक में शामिल होने या दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई का सामना करने को कहा था। शिंदे खेमे द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 2019 के महाराष्ट्र चुनाव के बाद भाजपा से नाता तोड़ने के शिवसेना नेतृत्व के फैसले का ( शेष पेज 8 )

## सूरत से लौटे लापता शिवसेना विधायक ने लगाए कई आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नागपुर

**शिवसेना** के बागी नेता एकनाथ शिंदे के साथ सूरत गए पार्टी विधायक नितिन देशमुख ने बुधवार को दावा किया कि कुछ लोगों ने उन्हें जबरदस्ती वहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया था और उन्हें इंजेक्शन लगाया गया, जबकि उन्हें दिल का दौरा नहीं पड़ा था। देशमुख ने नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह किसी तरह सूरत से सुरक्षित महाराष्ट्र लौटने में सफल रहे और उन्होंने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के प्रति अपनी निष्ठा जताई। देशमुख की पत्नी ने एक दिन पहले अकोला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पति लापता हैं। देशमुख विदर्भ क्षेत्र के अकोला जिले में बालापुर क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने दावा किया कि मैं उद्धव ठाकरे और बालासाहेब ठाकरे का शिवसैनिक हूं। मेरा स्वास्थ्य अच्छा है। मंगलवार ( शेष पेज 8 )

# अफगानिस्तान में आए भूकंप में 1000 की मौत



पूर्वी अफगानिस्तान में आए भूकंप के बाद ध्वस्त मकानों को देखते स्थानीय लोग

● तालिबान ने मांगी अंतरराष्ट्रीय मदद

**एपी।** काबुल

**पूर्वी** अफगानिस्तान में बुधवार तड़के आए भूकंप में 1,000 लोगों की मौत हो गई और 1,500 से अधिक लोग घायल हो गए। देश की सरकारी समाचार एजेंसी ने एक खबर में यह जानकारी दी। देश में दशकों में आया यह सर्वाधिक विनाशकारी भूकंप है। वहीं, अधिकारियों ने आशंका जताई कि मृतक संख्या और बढ़ सकती है।

पाकिस्तान की सीमा के पास, एक ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्र में आए 6.1 तीव्रता वाले भूकंप से हुए नुकसान के बारे में फिलहाल अधिक विवरण प्राप्त नहीं हो सका है, लेकिन इतने शक्तिशाली भूकंप से दूर-दराज के इलाकों में गंभीर नुकसान होता है, जहां घर ( शेष पेज 8 )

## हर संभव सहायता को तैयार है भारत: मोदी

**नई दिल्ली ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई जानमाल की क्षति और तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि भारत जल्द से जल्द हर संभव आपदा राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। मोदी ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने ट्वीट किया, अफगानिस्तान में आज विनाशकारी भूकंप की ( शेष पेज 8 )

# थाने में युवक ने चार पुलिस कर्मियों को मारा चाकू

● हमले में एक होमगार्ड भी हुआ घायल सभी जीटीबी में भर्ती, एक की हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शाहदरा** जिला के साइबर पुलिस स्टेशन में एक सिरफिरे युवक वहां मौजूद चार पुलिसकर्मियों और एक होमगार्ड पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर होने पर उसे एम्स ट्रामा सेंटर में रेफर किया गया है। छानबीन में पता चला कि हमलवार बुधवार दोपहर को अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचा था जहां बातचीत के दौरान वह वीडियो बनाने लगा।

जिसे लेकर वहां मौजूद पुलिस कर्मियों उसे वीडियो बनाने से रोका था। घटना शाहदरा के साइबर पुलिस थाने की तीसरी मंजिल पर हुई। पुलिस के अनुसार, व्यक्ति थाने के भीतर घुसा और वीडियो बनाना शुरू कर दिया, एक पुलिस कर्मी द्वारा रोके जाने और वीडियो बनाने का कारण पूछने पर उसने अचानक चाकू निकाला और सुनील नामक सिपाही पर हमला कर दिया। इसके बाद भागने लगा। साइबर पुलिस स्टेशन परिसर में मौजूद शहादरा थाना के पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने की कोशिश में का प्रयास किया। हमलावर को रोकने के प्रयास में दीपक, अमित, मनीष और रवि भी चाकू लगने से जख्मी हो गये।

सुनील शाहदरा थाने में ही बतौर सिपाही तैनात है। दीपक, अमित और मनीष साइबर थाने के सिपाही हैं। रवि होमगार्ड बताया जा रहा है। शाहदरा जिले के डीसीपी सत्यम सुंदरम ने बताया कि घायल पुलिसकर्मियों में से एक की हालत गंभीर है। उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, आरोपी ने ( शेष पेज 8 )

## कानपुर हिंसा: रेस्तरां चेन चलाने वाला मुख्तार उर्फ बाबा बिरयानी गिरफ्तार

**भाषा।** कानपुर

**कानपुर** में हिंसा के मामलों की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने देशभर में रेस्तरां चेन चलाने वाले मुख्तार उर्फ बाबा बिरयानी को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुख्तार घातक हथियारों के साथ दंगा और हिंसा करने के तीन मामलों में बेकनगंज पुलिस थाने में नामजद है। उल्लेखनीय है कि पैगंबर मोहम्मद पर नुपुर शर्मा की कथित विवादित टिप्पणी को लेकर कानपुर में तीन जून को हिंसा भड़क गई थी। उन्होंने कहा कि एसआईटी के राडार पर कई और संदिग्ध हैं जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर पूछताछ की जा सकती है। इससे पूर्व, मंगलवार को एसआईटी ने मोहम्मद फैजान नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया था जिसकी तस्वीर फेसबुक और ट्विटर सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपलोड की गई थी, फोटो अपलोड किए जाने के बाद उसकी गिरफ्तारी हो सकी।

# डीएचएफएल, उसके पूर्व चेयरमैन निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज

**बैंक धोखाधड़ी**

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल, पूर्व चेयरमैन कपिल वधावन और धीरज वधावन समेत अन्यों के खिलाफ ताजा मामला दर्ज किया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की अगुवाई में 17 बैंकों के समूह के साथ कथित 34,615 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी को लेकर यह मामला दर्ज किया गया है। यह एजेंसी की जांच के दायरे में आई अबतक की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी है।

अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद, एजेंसी के 50 से अधिक अधिकारियों की एक टीम ने आरोपियों के मुंबई में 12 ठिकानों की तलाशी ली। इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी में एमेरीलिस रियल्टर्स के सुधाकर शेट्टी और आठ अन्य बिल्डर्स शामिल है। अधिकारियों के अनुसार, बैंक ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने 2010 से 2018 के बीच विभिन्न व्यवस्थाओं के तहत बैंकों के समूह से 42,871 करोड़ रुपए की ऋण सुविधा प्राप्त की थी। लेकिन मई, 2019 से ऋण चुकाने में चूक करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि ऋण देने वाले बैंकों की तरफ से कंपनी के खातों को अलग-अलग समय पर गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घोषित किया गया था। जनवरी, 2019 में जांच शुरू होने के बाद फरवरी, 2019 में ऋणदाताओं की समिति ने एक बैठक बुलाई थी।

इसके बाद समिति के सदस्यों ने केपीएमजी को एक अप्रैल, 2015 से 31 दिसंबर, 2018 तक डीएचएफएल की विशेष समीक्षा ऑडिट करने के लिए नियुक्त किया था। ऑडिट रिपोर्ट में पाया गया कि डीएचएफएल प्रवर्तकों के साथ समानता रखने वाली 66 संस्थाओं को 29,100.33 करोड़ रुपए का वितरण किया गया, जिसमें से 29,849 करोड़ रुपए बकाया है। बैंक ने आरोप लगाते हुए कहा, ऐसी संस्थाओं और व्यक्तियों के अधिकांश लेन-देन भूमि और संपत्तियों में निवेश की प्रकृति के थे।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर किया विचार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों ने बुधवार को रणनीतिक चुनौतियों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थितियों की व्यापक समीक्षा की और एक स्वतंत्र, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के अपने साझा उद्देश्य पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारत दौरे पर आए उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस ने अपनी व्यापक वार्ता में आपसी विश्वास, समझ और साझा हितों के आधार पर भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को लागू करने का भी संकल्प व्यक्त किया। संसदीय चुनावों में पूर्ववर्ती स्कॉट मॉरिसन के रूढ़िवादी गठबंधन को हराकर पिछले महीने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की मध्य-वाम लेबर पार्टी के सत्ता में आने के बाद यह ऑस्ट्रेलिया से भारत की पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। सिंह ने ट्वीट किया, ऑस्ट्रेलिया भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय भागीदार है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

# श्रीलंका ने खड़े किए हाथ नहीं खरीद सकते तेल

**एपी।** कोलंबा

**श्रीलंका** के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि कर्ज के बोझ से दबी उनकी अर्थव्यवस्था महीनों तक खाद्य पदार्थों, ईंधन और बिजली के अभाव के बाद चरमरा गई है। उन्होंने बुधवार को संसद में कहा कि श्रीलंका महज ईंधन, गैस, बिजली और खाद्य सामग्री के अभाव से परे और भी गंभीर हालात का सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विक्रमसिंघे देश के वित्त मंत्री भी हैं जिन पर अर्थव्यवस्था को स्थिर करने की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका आयातित तेल खरीदने में असमर्थ है क्योंकि उसके पेट्रोलियम निगम पर भारी कर्ज है। विक्रमसिंघे ने संसद में कहा कि भारत द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता धर्मार्थ दान नहीं है और देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन ऋणों को चुकाने की योजना होनी चाहिए। श्रीलंका 1948 में अपनी आजादी के बाद से सबसे भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके चलते वहां भोजन, दवा, रसोई गैस और ईंधन जैसी आवश्यक वस्तुओं की भारी किल्लत हो गई है। विक्रमसिंघे ने संसद को बताया, हमने भारतीय ऋण सहायता के तहत चार अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज लिया है। हमने अपने भारतीय समकक्षों से अधिक ऋण सहायता का अनुरोध किया है, लेकिन भारत भी इस तरह लगातार हमारा साथ नहीं दे पाएगा।

यहां तक कि उनकी सहायता की भी अपनी सीमाएं हैं। दूसरी ओर, हमारे पास भी इन ऋणों को चुकाने की योजना होनी चाहिए। ए धर्मार्थ दान नहीं हैं। उन्होंने आर्थिक संकट का मुकाबला करने के लिए सरकार द्वारा अब तक किए गए उपायों के बारे में संसद को बताया। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के उच्च पदस्थ अधिकारियों का एक दल स्थानीय आर्थिक स्थितियों का आकलन करने के लिए बृहस्पतिवार को कोलंबो पहुंचने वाला है। विक्रमसिंघे ने कहा कि श्रीलंका ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 51,822 | ↓ | 709 | |
| निफ्टी | 15,413 | ↓ | 225 | |
| सोना | 50,487 | ↓ | 205 | /10g |
| चांदी | 59,959 | ↓ | 926 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इसरो 30 जून को सिंगापुर के तीन उपग्रह प्रक्षेपित करेगा

**बेंगलुरू।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को कहा कि वह 30 जून को अपनी वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के दूसरे समर्पित वाणिज्यिक मिशन पीएसएलवी-सी53 की शुरुआत करेगा जो सिंगापुर के तीन उपग्रहों को लेकर जाएगा। दो अन्य उपग्रहो के साथ डीएस-ईओ उपग्रह को ले जाने वाला प्रक्षेपण यान श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से भारतीय समयानुसार शाम छह बजे उड़ान भरेगा। प्रक्षेपण के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती 29 जून को शाम पांच बजे से शुरू होगी। यह पीएसएलवी का 55वां मिशन होगा और पीएसएलवी-कोर अलोन वैरिएंट का उपयोग करते हुए 15वां मिशन तथा दूसरे लॉन्च पैड से 16वां पीएसएलवी प्रक्षेपण होगा।

## मोदी 26-28 जून तक जर्मनी, यूएई की यात्रा पर रहेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए 26-27 जून को जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर शोल्स एल्माउ जाएंगे जिसमें यूक्रेन संघर्ष, हिन्द प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा किए जाने की संभावना है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी 28 जून को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जाएंगे जहां वे यूएई के पूर्व राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक रहे शेख खलीफा बिन जाएद अल नाह्यान के निधन पर व्यक्तिगत रूप से श्रद्धांजलि देंगे। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर जी7 शिखर बैठक ( शेष पेज 8 )

# राष्ट्रपति चुनाव: बीजद और जदयू ने की मुर्मू की राह आसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिया समर्थन, वाईएसआर कांग्रेस के भी साथ आने की उम्मीद, कल दाखिल करेंगी अपना नामांकन

**भाजपा** द्वारा आदिवासी नेता और झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के एक दिन बाद जदयू और बीजू जनता दल (बीजद) ने उन्हें अपना समर्थन दे दिया है। इससे उन्हें विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा पर स्पष्ट बढ़त मिलती दिख रही है। मुर्मू 24 जून को अपना नामांकन दाखिल करेंगी और उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा के शीर्ष नेता भी रहेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी जनता दल (जदयू) मुर्मू को समर्थन देगी। वे शीर्ष संवैधानिक पद हासिल करने वाली पहली आदिवासी और दूसरी महिला हो सकती हैं।

नीतीश कुमार द्वारा मुर्मू का समर्थन किया जाना बेहद अहम है चूंकि बिहार में जदयू और भाजपा के रिश्तों में काफी कड़वाहट आ गई है। मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने पर नीतीश ने 'प्रसन्नता' व्यक्त की है। एक बयान में नीतीश ने कहा कि मंगलवार की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर उन्हें इस बारे में जानकारी दी।

उन्होंने देश के शीर्ष संवैधानिक पद के लिए एक 'आदिवासी महिला' को चुनने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। बिहार के सीएम ने 2017 में निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के चुनाव में उनका समर्थन किया था हालांकि वे तब एनडीए में नहीं थे। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार से प्रणब मुखर्जी को दूसरे कार्यकाल के लिए चुनने के सलाह दी थी लेकिन कांग्रेस ने उनके सलाह की उपेक्षा कर दी थी, जिसके बाद नीतीश ने कोविंद का समर्थन किया था। इसी तरह नीतीश ने 2012 में प्रणब मुखर्जी की दावेदारी का समर्थन किया था जबकि जदयू एनडीए का घटक दल था। एनडीए से अलग ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद ने द्रोपदी मुर्मू को समर्थन दिया है। बीजद के समर्थन ने मुर्मू की उम्मीदवारी पर मुहर लगा दी। बीजद सुप्रीमो और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मुर्मू को बधाई देते हुए ट्वीट किया 'मुझे बड़ी खुशी हुई जब पीएम नरेंद्र ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली यात्रा से पहले मंदिर में लगाई झाड़ू

**रायरंगपुर ( ओडिशा )।** एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू ने दिल्ली के अपने सफर से पहले बुधवार को ओडिशा के मयूरभंज जिले के आदिवासी बहुल अपने इस कस्बे में स्थित शिवमंदिर में सुबह सूर्योदय से पहले झाड़ू लगाई जो उनकी नियमित दिनचर्या का हिस्सा है।

मुर्मू अगस्त 2021 में झारखंड के राज्यपाल पद से रिटायर होने के बाद यहां लौटी थीं और तब से मंदिर में झाड़ू लगाना उनकी दिनचर्या में शामिल है और बुधवार का दिन भी इससे अलग नहीं था। अन्य दिनों की तरह ही वह स्नान करने के बाद मंदिर में पूजा करने आईं और भगवान शिव के वाहन नंदी के कान में कुछ कहा जो कि एक सामान्य चलन है। उस



ओडिशा के रायरंगपुर के शिव मंदिर में झाड़ू लगातीं द्रोपदी मुर्मू

वक्त सैकड़ों की संख्या में लोग जमा थे जिनके मद्देनजर सीआरपीएफ के कमांडो ने इलाके की घेराबंदी की क्योंकि उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई गई है। मुर्मू इसके बाद 285 किलोमीटर दूर स्थित भुवनेश्वर के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुईं जहां रास्ते के दोनों ओर उस महिला को देखने के लिए कतार में खड़े हुए नजर आए ( शेष पेज 8 )

## जेड प्लस सुरक्षा मिली

**नई दिल्ली।** केंद्र ने द्रोपदी मुर्मू को सीआरपीएफ कमांडो की जेड प्लस सिक्योरिटी दी है। सीआरपीएफ की टीम ने उनकी सुरक्षा संभाल भी ली है। अधिकारियों ने यहां बताया कि इस ऐलान के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को मुर्मू की सुरक्षा संभालने के लिए अपनी वीआईपी सिक्योरिटी प्रोटेक्शन टीम को तैनात करने का निर्देश दिया।

# कोहरे में नहीं थमेगी हाईस्पीड रैपिड रेल

## ट्रायल रन की तैयारी तेज, उपकरणों को लगाने की काम ने पकड़ी रफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

देश की पहली रीजनल रैपिड रेल के ट्रायल रन की तैयारी तेज हो गई है। अत्याधुनिक सिग्नल प्रणाली लगने के बाद कोहरे में भी रैपिड रेल नहीं रुकेगी। यह एक रेडियो टेक्नोलॉजी आधारित सिग्नलिंग प्रणाली है। यह ट्रायल रन गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच होगा।

इसके लिए सिग्नलिंग उपकरणों को इंस्टॉल करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। दावा है कि अगस्त 2022 में पहली रैपिड रेल का ट्रायल रन हो जाएगा और मार्च 2023 में फर्स्ट फेज में ट्रेन पूरी तरह दौड़ने लगेगी। पहली रीजनल रैपिड रेल को चलाने में भारत में सबसे उन्नत तकनीक वाली प्रणाली प्रयोग में लाई जाएगी। रैपिड रेल चलाने के लिए यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम के हाइब्रिड लेवल-3 तकनीक का उपयोग किया जाएगा। हालांकि, शुरुआत में इसका लेवल-2 प्रयुक्त होगा। यह दुनिया के सबसे उन्नत सिग्नलिंग और ट्रेन कंट्रोल सिस्टम में से एक है। भारत में ऐसा पहली बार होगा कि लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन रेडियो पर नवीनतम मानक, डिटिजल इंटरलॉकिंग और ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन का प्रयोग होगा। यह ट्रेनों की हाईफ्र िक्रेंसी, बेहतर हेडवे में कारगर साबित होगा।यह सिस्टम ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन फ ंक्शनैलिटी से लैस होगा, जो ट्रेनों के ट्रैक्शन सिस्टम, एक्सेलेरेशन और ब्रेकिंग सिस्टम को नियंत्रित करने में काम आएगा। इसमें न केवल ट्रेन की गति का अनुमान लगाया जा सकता है, बल्कि यात्रियों की सुविधा के अनुसार अन्य बदलाव भी किए जा सकते हैं। मौसम कोहरा-बारिश में ये सिग्नल निर्बाध यात्रा सुरक्षित कराएंगे। इसके अलावा, इस पूरे सिग्नलिंग सिस्टम को प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स के साथ भी सिंक किया जाएगा। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि शुरुआत में हम लेवल-2 को पहली बार लागू करेंगे। ट्रेन का दरवाजा और प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स पहले बंद किए जाएंगे, तब ट्रेन आगे चलेगी। तमाम वीडियो देखे होंगे कि ट्रेन पर चढ़ने या उतरने की जल्दबाजी में कुछ यात्री प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंस जाते हैं।



### पहले चरण में इन स्टेशनों पर चलेगी

*पहला दरवाजा प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स का होगा और दूसरा दरवाजा ट्रेन का। इससे कोई हादसा नहीं होगा, ऐसा दावा किया जा रहा है। दुहाई डिपो पर फिलहाल ट्रेनों के सिग्नल और टेलिकॉम के लिए इनडोर इंस्टॉलेशन, आउटडोर इंस्टॉलेशन, केबल बिछाने और सिस्टम टेस्टिंग का काम चल रहा है। यह पूरा होने के बाद ही ट्रायल रन शुरू हो सकेगा। इंडोर इंस्टॉलेशन में सिग्नल की मशीनें कमरों में लगाई जा रही हैं, जिनसे ये सिग्नल चलेंगे। आउटडोर इंस्टॉलेशन में प्वाइंट मशीन ट्रैक चेंजिंग डिवाइस, सिग्नल ट्रेनों की आवाजाही के लिए लाल और हरी बत्ती का सिग्नल और एक्सल सेंटर ट्रेनों की लोकेशन दिखाने वाला उपकरण है। फर्स्ट फेज में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन हैं। इनका निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सिग्नलिंग का काम पूरा होते ही ये स्टेशन ट्रायल रन के लिए तैयार हो जाएंगे।*

## ग्रेनो वेस्ट में महिला ने 16वीं मंजिल से लगाई छलांग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सिटी हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी बिसरख थाना पुलिस को दे दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है।

अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि हादसे के वक्त महिला के घर में कौन-कौन था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अभी तक की मिली जानकारी के मुताबिक महिला अपने परिवार के साथ ऐस हाउसिंग सोसायटी के आई ब्लॉक में फ्लैट नंबर-1605 में रहती थी। बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय महिला घर में अकेली थी। महिला ने बालकनी से कूदकर सुसाइड किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में ले लिया है।

## गौतमबुद्ध नगर में जल्द बनेंगे ड्राइविंग लाइसेंस, रोजाना 200 स्लॉट जारी

**पायनियर समाचार सेवार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर वासियों के लिए अच्छी खबर है। अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर परिवहन विभाग लाइसेंस के लिए स्लॉट की संख्या बढ़ा दी है और यह व्यवस्था बुधवार से लागू हो गई। परिवहन विभाग की इस व्यवस्था के लागू होने के बाद रोजाना 200 स्लॉट जारी किए जाएंगे। परिवहन विभाग की इस प्राथमिकता से रोजाना 200 लोगों को फायदा होगा।

गौतमबुद्ध नगर के एआरटीओ प्रशासन एके पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि अब जनपद में नई व्यवस्था लागू की गई है। पहले रोजाना 120 स्लॉट मिलते थेए लेकिन अब 200 स्लॉट मिलेंगे। इससे अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए काफ ी कम समय लगेगा। इस तरीके से परिवहन विभाग ने 80 स्लॉट की संख्या बढ़ा दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पहले जब रोजाना 120 स्लॉट जारी किए जाते थे तो 3 महीने का वेटिंग समय होता था, लेकिन अब रोजाना 200 स्लॉट बुक होने के कारण लोगों को फायदा होगा और जल्द उनका ड्राइविंग लाइसेंस बन जाएगा। इस व्यवस्था के बाद जनपद में ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस बनवाने वालों की संख्या भी दोगुना हो जाएगी। उन्होंने बताया कि लोग परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं।




## कूड़े का निस्तारण न करने पर दो सोसाइटी पर जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेनो प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने कूड़े का उचित प्रबंधन नहीं करने पर ग्रेनो वेस्ट स्थित वेदांतम सोसाइटी और हवेलिया वैलेनोवा पार्क पर 1.02 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में प्राधिकरण के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रेनो प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी व वरिष्ठ प्रबंधक सलिल यादव ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य निरीक्षक संजीव विधूड़ी के नेतृत्व में टीम को सेक्टर 16 सी स्थित वेदांतम सोसाइटी और सेक्टर टेकजोन फोर स्थित हवेलिया वैलेनोवा पार्क सोसाइटियों में कूड़े का प्रबंधन की पड़ताल के लिए भेजा गया था। दोनों जगहों पर सालिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के नियमों के अनुरूप कूड़े का निस्तारण उचित ढंग से नहीं किया जा रहा है। इस पर वेदांतम सोसाइटी पर 81600 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसी तरह हवेलिया वैलेनोवा पर 20400 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं, श्रीराधा स्काई गार्डन सोसाइटी की मार्केट में रेहड़ी.पटरी वाले खुले में कूड़ा फेंक रहे थे। उनके पास डस्टबिन भी नहीं थी, जिसके चलते 20 से अधिक रेहड़ी वालों पर भी 100.100 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## इंटरनेशनल कंपनियों को लाने के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

### मेडिकल डिवाइस पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में विकसित होने वाले उत्तर भारत के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क एमडीपी में आने वाली कंपनियों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलेंगी। इस योजना में आवेदन करने की तिथि 7 जुलाई कर दी गई है। पहले 22 जून तक आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। इसके लिए पार्क में 13 कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे।

यहां आने वाली कंपनियां इनका उपयोग कर सकेंगी। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इन सेंटरों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 100 करोड़ रुपये दिए हैं। यह पैसा इन्हीं सेंटरों के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क यमुना प्राधिकरण के सेक्टर.28 में बनेगा। यह पार्क 350 एकड़ में विकसित होगा। पहले चरण में 110 एकड़ में योजना लांच की गई है। इसमें 126 भूखंड हैं। इसमें 1000 वर्ग मीटर से लेकर 4000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। योजना की अंतिम तिथि 22 जून था।

अब 7 जुलाई तक आवेदन किय जाएगा। इस योजना में मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क में आने वाली कंपनियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके लिए 13 फैसिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे। ये फैसिलिटी सेंटर 92648 वर्ग फ ीट में बनाए जाएंगे। इन पर करीब 106 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से करीब 80 करोड़ रुपये सेंटर में लगने वाले उपकरणों पर खर्च किए जाएंगे। यहां आने वाली कंपनियों को हर सुविधा मिलेगी।


### सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनोद कुमार/ प्रीति सिंह और सुरंती/ LBNOD00004194722 | विला नंबर 7, टाइप-ए, महागुन मीडोज़ ब्लॉक यॉर्कस्, सेक्टर-150, टॉवर लंकाशायर स्ट्रीट, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश/ 21 जून, 2022 | अगस्त 16, 2021 ₹ 2,07,62,559/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | विनोद कुमार/ प्रीति/ LBNOD00003101385 | फ्लैट नंबर-2621, 26वीं मंजिल, ब्लॉक- फेरारा, महागुन मेज़ारिया, प्लॉट नंबर जीएच 01/ सेक्टर-78, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 21 जून, 2022 | अगस्त 16, 2021 ₹ 91,69,300/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | नरिंदर सेठी/ रजनी सेठी/ भानु सेठी/ LBDEL00003702443/ LBDEL00003793030/ LBDEL00005324906 | कॉटेज नंबर-22, प्लॉट नंबर -4, नगर पालिका नंबर -1, राम किशोर रोड सिविल लाइन, दिल्ली-110054./ 20 जून, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 84,75,053/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | किरण बंसल/ वी केयर रियल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड/ योगेश बंसल/ लोकेश बंसल/ LBDEL00002138920 | फ्लैट नंबर:-182, तीसरी मंज़िल, भारत अपार्टमेंट डीडीए एचआईजी, भारत सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 20, सेक्टर 13 रोहिणी, दिल्ली/ 20 जून, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 60,88,583/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | बृज मोहन/ तारा शर्मा/ LBDEL00005263086/ LBDEL00005263087 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर- 3-सी, दूसरी मंज़िल, ब्लॉक- जीजी -2, पॉकेट -2, विकास पुरी, दिल्ली: - 110018/ 20 जून, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 32,19,424/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जून 23, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## कविनगर ई-ब्लॉक से निगम के स्टील के पोल चोरी

**गाजियाबाद।** निगम की एक और कारगुजारी सामने आई है। निगम के कविनगर ई.ब्लॉक स्थित पार्क से करीब आधा दर्जन स्टील के पोल चोरी हो गए। नगर निगम के उद्यान विभाग के सीनियर अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है। इसके बाद भी इस मामले में कोई एफ आईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

माना जा रहा है कि इसकी खबर अभी नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर तक नहीं पहुंची है। नहीं तो इस मामले में कार्रवाई हो जाती। नगर निगम के उद्यान विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सूत्रों का दावा है कि नगर निगम के उद्यान विभाग कविनगर ई.ब्लॉक में प्रकाश की और अच्छी सुविधा स्थापित करने के लिए प्लान किया था। इस पार्क में आधा दर्जन नए स्टील के पोल लगाने का प्लान था। इसके लिए निगम ने एक कंपनी से यह पोल खरीदकर लगाने के लिए कविनगर ई.ब्लॉक पार्क में डाल दिए। जब नगर निगम की टीम इन पोल को वहां स्थापित करने के लिए पहुंची तो पहा चला कि वहां स्टील के पोल है ही नहीं।

## यूपी रेरा ने किए तीन प्रोजेक्ट रद्द, बैंक खाते सीज

### अंतरिक्ष बिल्डर पर गिरी गाज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण में अंतरिक्ष बिल्डर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अंतरिक्ष बिल्डर के गाजियाबाद में तीन हाउसिंग प्रोजेक्ट का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है।

इतना ही नहीं बिल्डर के बैंक खातों को सीज किया गया है। यूपी रेरा की वेबसाइट का उपयोग करने पर पाबंदी लगा दी है। बिल्डर ने पिछले 7 वर्षों के दौरान परियोजनाओं से जुड़ा आय.व्यय का ब्यौरा और बैलेंस भी पेश नहीं की हैं। फ्लैट खरीदारों की शिकायतों के जवाब प्रमोटर नहीं दे पाए हैं। अब यूपी रेरा तीनों प्रोजेक्ट का निर्माण खुद पूरा करवाएगा। यूपी रेरा के प्रवक्ता ने बताया कि रेरा अधिनियम की धारा.7 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गाजियाबाद में स्थित तीन परियोजनाओं अंतरिक्ष संस्कृति फेज.2ए अंतरिक्ष संस्कृति फेज-3 और रक्षा विज्ञान संस्कृति फेज-2 का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। इस कार्यवाही के तहत इनके प्रोमोटरों मेसर्स अंतरिक्ष रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड और रक्षा विज्ञान कर्मचारी सहकारी आवास समिति लिमिटेड को इन परियोजनाओं के लिए यूपी रेरा की वेबसाइट का प्रयोग करने से वंचित कर दिया गया है। प्रोमोटर को फ ोटो और नाम सहित डिफ ॉल्टर की लिस्ट में शामिल कर दिया है। इसकी सुचना अन्य राज्यों और संघीय राज्यों के रेरा कार्यालयों को प्रेषित की गई है।



परियोजना से जुड़े किसी भी प्रकार के लेन-देन को रोकने के लिए प्रमोटरों के बैंक खातों को भी फ्रीज करने का निर्णय लिया गया है। तीनों परियोजनाओं के शेष विकास कार्यों को पूर्ण करके आवंटियों को उनकी इकाई का कब्जा रेरा देगा। रेरा अधिनियम की धारा-8 के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण की सदस्य कल्पना मिश्रा की अध्यक्षता में एक परियोजना अनुश्रवण तथा परामर्शदात्री समिति पीएएमसी गठित कर दी गई है।


### सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभिलाषा शर्मा/ धीरज कुमार मिश्रा/ LBNOD00002267651 | फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वीं मंजिल, टावर-एफ, आदित्य अर्बन होम्स फेज-1ए, शाहपुर बम्हेट्टा, एनएच-24, गाजियाबाद/ 17 जून, 2022 | जनवरी 18, 2022/ रु. 21,06,755/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अभिलाषा शर्मा/ धीरज कुमार मिश्रा/ LBNOD00004906530 | फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वीं मंजिल, टावर-एफ, आदित्य अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेट्टा, एनएच-24, गाजियाबाद/ 17 जून, 2022 | जनवरी 18, 2022/ रु. 1,52,186/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | गायत्री यादव/ रामानन्द/ LBGHZ00005052082/ LBGHZ00005052088 | प्लॉट नंबर 475, मंजिल 1, (छत के अधिकार के बिना), शक्ति खंड 3, इंदिरापुरम, जीडी गोयनका स्कूल के पास गाजियाबाद 201001, उत्तर प्रदेश/ 17 जून, 2022 | जनवरी 18, 2022/ रु. 35,60,416/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | शंकर कुमार ठाकुर/ नवीना ठाकुर/ आकाश कुमार/ LBDEL00004329814 | फ्लैट नंबर- स्काइपर 04/1103, 11वीं मंजिल, टावर 4, देविका स्काइपर्स, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद/ 17 जून, 2022 | अक्टूबर 16, 2021/ रु. 23,48,908/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | विजय कुमार/ पिंकी/ LBGUR00004912798 | फ्लैट नंबर-जी-1207, 12वीं मंजिल, टाइप-एफ, टावर-7, ब्लॉक-जी, वी वीआईपी पता, खसरा नंबर- 1119, 1120, 1125, 1126, 1146, 1147, और 1117, गांव नूर के क्षेत्र में स्थित नगर और भूमि पर खगसरा नंबर 853, 854, 855 और 856, ग्राम सद्दीक नगर, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच -24, गाजियाबाद/ 17 जून, 2022 | अक्टूबर 16, 2021/ रु. 22,34,559/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | अर्जुन सिंह तोमर/ मोहन सिंह/ LBGHZ00004184364 | दुकान संख्या एफएफ/32, पहली मंजिल, वेव गैलेरिया, सेक्टर 3, वेव सिटी एनएच-24, ग्राम नायफल परगना तहसील और जिला, गाजियाबाद/ 17 जून, 2022 | अक्टूबर 16, 2021/ रु. 14,37,310/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | मोहम्मद नदीम/निदा/ LBDEL00002366549 | फ्लैट नंबर- 307, तीसरी मंजिल, आदित्य सिटी/ वेव सिटी, टॉवर- एच, आदित्य अर्बन होम्स, गांव शाहपुर भामेता डासना, गाजियाबाद/17 जून, 2022 | अक्टूबर 16, 2021/ रु. 14,16,583/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | अमित आर्य/दीपिका आर्य/ अभिषेक आर्य/ वासु ट्रेडिंग कंपनी/ मधु आर्य LBGUR00002349577/ LBGUR00002351746 | फ्लैट नंबर ए-1901, 19वीं मंजिल, द एज टावर्स, सेक्टर 37डी, गुड़गांव/ 17 जून, 2022 | सितम्बर 29, 2018/ रु. 1,80,03,683/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | अमित आर्य/दीपिका आर्य/ अभिषेक आर्य/ वासु ट्रेडिंग कंपनी/ मधु आर्य LBGUR00002349574 | फ्लैट नंबर बी-1903, 19वीं मंजिल, द एज टावर्स, सेक्टर 37डी, गुड़गांव/ 17 जून, 2022 | सितम्बर 29, 2018/ रु. 1,77,97,433/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | राज नारायण सिंह/ नीरज कुमारी/ LBDEL00001626294 | फ्लैट नंबर 436, सेक्टर-17एच, तीसरी मंजिल (छत के अधिकार के बिना) वसुंधरा, गाजियाबाद/ 17 जून, 2022 | अक्टूबर 16, 2021/ रु. 6,54,409/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | दिलीप कुमार ठाकुर/ पुष्पा ठाकुर/ LBDEL00000803932/ LBGUR00001398836 | फ्लैट नंबर- 304, एसएफ (रियर एलएचएस), प्लॉट नंबर 148, सेक्टर- 4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/17 जून, 2022 | जनवरी 19, 2022/ रु. 3,89,663/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जून 23, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## गाजियाबाद व नोएडा में 24 घंटे में कोरोना के 203 केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर नोएडा में कोरोना फिर से पैर पसारने लगा है। गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के अंदर 78 और गौतमबुद्ध नगर में 125 नए केस मिले हैं। दिल्ली में भी लगातार केस बढ़ रहे हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है।

गाजियाबाद में 78 नए केस में बच्चों की संख्या 11 है। यहां अब कुल एक्टिव केस 342 हो गए हैं। इसमें 9 संक्रमित मरीजों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है और बाकी मरीज होम आइसोलेटेड हैं। गाजियाबाद में पिछले साल जून में कोरोना के 324 मामले सामने आए थे, जो इस बार 22 जून तक पुराने आंकड़े को पार करके 660 तक पहुंच चुके हैं। पिछले 24 घंटे में संक्रमण दर डेढ़ फीसदी को पार कर गई है।

नोएडा में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमित 125 नए मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 606 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, बीते 6 दिन में यहां कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या दोगुनी तक पहुंच गई है।

## अबोध बच्ची के अपहरणकर्ता का स्कैच

**गाजियाबाद।** विजयनगर पुलिस ने उस संदिग्ध अपहरणकर्ता का स्कैच जारी किया है, जिसपर अकबरपुर-बहरामपुर निवासी आबिद खान की चार वर्षीय पुत्री के अपहरण करने का शक है। इस संदर्भ में एसएचओ विजयनगर ने बताया कि आबिद खाने ने लगभग आठ माह पूर्व एक नवंबर 2021 को तहरीर दी थी।

तहरीर में उसने बताया था कि चार वर्षीय पुत्री का अपहरण उस समय कर लिया, जब वो शनि बाजार के पास स्थित मस्जिद के पास खेल रही थी। सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की कई टीम बच्ची को बरामद करने में जुटी हुई हैं।



दुष्कर्म के आरेपी को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस।

## अवैध हुक्का बार पर गिरी गाज, सात गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाने से चंद कदम दूर वसुंधरा सेक्टर 10 में अवैध रूप से हुक्का बार चल रहा था। पुलिस ने छापा मारकर हुक्का बार में से करीब सात लोगों को गिरफ्तार किया।

यह बार बिना किसी नाम के चल रहा था। इस बारे में स्थानीय लोगों के कई बार शिकायत करने के बाद अब कार्रवाई की गई है। हुक्का बार का संचालक पार्टी कराने के नाम पर युवाओं को बुलाता था। पार्टी की तारीख सोशल मीडिया द्वारा बताई जाती थी। कई बार युवाओं द्वारा फोन पर भी हुक्का बार खुलने और बंद होने का समय पूछा जाता था। साथ ही पुलिस ने तमाकू, हुक्का, पाइप आदि सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि आसपास के निवासी हुक्का बार में पार्टी करने आए युवाओं की गाड़ियों से भी परेशान हैं।

## जासूसी केस: सवालों के घेरे में दो थानों की पुलिस

### एडीसीपी विशाल पांडे करेंगे पूरे मामले की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में रहने वाले 2 चीनी घुसपैठियों को पुलिस ने दबोचा है। इनको ग्रेटर नोएडा के गेस्ट हाउस में रखने वाले चीनी जासूस को भी जेल भेज दिया गया है। इस मामले में इंटेलिजेंस यूनिट के बाद अब थाने की पुलिस की भी भूमिका संदिग्ध लग रही है। इस मामले में अब ग्रेटर नोएडा की डीपीसी मीनाक्षी कात्यायन ने जांच के आदेश दिए हैं।

ईकोटेक वन और बीटा-2 कोतवाली के बीट सिपाही, हलका इंचार्ज और थानेदार की भूमिका की जांच की जा रही है। यह जांच एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे को सौंपी गई है। ग्रेटर नोएडा के घरबरा में एक गेस्ट हाउस चल रहा था। जिसमें चीनी जासूस सु फाइ चीनी नागरिकों को रखता था। इसमें इंटेलिजेंस यूनिट की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। यहां पर भारी मात्रा में विदेशी युवक और युवती रहते थे और इस बात का इंटेलिजेंस यूनिट को पता भी नहीं था। इससे भी बड़ी बात यह है कि चीनी जासूस पिछले 4 सालों से ग्रेटर नोएडा में अवैध दस्तावेज के आधार पर रह रहा था और इस बात की इंटेलिजेंस यूनिट को भनक तक नहीं थी। अब इस मामले में ईकोटेक.1 और बीटा.2 कोतवाली में तैनात बीट सिपाही, हलका इंचार्ज और थानेदार की भूमिका की जांच की जा रही है। इन सभी की भूमिका इस मामले में संदिग्ध लग रही है।



थाने की पुलिस पेट्रोलिंग करती है, कौन से गेस्ट हाउस में क्या हो रहा है और किसके नाम पर है। इस सभी बात की जानकारी थाने स्तर की पुलिस को होती है। उनके बावजूद भी थाने की पुलिस को इस गेस्ट हाउस के बारे में क्यों नहीं पता था। बल्कि थाने की पुलिस को अपने इलाके की हर गतिविधियों के बारे में मालूम होना चाहिए और ऐसा होता भी है, लेकिन ग्रेटर नोएडा में इतना बड़ा खेल हो रहा था और पुलिस को इस बारे में पता नहीं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ी

## कोविड-19 : एक पखवाड़े में, संक्रमितों की संख्या दो गुना से अधिक बढ़ गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के मामले बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में भर्ती होने वाले संक्रमितों की संख्या में मामूली बढ़ोत्तरी हुई है।

डॉक्टरों का कहना है कि जो मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं, उनमें से ज्यादातर मरीज पहले से किसी और बीमारी से पीड़ित हैं। दिल्ली सरकार के कोरोना ऐप के मुताबिक, कोविड के मरीजों के लिए आरक्षित 9491 बिस्तरों में से सिर्फ 263 (2.77 प्रतिशत) पर ही संक्रमित भर्ती हैं जबकि वेंटिलेटर वाले 1,178 आईसीयू बिस्तरों में से 24 पर मरीज भर्ती हैं। 15 जून को 182 (1.9 प्रतिशत) मरीज अस्पतालों में भर्ती थे जबकि आठ जून को यह संख्या 85 (0.88 फीसदी) थी।

एक पखवाड़े में, अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या दो गुना से अधिक बढ़ गई है। होली फैमिली हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ सुमित रे ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है जबकि आईसीयू रोगियों की संख्या स्थिर बनी हुई है।उनके यहां दो मरीज वेंटिलेटर पर हैं। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है लेकिन सिर्फ एक मरीज को ऑक्सीजन की जरूरत है जबकि दूसरा वेंटिलेटर पर है और उसे पहले से ही दूसरी गंभीर बीमारी है।

डॉ रे से सहमति व्यक्त करते हुए गुरुतेग बहादुर अस्पताल के मेडिकल निदेशक डॉ सुभाष गिरी ने कहा कि बुखार क्लिनिक में कोविड-19 के संदिग्ध रोगियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है और राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण दर में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा, दो हफ्ते पहले, कोविड वार्ड में कुल दो मरीज थे और वे भी संयोग से थे, क्योंकि उन्हें कोई और बीमारी थी और जांच में उनके कोविड से संक्रमित होने का पता चला। फिलहाल, हमारे अस्पताल में करीब 14 मरीज हैं। डॉ गिरी ने कहा कि दो मरीज़ों को छोड़कर अन्य रोगी किसी और बीमारी की वजह से भर्ती हुए थे और उनमें कोरोना वायरस के संक्रमण का बाद में पता चला। कुछ को गंभीर संक्रमण है और चंद मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। उन्हें पहले से कोई अन्य गंभीर बीमारी है। वरिष्ठ डॉक्टर ने यह भी कहा कि जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है या आंशिक रूप से टीकाकरण हुआ है, उन्हें गंभीर बीमारी हो रही है और ज्यादातर मरीज ग्रामीण इलाकों से आते हैं जहां इसके बारे में ज्यादा जागरूकता नहीं है।

उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने और टीका लगवाने का आग्रह किया। रे ने कहा कि उनके यहां संक्रमित बच्चे भी भर्ती हैं। कुछ लोगों को पेट संबंधी परेशानी है। कुछ युवा मरीज हैं जिन्हें कोविड के कारण खांसी से ज्यादा बुखार, अतिसार और उल्टियां हो रही हैं। कुछ बच्चे भी भर्ती हैं। वे इसलिए भर्ती नहीं हैं कि उन्हें ऑक्सीजन की जरूरत है बल्कि निर्जलीकरण की वजह से भर्ती हैं। बुजुर्गों को भी यही परेशानी है।




### *928 नए मामले, तीन और मरीजों की मौत*

*नई दिल्ली। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 928 नए मामले सामने आए हैं और संक्रमण दर 7.08 प्रतिशत दर्ज की गई है।*

*वहीं संक्रमण से तीन और मरीजों की मौत हो गई है। यह जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को साझा किए गए आंकडे से मिली। विभाग ने कहा कि संक्रमण का पता लगाने के लिए मंगलवार को कुल 13,099 जांच की गई थी। इन नए मामलों के साथ, दिल्ली में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 19,24,532 हो गई है, जबकि मृतक संख्या 26,239 हो गई है। मंगलवार को 1,383 नए मामले दर्ज किए गए थे जबकि और एक मरीज की मृत्यु हुई थी।*

## छह माह में 18 प्रतिशत परिवार फिर संक्रमित

**नई दिल्ली।** एक तरफ राजधानी में कोविड फिर से पैर पसार रहा है वहीं दूसरी तरफ लोगों के फिर से लोगों की संक्रमित होने की बात चिंता का सबब बनीं हुई है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने दावा किया है उसके सर्वे में शामिल 18 प्रतिशत परिवार के एक या अधिक सदस्य छह महीने बाद फिर से कोरोना पॉजिटिव हो गए। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेताया है कि सावधानी बरतने की जरूतर है, बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहने ।एनजीओ द्वारा कोविड-19 संक्रमण के प्रसार को समझने के लिए यह सर्वेक्षण किया गया। दिल्ली में बीते कुछ दिनों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखने को मिली है। एनजीओ लोकलसर्कल्स ने कहा कि अपने सर्वेक्षण में उसे भारत के कई जिलों के नागरिकों से 35,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं मिलीं। उसके मुताबिक उत्तरदाताओं में 67 प्रतिशत पुरुष थे, जबकि 33 प्रतिशत महिलाएं थीं। उसने बताया कि 42 प्रतिशत उत्तरदाता मेट्रो या टियर-। जिलों से, 35 प्रतिशत टियर-2 से, जबकि 23 प्रतिशत टियर -3 और टियर-4 तथा



ग्रामीण जिलों से थे। एनजीओ ने कहा कि सर्वेक्षण में नागरिकों से पहला सवाल पूछा गया, आपके परिवार में (स्वयं सहित) कितने व्यक्ति हैं जो पिछले 180 दिनों में दो बार कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं?

# मुख्यमंत्री कार्यालय के उप सचिव और दो एसडीएम को किया निलंबित

- एलजी ने एक आईएएस और 2 पीसीएस अधिकारियों पर की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए तीन अधिकारियों को निलंबित का दिया है। इसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कार्यालय के उप सचिव भी शामिल है। एलजी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए एक आईएएस अधिकारी और 2 पीसीएस अधिकारियों को निलंबित किया जिसमें बिहार के एसडीएम हर्ष जैन विवेक विहार के एसडीएम देवेंद्र शर्मा और सीएमओ के उप सचिव प्रकाश ठाकुर शामिल है।

सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई उपराज्यपाल सक्सेना की भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को इंगित करती है और सरकार में ईमानदारी सुनिश्चित करने की कोशिश है। उप राज्यपाल ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण के दो सहायक इंजीनियरों को कालकाजी एक्सटेंशन में ईडब्ल्यूएस फ्लैट के निर्माण में खामी पाए जाने पर निलंबित कर दिया था।



### एफएसएल में रिक्त पदों को भरने का दिया निर्देश

*नई दिल्ली। रोहिणी स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में 20 हजार से ज्यादा मामले लंबित होने का संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बुधवार को निर्देश दिया कि समयबद्ध तरीके से मामलों के निपटारे के लिए रिक्त पदों को भरा जाए और तकनीक को अद्यतन किया जाए।*

*उपराज्यपाल ने एफएसएल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों के निपटारे के अनुमानित समय का उल्लेख करते हुए उनकी एक सूची तैयार करें और उपराज्यपाल को सौंपे। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कहा गया कि सक्सेना ने चेतावनी दी है कि वह स्वयं इसकी निगरानी करेंगे। सक्सेना ने निर्देश दिया कि लंबित मामलों को तीव्र गति से सुलझाने के लिए इसी प्रकार की एजेंसियों के सेवानिवृत्त तकनीकी कर्मियों को पुन: सेवा में लिया जा सकता है। उन्होंने 20 हजार से ज्यादा लंबित मामलों पर चिंता जताई।*

# राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान आज

- 190 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजेंद्र नगर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होगा। इस सीट पर 21 जगह बने 190 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों समेत कुल 14 उम्मीदवार इस उपचुनाव में अपनी किस्मत आजाम रहे हैं। इसमें 8 निर्दलीय व तीन अन्य पार्टियों के उम्मीदवार शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के 164698 लाख मतदाता हैं जिनमें 92221 पुरुष, 72473 महिला व 4 अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने के लिए 1000 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं जबकि सुरक्षा कर्मियों सहित 17 पीसीआर वैन भी तैनात रहेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी ताकि मतदान के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो।

**बुजुर्गों-महिलाओं को मिलेगी पिक एंड ड्रॉप की सुविधा:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ. रणबीर सिंह ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने और मतदान के बाद उन्हें घर तक छोड़ने के पिक एंड ड्रॉप की निशुल्क सुविधा मुहैया करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सुविधा के लिए ई-रिक्शा के इस्तेमाल का सुझाव दिया।



नुक्कड नाटक कर वोटरों को जागरूक करते कलाकार

### पूसा में बनाया गया मॉडल मतदान केंद्र

सीईओ सहित दूसरे अधिकारियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), पूसा स्थित मॉडल मतदान केंद्र का दौरा किया। यह मतदान केंद्र पर्यावरण अनुकूल हैं। सीईओ ने अन्य अधिकारियों के साथ दशघर में स्थित मतदान केंद्र समेत डीआई खान भारती स्कूल में सभी महिला मतदान केंद्रों का दौरा किया।

### क्रेच में बच्चों के लिए होंगे खिलौने

सीईओ ने क्रेच सुविधा का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए खिलौने मुहैया करवाएं ताकि मतदान में उन्हें सहूलियत हो सके। इसके साथ ही स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए अधिकारियों को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर मास्क, दस्ताने, थर्मल स्कैनर और सामाजिक दूरी सहित सभी एहतियाती उपायों का पालन करने का निर्देश दिया।

# निगम ने आईटीओ क्रबिस्तान के पास से हटाया अतिक्रमण

- हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुई कार्रवाई, लगभग 50 पक्के निर्माणों को किया ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एक बार फिर से अवैध कब्जों और अतिक्रमण पर दिल्ली नगर निगम का चलने लगा है। निगम ने बुधवार को आईटीओ स्थित कब्रिस्तान के पास अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया। कोर्ट के आदेश पर एमसीडी ने यह कार्रवाई की है।

दिल्ली नगर निगम के अनुसार, उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अभियान चलाकर आइटीओ इलाके में टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग के पीछे वाली सड़क घेरकर बनाए गए पक्के निर्माणों को ध्वस्त किया गया। अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्रवाई में निगम द्वारा 3 जेसीबी मशीनों, 5 ट्रकों एवं कार्यबल के द्वारा सड़क घेर कर बनाए गए लगभग 50 पक्के निर्माणों दुकान, गोदाम, ऑफिस, चाय की दुकानों इत्यादि को ढहा दिया। इस कार्रवाई में लगभग 1800 वर्गमीटर सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त किया गया। निगम के अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई से पहले अतिक्रमण करने वालों को स्वामित्व साबित करने वाले दस्तावेज पेश करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू हो गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए यह दो दिवसीय कार्रवाई बनाई गई है, इसलिए यह बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान अस्थाई और स्थाई अवैध ढांचों, झोंपड़ियों आदि को ध्वस्त किया जाएगा। यह अभियान टाइम्स ऑफ इंडिया इमारत और आईटीओ कब्रिस्तान के पीछे की गलियों में चलाया जा रहा है।



फोटोः रंजन डिमरी

### दिल्ली में 53 मंदिरों को गिराना चाहता है केंद्र

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि भाजपा-नीत केन्द्र सरकार दिल्ली के 53 मंदिरों को गिराना चाहती है। इसके साथ ही, आप ने भाजपा पर हिन्दू-विरोधी होने का आरोप भी लगाया।

पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि केन्द्र ने दिल्ली सरकार को मंदिरों की सूची भेजकर उन्हें गिराने के लिए धार्मिक समिति की मंजूरी मांगी है। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा नेता देशभर में धर्म रक्षा के नाम पर नाटक करते हैं, हिंसा करवाते हैं और घृणा फैलाते हैं। लेकिन यहां दिल्ली में नरेंद्र मोदी-नीत सरकार 53 मंदिरों को गिराने की योजना बना रही है।

# डीयू की परीक्षा से वंचित छात्र फिर से दे सकेंगे पेपर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना महामारी के चलते मई-जून में परीक्षा नहीं दे पाने वाले छात्रों को दिल्ली विश्वविद्यालय ने राहत दी है। नए आदेश में डीयू ने घोषणा की है कि स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए फिर से परीक्षाएं (इंटरनल एग्जाम) आयोजित करेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, इन परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 29 जून से शुरू होगी।

विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की थी। करीब दो साल बाद पहली बार विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं को परिसर में (ऑफलाइन मोड) लिया था। हालांकि, कुछ छात्र कोविड-19 सहित अन्य कई कारणों के चलते परीक्षा नहीं दे पाए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के डीन डी. एस. रावत ने कहा, करीब 97 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षाएं दी थीं। केवल कुछ ही छात्र विभिन्न कारणों के चलते परीक्षा नहीं दे पाए थे। परीक्षा कार्यकारी समूह ने उनके लिए फिर से परीक्षाएं कराने का निर्णय किया है।

### ईडब्ल्यूएस दाखिलों के बाद विश्वविद्यालय में बढ़ेंगे पद

**नई दिल्ली।** आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) का आरक्षण लागू होने के बाद जहां दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों की संख्या में इजाफा हुआ है वहीं पदों की संख्या जस की तस बनी हुई थी। अब डीयू ने अपने कॉलेजों से पूछा है कि उन्हें अभी कितने शिक्षकों और गैर शिक्षकों की जरूरत है। डीयू में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण से छात्रों के लिए सीट संख्या में इजाफा हुआ है। प्रवेश में ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण 2019 में लागू किया गया था। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात प्रभावित हुआ है । कर्मचारियों की संख्या के बारे में बताएं। कॉलेजों को 24 जून तक आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा है।

# '22 जुलाई का दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित हो'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 22 जुलाई का दिन भारतीय ध्वज दिवस के रूप में घोषित करने की मांग की है। उन्होंने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश के स्वतंत्र अस्तित्व, स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के त्याग-बलिदान, सत्य और शांति के प्रति प्रतिबद्धता, देशवासियों की आकांक्षाओं का और सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा का एक सर्वाधिक पवित्र प्रतीक है।

शील मधुर ने बुधवार को कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को अपने वर्तमान स्वरूप और विशिष्ट मानदंडों के रूप में अस्तित्व में आया था, जिसे स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में भारत की संविधान सभा ने स्वीकार किया था और मान्यता दी थी। इसलिए 22 जुलाई का दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में घोषित किया जाना सबसे उपयुक्त होगा। उन्होंने कहा



कि आजादी के 75 सालों के बाद भी हम अपने देश में अब तक राष्ट्रीय ध्वज दिवस निर्धारित करने में विफल रहे हैं, जो सभी देश-प्रेमियों के लिए बहुत पीड़ादायक है। यह एक उचित अवसर है कि इस साल जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तब ऐसे में हम अपनी पुरानी ऐतिहासिक गलती को सुधार कर 22 जुलाई का दिन भारतीय राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कार्य करने के लिए देशवासियों को प्रेरित करता है और देश की एकता और सामाजिक समरसता कोअधिक मजबूत बनाता है।

# बड़ी संख्या में मतदान कर पेश करें मिशाल : सीईओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने राजेंद्र नगर निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बड़ी संख्या में वोट डालना चाहिए। उन्होंने इलाके के मतदाताओं से बड़ी में घरों से बाहर निकल कर मतदान कर देश के सामने मिशाल पेश करने का अनुरोध किया है। साथ ही उनसे कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने और वोट डालते समय मास्क पहनने को कहा। डॉ. सिंह ने सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर आने से पहले अपनी पंजीकरण पर्ची की जांच करने और मतदाता सहायता गाइड पढ़ने की सलाह दी है। अगर



किसी मतदाता को मतदाता पर्ची नहीं मिजी है तो वह 1950 या मतदाता हेल्पलाइन ऐप पर कॉल करके मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में मौजूद है तो वे बूथ पर आकर मतदान कर सकते है।

### एनडीएमसी में केजरीवाल की सीट रिक्त घोषित करने का प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी सदस्य कुलजीत चहल ने बिना अनुमति के लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने का हवाला देते हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद मेंमुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीट को रिक्त घोषित करने को लेकर प्रस्ताव पेश किया। नगर निकाय की परिषद की बैठक के दौरान यह प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव के मुताबिक, एनडीएमसी अधिनियम के अनुसार, यदि लगातार तीन महीनों के दौरान, कोई सदस्य बिना पूर्व अनुमति के सभी बैठकों से अनुपस्थित रहता है, तो परिषद केंद्र सरकार को सिफारिश कर सकती है कि ऐसे सदस्य की सीट रिक्त घोषित की जाए। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक होने के कारण केजरीवाल नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य हैं।

# डेनमार्क की तर्ज पर सहेजा जाएगा वर्षा जल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार बारिश के पानी को सहेज कर रखेगी। इसके लिए जलभराव की समस्या से निपटने और शहर को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से 15 जुलाई तक वर्षा जल संचयन के लिए 1,500 से अधिक नए गड्ढे तैयार कर किए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि वर्षा जल एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है और दिल्ली जैसे शहर के लिए इसे सहेजकर रखना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। वह ग्राउंड वाटर को रिचार्ज कर भूजल स्तर बढ़ाना चाहते हैं, ताकि बाद में उसका इस्तेमाल किया जा सके। मनीष सिसोदिया ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व नए बनाए जा रहे रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में विभिन्न नोडल एजेंसीज साथ मिलकर 1548 नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स बना रही है, जिसके बाद इनकी संख्या बढ़कर 2475 हो जाएगी। बारिश के पानी को बेकार बहने देने से रोककर इन पिट्स को भरने का काम किया जाएगा जिसकी मदद से ग्राउंड वाटर रिचार्ज कर पाएंगे और बरसात में व्यर्थ बहने वाले लाखों लीटर पानी का भंडारण किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल एजेंसीज को रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स बनाने के काम को तेजी से पूरा करने की बात कही ताकि मानसून के दौरान इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सकें।

दरअसाल दिल्ली सरकार दिल्ली को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है। इस बाबत पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री ने डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वैन से मुलाकात की थी और डेनमार्क के वर्षा जल संरक्षण मॉडल को समझा था। इस दौरान स्वैन ने बताया था कि कैसे वर्षा जल को संरक्षित कर डेनमार्क ने स्वयं को पानी के लिए आत्मनिर्भर बनाया है। दिल्ली सरकार डेनमार्क के उन मॉडलो को यहां भी अपनाने का विचार कर रही है।



### कैसे काम करते हैं रेन वाटर हार्वेस्टिंग गड्ढे

रेन वाटर हार्वेस्टिंग गड्ढे की कार्यप्रणाली बहुत सामान्य होती है जिसमें जमीन पर सोखता गड्ढे बनाए जाते हैं। बरसात के दौरान बारिश के पानी को इन गड्ढों के माध्यम से एकत्र किया जाता है। यह पानी जमीन के अंदर धीरे-धीरे चला जाता है जिससे भूजल का स्तर बढ़ता है। जिस तेजी से भूजल स्तर कम होता जा रहा है, उसे देखते हुए वर्तमान में जल संरक्षण के ऐसे उपाय बेहद महत्वपूर्ण हो चुके है।

# भाजपा कार्यालय में मनाई सोहना नगर परिषद की जीत की खुशी

## जिला अध्यक्ष समेत अनेक पदाधिकारियों के साथ मनाया जश्न



सोहना में भाजपा की जीत पर जिला अध्यक्ष के साथ खुशी मनाते सुंदर लाल सरपंच व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** परिषद सोहना में चेयरमैन पद पर भाजपा की जीत की खुशी में भाजपा जिला कार्यालय जश्न मनाया गया। वहां मौजूद जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ को पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय पहुंचकर बुके देकर स्वागत व बधाई दी और मिठाई खिलाई। इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी भी वहां उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार मजबूत होती जा रही है। निकाय चुनावों में जनता ने भाजपा की केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की नीतियों से खुश होकर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाया है। भाजपा का यह विजय रथ थमने वाला नहीं है। भविष्य में होने वाले चुनावों में भी भाजपा इसी तरह से मजबूत होगी।

इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल यादव ने बताया कि सोहना में चेयरमैन पद की भाजपा प्रत्याशी ने 12185 वोट हासिल करके 1864 वोटों से जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 46 निकायों में से 25 पर भाजपा-जजपा का कब्जा हो गया है। आधी से ज्यादा सीटों पर भाजपा-जजपा के चेयरमैन बने हैं। इन चुनावों में बनी तस्वीर आगे के चुनावों में और गहरे रंग भरने का काम करेगी। मतदाताओं ने भाजपा-जजपा प्रत्याशियों के लिए खुलकर वोट डाला और विकास की गंगा बहाने का रास्ता साफ किया। सुंदर लाल यादव ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की रणनीति का बेहतर परिणाम यह नतीजे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में हुए समान विकास, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य नेताओं की रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा ने मजबूती से चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में होने वाले चुनावों के लिए ये निकाय चुनाव निर्णायक साबित होंगे। पंचायत चुनावों में भी इसी तरह से भाजपा के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। भाजपा कार्यालय में जीत का जश्न मनाने के समय जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, जिला सचिव प्रदीप जेलदार, नीरज पार्षद, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, प्रदीप सरपंच, लखन सरपंच, सरपंच दयाराम, चेयरमैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# भाजपा सरकार की नीतियों का मिला चुनाव में लाभ

## नवीन गोयल के नेतृत्व में मनीष जैन ने फिरोजपुर झिरका सीट जीती

**गुरुग्राम।** फिरोजपुर झिरका नगर पालिका के चुनाव में प्रभारी नवीन गोयल के नेतृत्व में चेयरमैन पद के भाजपा प्रत्याशी मनीष जैन ने जीत दर्ज की है। नवीन गोयल ने सादगी से इस जीत का श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनहित की नीतियों, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की बेहतर चुनाव प्रबंधन व रणनीति को दिया है।

नवीन गोयल ने कहा कि इस जीत पर खुशी जाहिर करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भाजपा-जजपा ने नगर परिषद की 11 सीटें (10+1) और नगर पालिका की 14 सीटें (12+2) पर जीत दर्ज की है। फिरोजपुर झिरका में चुनाव प्रभारी रहे नवीन गोयल ने बताया कि यह चुनाव उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में हिन्दुओं के साथ मुस्लिमों मतदाताओं की भी अच्छी-खासी संख्या है। हर वर्ग, हर समुदाय ने भाजपा की नीतियों में विश्वास करके मतदान किया। जनता और कार्यकर्ताओं का आभार करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि मेवात के लोगों ने भाजपा के हर कार्यकर्ता को सिर-आंखों पर बिठाया। नवीन गोयल ने कहा कि मनीष जैन के साथ प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, मंडल अध्यक्ष रमेश गर्ग, पूर्व विधायक नसीम अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र आर्य, सुनील जैन समेत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का यह परिणाम है।

## संक्षिप्त-समाचार

### वार्ड-15 में आज विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम



**गुरुग्राम।** विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम 23 जून गुरुवार को वार्ड-15 स्थित सेक्टर-4 के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया जाएगा। इसमें गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला जनसमस्याएं सुनेंगे। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लगने वाले इस जनता चौपाल कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति पहुंचकर समस्याएं विधायक के समक्ष रख सकते हैं। उनका मौके पर या कम समय में समाधान करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। विधायक सुधीर सिंगला के मीडिया कोर्डिनेटर अमित गोयल ने बताया कि जनता की बहुत सी समस्याएं होती हैं, जो कि अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती। जो पहुंच जाती हैं उनका समाधान करने में लापरवाही बरती जाती है। ऐसे में लोग परेशान होते रहते हैं। लोगों की इस तरह की परेशानियों को दूर करने के लिए ही विधायक सुधीर सिंगला की ओर से विधायक आपके द्वार जनता चौपाल कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। अलग-अलग स्थानों पर गुरुग्राम विधानसभा में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री गोयल ने गुरुग्राम विस के लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे, ताकि उनकी समस्याएं बिना देरी के दूर हो सके।

### झज्जर में भाजपा की जीत के सुत्रधार बने जीएल शर्मा



**गुरुग्राम।** झज्जर नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने सूत्रधार के रूप अपनी भूमिका निभाई। अहीरवाल के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह का चुनावी प्रबंधन भी जीएल शर्मा बखूबी निभाते रहे हैं। झज्जर और रोहतक के अलावा पार्टी ने जब भी जीएल शर्मा को दूसरे राज्यों में विधानसभा के लिए चुनावी जिम्मेदारी सौंपी, वे हमेशा खरा उतरे। असम का चुनाव हो, उत्तराखंड या गुजरात या हिमाचल प्रदेश का चुनाव, जिस विधानसभा में जीएल शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई, वहां जीत ही सुनिश्चित हुई है। स्थानीय नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने हॉट सीट मानी जा रही झज्जर नपा में जीएल शर्मा को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। झज्जर के साथ ही चरखी दादरी का पर्यवेयक्षक भी बनाया गया और सोहना में भी प्रचार का जिम्मा दिया। तीनों ही स्थानों पर भाजपा की प्रचंड जीत में कहीं न कहीं जीएल शर्मा की रणनीति ने बेहतर काम किया। झज्जर की जीत पार्टी के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का गृह जिला है। पार्टी ने उनके पुराने अनुभवों को देखते हुए झज्जर का किला फतह करने के लिए उन्हें चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी।

# चुनाव परिणाम के तुरन्त बाद वार्ड-20 में दो गुटों के बीच झगड़ा, आठ घायल

**सोहना।** चुनाव में रंजिश को लेकर वार्ड-20 के गांव सांप की नंगली में दो गुटों के बीच पथराव होने से 6 महिलाएं समेत दो युवक को चोटें आई। महिलाओं ने विरोधी गुट के लोगों पर झगड़े में कपड़ें फांड देने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुधवार को जैसे ही नगर परिषद चुनाव के परिणाम घोषित हुए। वैसे ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अपने-अपने घरों को जा रहे थे। चुनाव में दो गुटों के बीच हुई रंजिश के बीच हुआ पथराव में छह महिलाएं व दो युवकों को चोटें आई। जानकारी के अनुसा चुनाव जितने वाले गुट के लोग डीजे के साथ सोहना से अपने घर जा रहे थे। बीच रास्ते में झगड़ा हो गया। एक गुट के सदस्य मनोज ने आरोप लगाते हुए बताया कि दूसरे गुट के लोग डीजे के साथ चिल्लाते हुए आए और उनके घरों में घुस गए। झगड़ा करते हुए महिलाओं के बदनीयत से कपड़ें फांड दिए। वहीं दूसरे गुट के पंकज का कहना है कि जैसे ही वे लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए मूड़े थे। मनोज गुट के लोगों ने उनके ऊपर पथराव कर दिया। जिससे दोनों गुटों के बीच झगड़ा हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची शहर थाना से पुलिस ने दोनों गुटों को शांत किया। इस झगड़े में संगीता, कैलाश, माया, सरिता नवदीप, प्रिंस और दो अन्य महिलाओं को चोटें लगी। जिन्हे नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

## उपचार के दौरान 15 वर्षीय युवक मौत परिजनों ने मचाया हंगामा

**सोहना।** उपचार के दौरान 15 वर्षीय युवक मौत होने से पीड़ित परिजनों ने निजी अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों ने युवक के शव को अस्पताल परिसर रखते हुए गलत इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। जिसके शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को होगा।

बिहार मूल के निवासी उदय ने बताया कि वह सोहना की बांध कॉलोनी में किराए पर रहता है। उसके 15 वर्षीय बेटा रविन्द्र को मंगलवार की सुबह पैर में चोट लग गई थी। जिसका उपचार शहर निजी अस्पताल में कराने के लिए पहुंचे। डॉक्टर द्वारा लगाया इंजैक्शन से रविन्द्र पूरी रात घर पर चैन से सौ भी नहीं सका। बुधवार की सुबह रविन्द्र की घर पर ही मौत हो गई।

# गुरुग्राम के अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के चैस चैंपियन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** शतरंज संघ द्वारा अलग अलग आयु वर्ग में करवाई गई शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-13 वर्ग में गुरुग्राम के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्शप्रीत सिंह बने हरियाणा राज्य के विजेता। अर्शप्रीत सिंह ने अपराजित रहते हुए 7/7 अंकों से यह चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है।

दो दिन चलने वाली इस वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 जून को विबग्योर स्कूल, गुरुग्राम में किया गया और 21 जून को समापन हुआ। यह प्रतियोगिता 7 चक्रों में राउण्ड स्विस लीग आधार में खेली गई। इस प्रतियोगिता के आधार पर पॉन्डिचेरी में होने वाली अंडर-13 नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी अपने आयु वर्ग में अर्शप्रीत सिंह हरियाणा राज्य के विजेता थे। और इसी वर्ष मई के महीने में आयोजित हुई गुरुग्राम अंडर-13 ओपन चेस चैम्पियनशिप के विजेता भी अर्शप्रीत सिंह ही थे। इस मौके पर गुरुग्राम चैस एसोसिएशन के सचिव राजपाल चौहान और अर्शप्रीत के स्कूल की प्राचार्या प्रिंसिपल वीना गौर ने ट्रॉफी, 1500 रुपये नकद इनाम राशि और सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया।




शतरंज खिलाड़ी अर्शप्रीत सिंह को सम्मानित करती प्राचार्य।

# भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी बनी सोहना नप चेयरमैन



पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के चेयरमैन पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी ने आम आदमी पार्टी प्रत्याशी ललिता को 1864 मतों से करारी हार देते हुए जीत हासिल की। पार्षद के चुनाव में वेदकला शर्मा ने वार्ड-5 में पांचवीं बार जीत हासिल करते हुए इतिहास रचा, हरीश नंदा और राजकुमार गोयल ने दूसरी बार पार्षद बनें।

बुधवार को नगर परिषद चुनाव के आए परिणाम में परिषद को नई चेयरपर्सन के रूप में अंजू देवी मिल गई हैं। अंजू देवी ने भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ते हुए आम आदमी पार्टी प्रत्याशी ललिता को 1864 वोटों से हराया। तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी प्रीती बागड़ी रहीं। अंजू देवी को कुल 12185 वोट मिले। जबकि ललिता को 10321 वोट मिली। तीसरे नंबर पर निर्दलीच प्रत्याशी प्रीति बागड़ी को 3493 वोट मिली। बसपा प्रत्याशी माला देवी को 111 वोट मिली। इनेलो प्रत्याशी कविता सभ्रवाल को 758 वोट मिले। आम आदमी पार्टी ने 21 में से 8 वार्डों में पार्षद पद अपने प्रत्याशी उतारे थे। जिनमें से सात को हार का मुंह देखना पड़ा। वार्ड-एक से आम आदमी पार्टी की अंजू बाला एक मात्र पार्षद बनी हैं।

**पार्टी की एकता की जीत :** नगर परिषद की नई चेयरपरसन अंजू देवी ने जीत का श्रेय विधायक संजय सिंह, सूरजपाल अम्मू, जिला अध्यक्ष गारगी कक्कड, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़, पूर्व मंत्री पीयूस गोयल और प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल को दिया है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी आभार प्रकट किया। जीत का श्रेय भी पार्टी कार्यकर्ताओं को देते हुए सबका विकास एक समान की नीति से कार्य करने पर जोर दिया।

# क्यूब रूट्स फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 10 स्थानों पर योग सत्र आयोजित किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर क्यूब रूट्स फाउंडेशन ने देश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। योग सत्र का आयोजन जीवन में योग के महत्व के बारे में जागरुकता फैलाने और लोगों को इसे अपनी जीवन शैली के हिस्से के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। सत्र में क्यूब हाईवे के कर्मचारियों और उनके परिवारों ने भाग लिया और इन सत्रों में जीवन शैली में योग के महत्व के बारे में ज्ञान प्रदान करने के लिए योग विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था।



ये योग सत्र WUPTL (वेस्टर्न यूपी टोलवे लिमिटेड), JMTL (जयपुर महुआ टोलवे लिमिटेड), MBEL (महुआ भरतपुर एक्सप्रेसवे लिमिटेड), JLTL (झांसी ललितपुर टोलवे लिमिटेड), JVTL (झांसी विगाखेत टोलवे लिमिटेड), LRTL (लखनऊ रायबरेली टोलवे लिमिटेड), KMTL (परसोनी खेम टोल प्लाजा), DATRPL (दिल्ली-आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड), NDEPL (नेलामंगला देवीहल्ली एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड) और GAEPL (गाजियाबाद अलीगढ़ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड) में आयोजित किए गए थे। सत्र का आयोजन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच किया गया। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

अपनी विभिन्न सामाजिक पहलों में, कर्मचारियों और समुदायों के बीच एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना क्यूब रूट्स फाउंडेशन के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक रहा है। योग हजारों वर्षों से भारतीय जीवन शैली का हिस्सा रहा है। इसने देश के लोगों को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद की है। विभिन्न कारणों से देश के लोगों ने काफी समय से योग से दूरी बना ली थी। योग को आम लोगों तक वापस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक बेहतरीन पहल है।

क्यूब रूट्स फाउंडेशन कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। योग न केवल एक स्वस्थ शरीर को बनाए रखने में मदद करता है बल्कि एक स्वस्थ दिमाग भी रखता है। आधुनिक जीवन शैली में स्वस्थ रहने के लिए यह सही समाधान है।

# मूत्र असंयम क्या है?

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विश्व** महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, जो 20 जून से 26 जून तक चलने वाला एक वैश्विक कार्यक्रम है, डॉक्टर और मूत्र रोग विशेषज्ञ लोगों से समस्या को छिपाने और अनदेखा करने के बजाय मूत्राशय या आंत्र की कठिनाई होने पर पेशेवर मदद लेने का आग्रह कर रहे हैं। मूत्र असंयम मूत्र का रिसाव है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। बुजुर्गों में, विशेष रूप से नर्सिंग होम में यह चिकित्सा स्थिति आम है, लेकिन यह युवा वयस्क पुरुषों और महिलाओं को भी प्रभावित कर सकती है। मूत्र असंयम रोगी के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता दोनों को प्रभावित कर सकता है।



**मैं अपने असंयम को कैसे प्रबंधित कर सकता हूं : डॉ दर्शन शर्मा**

सकारात्मक जीवनशैली में बदलाव करने के साथ-साथ मूत्र निरंतरता को नियंत्रित करने के लिए शीघ्र उपचार शुरू करने से लोग स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। विश्व महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, जो 20 जून से 26 जून तक चलने वाला एक वैश्विक कार्यक्रम है, डॉक्टर और मूत्र रोग विशेषज्ञ लोगों को इस स्थिति के कारण शर्मिंदा होने के बजाय चिकित्सा सहायता लेने और अपने असंयम का प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। कभी-कभी, आप अपने दैनिक जीवन में परिवर्तन कर सकते हैं जो वास्तव में असंयम को प्रबंधित करने में आपकी सहायता कर सकते हैं। इन परिवर्तनों में अक्सर ऐसे व्यायाम शामिल होते हैं जो मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए किए जा सकते हैं जो कभी-कभी उम्र बढ़ने के कारण ढीले हो जाते हैं। आप एक स्वस्थ आहार का पालन करने पर भी काम कर सकते हैं जो मल त्याग को नियंत्रित करने में भी मदद करेगा। कुछ लोग इन परिवर्तनों को घर पर करने से सुधार देखते हैं और उन्हें अतिरिक्त उपचार की आवश्यकता नहीं होती है। असंयम उपचार के लिए इन घरेलू उपचार विकल्पों के बारे में अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें और चिकित्सक की सलाह के बिना इनमें से कोई भी शुरू करें। जीवनशैली में बदलाव, अकेले, स्थिति को पर्याप्त रूप से प्रबंधित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं और चिकित्सक इसके साथ कुछ दवाएं भी लिख सकते हैं।

# एडब्लूएस ने भारत में डीपरेसर स्टूडेंट लीग 2022 की घोषणा की

## भारत में उच्च शिक्षा के संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए मशीन लर्निंग के साथ प्रयोग करने व सीखने के आकर्षक अवसर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


**एमेजॉन** वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) ने भारत में एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग 2022 के लॉन्च की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग का परिचय देना और उन्हें टेक्नॉलॉजी में खोज करने की प्रेरणा देना है।

एडब्लूएस डीपरेसर एक इंटीग्रेटेड लर्निंग सिस्टम है, जो यूजर्स को रिइन्फोर्समेंट लर्निंग सीखने और ऑटोनोमस ड्राईविंग एप्लीकेशंस का निर्माण कर टेक्नॉलॉजी में प्रयोग करने एक मनोरंजक और दिलचस्प तरीका प्रदान करता है। यह 2021 में एडब्लूएस डीपरेसर वीमेंस लीग के बाद भारत में एडब्लूएस का विद्यार्थियों पर केंद्रित दूसरा अभियान है, और इंटेल, एडुस्किल्स फाउंडेशन, आईसीटी एकेडमी, और एडुवांटेज के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग 2022 18 साल से अधिक उम्र के उन सभी विद्यार्थियों के लिए खुली है, जो वर्तमान में भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत हैं। यह अभियान प्रतिभागियों को रिइनफोर्समेंट लर्निंग के बारे में सीखने में समर्थ बनाएगा - यह तकनीक मशीन लर्निंग के परिवेश में गेम पर आधारित दृष्टिकोण के साथ काम करती है।

प्रतिभागियों को संबंधित शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध होगी तथा रिइनफोर्समेंट लर्निंग के मॉडल में प्रशिक्षित होने व परीक्षण करने और वर्चुअल रेसिंग प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। जैसे-जैसे प्रतिभागी प्रतियोगिता में आगे बढ़ेंगे, उन्हें एडब्लूएस की सेवाओं, जैसे एमेजॉन सेजमेकर और एडब्लूएस रोबोमेकर के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलेगा। सुनील पीपी, लीड-एजुकेशन, स्पेस एवं नॉनप्रॉफिट्स, एमेजॉन इंटरनेट सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, एडब्लूएस में हमारा मानना है कि मशीन लर्निंग (एमएल) हमारी पीढ़ी में विकसित हुई सबसे ज्यादा परिवर्तनकारी टेक्नॉलॉजीज में से एक है। मशीन लर्निंग द्वारा प्रस्तुत परिवर्तनकारी अवसर का उपयोग करने के लिए मशीन लर्निंग में कुशल कार्यबल का निर्माण करना भारत के लिए जरूरी होगा। उन्होंने कहा, भारत सरकार की नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 पाठ्यक्रम में जिस जगह भी संदर्भित हो, वहां पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों को शामिल करने पर बल देती है, ताकि विद्यार्थी भविष्य के कार्यबल में शामिल होने और उसका नेतृत्व करने के लिए तैयार हो सकें। एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग ऐसा ही एक अभियान है, जो विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग की मौलिक समझ प्रदान करने तथा उन्हें और ज्यादा सीखने की प्रेरणा देने के लिए डिजाईन किया है। एडब्लूएस डीपरेसर स्टूडेंट लीग 23 मई, 2022 को शुरू होगा और इसमें तीन राउंड - प्रिलिमिनरी राउंड, सेमी-फाईनल राउंड और ग्रांड फिनाले होंगे।

# मूत्र असंयम के लिए जोखिम कारक : डॉ. अनिल वार्ष्णेय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**मूत्र** असंयम से जुड़े जोखिम कारकों की तलाश में होना चाहिए क्योंकि जल्दी पता लगाना समस्या को नियंत्रित करने और स्वस्थ जीवन जीने की कुंजी है।

विश्व महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, जो 20 जून से 26 जून तक चलने वाला एक वैश्विक कार्यक्रम है, डॉक्टर और मूत्र रोग विशेषज्ञ लोगों से समस्या को छिपाने और अनदेखा करने के बजाय मूत्राशय या आंत्र की कठिनाई होने पर पेशेवर मदद लेने का आग्रह कर रहे हैं। मूत्र असंयम के विकास के जोखिम को बढ़ाने वाले कुछ कारकों में शामिल हैं

**लिंग :** प्रसव या रजोनिवृत्ति के कारण महिलाओं में तनाव असंयम होने की संभावना अधिक होती है। हालांकि, जिन पुरुषों को प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्या है, उनमें अतिसक्रिय असंयम का खतरा बढ़ जाता है।

**आयु :** जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आपके मूत्राशय और मूत्रमार्ग की मांसपेशियां अपनी ताकत खोती जाती हैं। उम्र के साथ परिवर्तन आपके मूत्राशय की क्षमता को कम करते हैं और अनियंत्रित मूत्र के निकलने की संभावना को बढ़ाते हैं। अधिक वजन होने के नाते। अतिरिक्त वजन आपके मूत्राशय और आसपास की मांसपेशियों पर दबाव बढ़ाता है, जिससे मूत्र का रिसाव होता है।

**धूम्रपान :** तंबाकू का सेवन आपके मूत्र असंयम के जोखिम को बढ़ा सकता है।

**परिवार के इतिहास :** यदि परिवार के किसी करीबी सदस्य को मूत्र असंयम है, विशेष रूप से असंयम का आग्रह करते हैं, तो स्थिति विकसित होने का आपका जोखिम अधिक है।

**कुछ रोग :** न्यूरोलॉजिकल रोग या मधुमेह आपके असंयम के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। अनिल वार्ष्णेय ने कहा, आज की चिकित्सा प्रगति की मदद से, डॉक्टर सभी प्रकार के मूत्र असंयम के मामलों की देखभाल कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव और मूत्राशय पर नियंत्रण बहाल करने के लिए दवाओं सहित विभिन्न उपचार उपलब्ध हैं।

# अपने पहले एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के साथ कैनन इंडिया सर्वियलेंस समाधानों का वन-स्टॉप प्रदाता बना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**इनोवेशन** की खोज से प्रेरित अग्रणी इमेजिंग कंपनियों में से एक, कैनन इंडिया ने नई दिल्ली में अपना एक्सपीरियंस सेंटर खोला है, जहां पर वो अपने नेटवर्क वीडियो सर्वियलेंस (एनवीएस) व्यवसाय के तहत उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला का प्रदर्शन करेगा। इस लॉन्च के साथ कैनन का उद्देश्य एंड-टू-एंड सर्वियलेंस समाधान प्रदाता और सिस्टम्स इंटीग्रेटर बनना है, जो सीसीटीवी सर्वियलेंस, एक्सेस कंट्रोल, पब्लिक एड्रेसिंग, एवं वीडियो एनालिटिक्स में कंसलटैंसी व सेवाएं प्रदान करे और संपूर्ण नेटवर्किंग एवं सर्वियलेंस लाईफ साईकल का समाधान दे। भारत में एडवांस्ड वीडियो सॉल्यूशंस को मजबूत करने के लिए, कैनन उद्योग में सर्वियलेंस के क्षेत्र में काम करने वाले अग्रणी दिग्गजों - एक्सिस, माईलस्टोन, और बीसीडी को एक ही छत के नीचे लाया है, ताकि इसका एनवीएस उत्पाद पोर्टफोलियो और ज्यादा मजबूत बन सके।

नेटवर्क वीडियो सर्वियलेंस व्यवसाय के महत्व के बारे में, मानबु यामाजाक, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, कैनन इंडिया ने कहा, इस बात में कोई शक नहीं कि हम तेजी से डिजिटल और कनेक्टेड होती दुनिया में रह रहे हैं, जहां पर टेक्नॉलॉजी एवं डेटा आधारित इनोवेशन पर हमारी निर्भरता लगातार बढ़ रही है। यह देखना दिलचस्प है कि सर्वियलेंस किस प्रकार किसी संगठन या सेक्टर के डिजिटल परिवर्तन के सफर में अनिवार्य तत्व बन गया है। देश में एक अग्रणी इमेजिंग ब्रांड के रूप में हम अपने नेटवर्क वीडियो सर्वियलेंस उत्पादों द्वारा कैनन के व्यवसायिक पोर्टफोलियो का विस्तार करने और इसे मजबूत बनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। सर्वियलेंस उद्योग में अग्रणी दिग्गजों को एक साथ लाने से लेकर कैनन इंडिया के पहले एनवीएस एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च तक हमारा उद्देश्य अपने एनवीएस व्यवसाय का विस्तार करना और अपने ग्राहकों के लिए वन-स्टॉप सर्वियलेंस समाधान प्रदाता बनना है।

एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के बारे में, के. भास्कर, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट बीआईएस सेगमेंट, कैनन इंडिया ने कहा, दैनिक गतिविधियों में डिजिटल टेक्नॉलॉजी के सुगम इंटीग्रेशन द्वारा विभिन्न सेक्टर्स को अपनी व्यवसायिक प्रस्तुतियों को ऑप्टिमाइज करने में मदद मिली है। इस परिदृश्य में एक सुरक्षित इंफ्रास्ट्रक्चर का होना बहुत जरूरी है, जो एस्सेट्स की सुरक्षा करने के साथ डिजिटल परिवर्तन लाने में मदद करें और सर्वियलेंस समाधानों की मांग बढ़ाएं। एनवीएस एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च के साथ हमारा उद्देश्य है कि हम ग्राहकों को अपने समाधानों का लाईव हैंड्स-ऑन अनुभव प्रदान करें और उन्हें खरीद करने का बेहतर निर्णय लेने में मदद करें।

# लापरवाही: खुले में डाल दी जाती हैं नशीली और प्रतिबंधित दवाएं

**कविता।** फरीदाबाद

**जिला** ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण कभी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। क्योंकि विभाग के दफ्तर का गेट टूटा हुआ है और छापेमारी के दौरान सील करके लाए गए सैम्पलों को दफ्तर परिसर में पेड़ के नीचे डाल देते हैं। जहां दवाइयों और जांच के लिए लाई जाने वाली अन्य चीजों का ढेर लगा हुआ है। पेड़ के नीचे यह सैम्पल काफी समय से देखे जा रहे थे। लेकिन गत रविवार को इन सैम्पलों को नष्ट करने की बजाए उठाकर बीके अस्पताल परिसर में कचरे के ढेर में डाल दिया गया। विभाग इस तरह की लापरवाही का खामिया किसी बेकसूर को उठाना पड़ सकता है।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल परिसर में जिला ड्रग कंट्रोल विभाग का दफ्तर सीएमओ आवास के पास बना हुआ है। जहां से लगातार अधिकारी जिलेभर में अवैध रूप से बिक रही नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजते हैं। वहीं एक्स्ट्रा मिली दवाओं को सील कर लेते हैं। इन दवाओं को बाद में कार्यालय तक पहुंचा देते हैं, लेकिन इन सील की हुई प्रतिबंधित और नशीली दवाओं का क्या होता है। इस पर विचार किया जाए। शायद यह किसी को पता नहीं है कि इन सील की दवाओं का क्या करना है। इसलिए ही शायद यहां सील की दवाइयां कचरे के ढेर में पहुंच गई। ऐसा ही कुछ बीके अस्पताल परिसर में देखने को मिला।



ड्रग कंट्रोल विभाग के दफ्तर का टूटा गेट।



ड्रग कंट्रोल विभाग के भीतर पेड़ के नीचे पड़ी सील पैक दवाइयां।



बीके अस्पताल में कचरे के ढेर पर पड़ी सील की गई दवाइयां।

**कचरे में पहुंची दवा :** ड्रग कंट्रोल विभाग के दफ्तर में एक पेड़ के नीचे 15 दिन पहले सील की दवाइयां काफी मात्रा में पड़ी थीं। वहीं कुछ दिनों बाद वह दवाइयां बीके अस्पताल के कचरे में डाल दी गईं। यह सील बंद दवाइयां कचरे के ढेर तक पहुंच गई। वहीं दूसरी तरफ जब इस विषय में ड्रग कंट्रोल विभाग के दफ्तर में पता करना चाहा, तो वहां किसी को नहीं पता था। खास बात यह देखने को मिली कि यहां जिस पेड़ के नीचे दवाइयां रखी थी, उसके आंधी में टेड़ा होने से यहां का गेट भी टूटा हुआ नजर आया। ऐसे में टूटे गेट के कारण तो दवाइयां कचरे में नहीं फेंक दी गई। इसका जबाब 15 दिनों तक कहीं से नहीं मिला।

## लूट की योजना बनाते हुए दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आकाश और दौलत नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी का दूसरा आरोपी दौलत आदर्श नगर कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को सेक्टर 62 सुनपेड रोड से लूट की योजना बनाते हुए लोहे के दो सरिया सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में लूट की योजना बनाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी नशे करने का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं।

# नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं की सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### 45 वार्डों के लिए 13 लाख 5539 वोटर चुनेंगे शहर की छोटी सरकार

**उपायुक्त** कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन कर दिया है। एमसीएफ की मतदाता सूची का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मौजूदगी में फाइनल प्रकाशन किया गया था। इस बार नगर निगम चुनाव में 13 लाख 5539 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर शहर की सरकार चुनेंगे। इनकी संख्या बढ़ भी सकती है।

डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि शहर की सरकार चुनने में 07 लाख 20088 पुरुष, 05 लाख 85399 महिलाएं और 52 थर्ड जेन्डर अपना योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर गत 11 मई को एमसीएफ की इलेक्ट्रोल का फाइनल प्रकाशन किया गया था। दावे और आपत्तियों का निपटारा 26 मई तक पूरा कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि एमसीएफ के 45 वार्डों के लिए अलग-अलग एचसीएस रैंक के अधिकारियों को पुनरीक्षण के तौर पर नियुक्त किया गया था। चुनाव के लिए वार्ड बंदी में मतदाताओं के वोटों के बूथों की वोटर लिस्ट तैयार की गई है।

आपकों बता दें कि वार्ड नंबर एक में पुरुष 13872 व महिला 11534, वार्ड नंबर दो में 18823 व महिला 12719, वार्ड नंबर तीन में पुरुष 9283 व महिला 7551, वार्ड नंबर चार में पुरुष 24464 व महिला 19120, वार्ड नंबर पांच पुरुष 16454 और महिला 11606, वार्ड छह पुरुष 25039 व महिला 19640, वार्ड नंबर सात पुरुष 7645 व महिला 5887, वार्ड नंबर आठ पुरुष 9099 व महिला 6959, वार्ड नंबर नौ पुरुष 10953 व महिला 8061, वार्ड दस पुरुष 20468 व महिला 16392, वार्ड नंबर ग्यारह पुरुष 20789 व महिला 17233, वार्ड नंबर बारह पुरुष 15829 व महिला 12856, वार्ड नंबर तेरह पुरुष 17849 व महिला 16153,




नगर निगम मुख्यालय का गेट।

वार्ड नंबर चौदह पुरुष 14779 व महिला 11400, वार्ड नंबर पंद्रह पुरुष 19125 व महिला 17105, वार्ड नंबर सोलह पुरुष 17487 व महिला 15035, वार्ड नंबर सत्रह पुरुष 9454 व महिला 8361, वार्ड नंबर अट्ठारह पुरुष 9032 व महिला 7041, वार्ड नंबर उन्निस पुरुष 18217 व महिला 14932, वार्ड नंबर बीस पुरुष 11699 व महिला 10117, वार्ड नंबर इक्कीस पुरुष 9443 व महिला 7644, वार्ड नंबर बाईस पुरुष 12359 व महिला 9358, वार्ड नंबर तेईस पुरुष 17526 व महिला 13811, वार्ड नंबर चौबीस पुरुष 21659 व महिला 16870, वार्ड नंबर पच्चीस पुरुष 24968 व महिला 18969, वार्ड नंबर छब्बीस पुरुष 10500 व महिला 8022, वार्ड नंबर सत्ताईस पुरुष 15363 व महिला 12032, वार्ड नंबर अट्ठाईस पुरुष 127063 व महिला 9725, वार्ड नंबर उनतीस पुरुष 16700 व महिला 11801, वार्ड नंबर तीस पुरुष 15323 व महिला 13763, वार्ड नंबर इकत्तीस पुरुष 6720 व महिला 5329, वार्ड नंबर बत्तीस पुरुष 10815 व महिला 8274, वार्ड नंबर तेंतीस पुरुष 20745 व महिला 17088, वार्ड नंबर चौंतीस पुरुष 17236 व महिला 15485, वार्ड नंबर पैंतीस पुरुष 14106 और महिला 12885, वार्ड नंबर छत्तीस पुरुष 11711 व महिला 10527, वार्ड नंबर सैंतीस पुरुष 18567 और महिला 16162, वार्ड नंबर अड़तीस पुरुष 20066 व महिला 17617, वार्ड नंबर उनतालीस पुरुष 24702 और महिला 2626, वार्ड नंबर चालीस पुरुष 14948 व महिला 13136, वार्ड नंबर एकतालीस पुरुष 29876 व महिला 24564, वार्ड नंबर बायलीस पुरुष 15336 व महिला 12256, वार्ड नंबर तैंतालीस पुरुष 21629 व महिला 16732, वार्ड नंबर चौवालीस पुरुष 11170 व महिला 9174, वार्ड नंबर पैंतालिस पुरुष 15497 व महिला 13802 मतदाता शामिल है।

# खेतों में हाइटेंशन लाइन को लेकर मंत्री से मिले विधायक



किसानों की मांग को लेकर बिजली मंत्री रणजीत सिंह को ज्ञापन देते तिगांव के विधायक राजेश नागर और अन्य।

### विधायक राजेश नागर एवं नयनपाल रावत के साथ गांवों के किसान भी रहे मौजूद

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र के गांवों तिगांव, दयालपुर, सदपुरा और बुखारपुर के खेतों में खींचे जा रहे हाईटेंशन बिजली के तारों के रूट और मुआवजा की मांग को लेकर विधायक राजेश नागर एवं नयनपाल रावत ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह से मुलाकात की।

उन्होंने मंत्री को बताया कि इन किसानों के पास छोटी छोटी जमीनों के टुकड़े पड़े हैं जिनपर बिजली निगम 400 किलो वाट और 220 किलोवाट लाइन डाल रहा है। किसानों की मांग है कि खेतों में पोल लगने के बाद लाइनों से 100-100 फुट दूरी तक कोई खेती आदि के कार्य नहीं हो सकेंगे जिससे उन्हें यथासंभव उनके खेतों को बचाया जाए और जिन खेतों से लाइन गुजरे, उन किसानों को भरपूर मुआवजा दिया जाए। उन्होंने मंत्री रणजीत सिंह को बताया कि किसानों को डीसी रेट के बजाय मार्केट रेट से मुआवजा दिया जाए जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी हो सके। विधायक राजेश नागर ने कहा कि किसानों को राहत मिलने तक बिजली लाइन डालने के काम को रोका जाए। इस पर मंत्री रणजीत सिंह ने अधिकारियों संग दोनों विधायकों की बैठक करवाकर हल निकलवाने की बात कही। उन्होंने दो दिन में बैठक करवाने की जिम्मेदारी बिजली निगम के सीएमडी सत्यप्रकाश को सौंपी।

विक्रम प्रताप सिंह, सतबीर खलीफा, वेदराम, राज नागर नवादा, करण सिंह, भज्जी दयालपुर, बच्चू, गोविल, भगत सिंह दयालपुर, शेरपाल बुखारपुर, सूरजमल, रामपाल, अरविंद, रवि पाल, सोनू, योगेश एडवोकेट, रवि आजाद आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व ड्रग दिवस पर कॉलेज छात्राओं ने निकाली विशाल रैली

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली, फरीदाबाद में विश्व ड्रग दिवस पखवाड़ा 12 से 26 जून के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। विश्व ड्रग कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ. सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि नशे के विरुद्ध विशेष जागरुकता अभियान चलाने के लिए एनएसएस, रेडक्रॉस, वूमेन सैल तथा अन्य सभी स्वयंसेवी छात्राओं ने एक रैली निकाली। रैली में छात्राओं ने शपथ ली कि वे सभी इस नशा रूपी जीवन निगलने वाले दानव को समाज से समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। नचौली महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने सभी छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों को स्वयं नशे से दूर रहने, अपने सगे संबंधियों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने के लिए कहा। प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से नशा मुक्त भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। मंच संचालन डॉ. दिनेश जून ने करते हुए छात्राओं को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रेरित किया। डॉ. एसएस गुलिया एसोसिएट प्रोफेसर, ममता भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. राकेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, कांता देवी, असिस्टेंट प्रोफेसर तथा सतीश, दीपक, सुमित, पवन तथा पंकज ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया।

### रविंद्र फागना ने तीन रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट ग्राउंड सोहना गुरुग्राम में प्रैक्टिस मैच खेला गया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुलाब क्रिकेट अकादमी को तीन रन से हराया। मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.3 ओवर में 10 विकेट पर 160 रन बनाए। धर्मेंद्र ने 36 रन, नित्यंत ने 30 रन, रोहित ने 28 रन बनाए। गुलाब क्रिकेट अकादमी के दिव्यांशु ने तीन विकेट, निशांत और प्रणव ने दो -दो विकेट, तन्मय और विनय ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलाब क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 6 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दीपांशु ने 47 रन, तन्मय ने 39 रन बनाए। रविंद्र फागना के फरजंद ने 3 विकेट, समर, हिमांशु और कृष ने एक-एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फरजंद को दिया।

### शोरूम से कपड़े चुराने वाला गिरफ्तार, ढाई लाख रुपये बरामद

**फरीदाबाद।** शोरूम से कपड़े चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेंटर प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी सचिन बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। बल्लभगढ़ की सांवरिया मार्केट में कपड़ों के शोरूम पर आरोपी पिछले 8-10 साल से नौकरी करता था। आरोपी सुबह जल्दी आकर दुकान खोलता था। आरोपी सुबह शोरूम की लाइट बंद कर शोरूम से कपड़े निकाल कर बेच देता था। शोरूम मालिक ने जिसकी शिकायत थाना सिटी बल्लभगढ़ में दी थी। थाना सिटी बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी पिछले कई दिनों से बीमारी का बहाना बनाकर शोरूम पर आने से बंद हो गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी से कपड़े बेचने के पैसों में से 250000 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### अग्रवाल वैश्य समाज यूपीएससी चयनितों का करेगा सम्मान



अग्रवाल वैश्य समाज के पदाधिकारी सेक्टर-64 कार्यालय में बैठक करते हुए।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद की बैठक सेक्टर-64 स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल ने की। बैठक में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, जिलाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, मुकेश मंगला, ओमप्रकाश गर्ग सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में संगठन के कार्यकलापों की चर्चा करते हुए हाल ही घोषित हुए यूपीएसपी की परीक्षा परिणाम में वैश्य समाज की महक जैन, तरुण गोयल, अर्चिता मित्तल व आशिमा गोयल को बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बधाई दी। इसके बाद सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए 26 जून रविवार को वाईएमसीए चौक स्थित होटल ग्रांड हाईवे में यूपीएससी प्रत्याशियों का एक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें महक जैन, तरूण गोयल, अर्चिता मित्तल व आशिमा गोयल सहित परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल ने कहा कि इन प्रत्याशियों से समाज के अन्य बच्चों को प्रेरणा लेकर सफल होने चाहिए। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भी इस बार यह चारों बच्चे होंगे। जिलाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने कहा कि हमें महक जैन, तरूण गोयल, अर्चिता मित्तल व आशिमा गोयल पर गर्व है कि इन बच्चों ने समाज का नाम जिले में ही नहीं बल्कि देशभर में ऊंचा किया है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन जरूरी : डीसी



स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लोगों को वैक्सीन लगाते हुए।

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 100101 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4071984 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि बुधवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1365080 लोगों को पहली और 1118268 लोगों को दूसरी और 19989 लोगों को बूस्टर डोज दी गई। डॉ. मानसिंह ने आगे बताया कि 40147 हेल्थ वर्कर्स को प्रथम, 39832 को दूसरी और 9335 को बुस्टर डोज लगाई गई व फ्रंट लाइन के वर्कर्स को 13376 को प्रथम, 13613 को दूसरी और 2934 लोगों को बुस्टर डोज लगाई गई। वहीं बूस्टर डोज़ अभियान के तहत 45 से 59 आयु के लोगों को 375011 को प्रथम, 345517 को दूसरी और 24721 लोगों को बुस्टर डोज लगाई गई। 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को 204831 को प्रथम, 189225 को दूसरी और 43122 लोगों को बूस्टर डोज सहित कोरोना रोधी वैक्सीन लगाईं हैं।

डॉ. मान सिंह ने आगे बताया कि जिला में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 58567 बच्चों को पहली तथा 25695 बच्चों को दूसरी डोज लगाई गई। कोरोनारोधी वैक्सीन की 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 110943 किशोरों को पहली व 72078 को दूसरी डोज़ के टीके लगाए गए।

# रोटरी क्लब ने खुशी एक एहसास को भेंट की वैन

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ग्रेटर की वार्षिक शुक्राना कार्यक्रम का आयोजन क्लब प्रेजिडेंट व उनकी टीम ने फरीदाबाद के पांच सितारा होटल विवांता ताज में भव्य रूप से आयोजित किया। जहां क्लब और डिस्ट्रिक्ट टीम के कई गणमान्य सदस्यों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3011 रोटेरियन अनूप मित्तल व श्रुति मित्तल ने दीप जलाकर शुभारम्भ किया। क्लब प्रेजिडेंट रोटेरियन नरेश मलिक व रजनीश मलिक, हिमांशु मलिक, अंजू श्रीवास्तव, क्लब सचिव रोटेरियन दलीप वर्मा व मीनू वर्मा, क्लब कोषाध्यक्ष रोटेरियन एसपी श्रीवास्तव व पूनम श्रीवास्तव ने सभी मौजूद सदस्यों का स्वागत और शुक्रिया किया। कार्यक्रम का पूर्ण संचालन पूर्व प्रधान रोटेरियन धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने



किया। कार्यक्रम में क्लब द्वारा पूरे वर्ष समाज के लिए किये गए कार्यों की चर्चा हुई और मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनूप मित्तल ने क्लब की सराहना की और आगे भी इसी प्रकार समाज में अपनी भागीदारी जारी रखने की अपील की। अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ग्रेटर और मंशा ग्रुप की ओर से एक सामाजिक प्रोजेक्ट के तहत खुशी एक एहसास एवं टेन स्माइल्स फाउंडेशन संस्था को जरुरतमंद बच्चों को मुफ्त खाना बांटने के लिए रोटरी जिला गवर्नर रोटेरियन अनूप मित्तल एवं श्रुति मित्तल मित्तल, डिस्ट्रिक्ट 3011 के पदाधिकारियों व क्लब सदस्यों की उपस्थिति में मोबाइल वैन प्रदान की गई।

# बीके : फ्रीजर से शव निकाल रहे कर्मचारियों को लगा करंट

### बुधवार की सुबह मोर्चरी के बाहर मृत मिली एक गाय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में मौजूद फ्रीजर खराब है, वहीं जो चालू है, उनमें पिछले कुछ समय से करंट आ रहा है। बरसात के दिनों में मोर्चरी में रखे फ्रीजरों में करंट की शिकायते कर्मचारियों के द्वारा की जा रही है। लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

बुधवार को भी कर्मचारियों को यहां करंट लगने लगा। जिस पर कर्मचारियों ने बिजली कट करने के बाद शवों को फ्रीजर में रखने और बाहर निकालने का काम किया। वहीं




मोर्चरी के बाहर एक बुधवार को एक गाय मृत अवस्था में मिली। सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों ने मृत गाय को मारेचरी के निकट पड़ा देख अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों की सूचना पाकर निगम की टीम गाय के शव को मौके से उठा कर ले गई।

**लग रहा करंट:** मोर्चरी में काम के दौरान कर्मचारियों को फ्रीजर से करंट लगने लगा। जिस पर कर्मचारियों ने इलेक्ट्रीशियनों को इसकी सूचना दी। लेकिन करंट आने की सूचना पर उन्हें फ्रीजर की बिजली कट करके वहां से मृतक शवों को निकलाने और अंदर रखने के लिए कह दिया गया। लेकिन बरसात में फ्रीजर में करंट बढ़ गया। बुधवार सुबह जब कर्मचारी पहुंचे, तो उन्हें करंट लग गया।

कर्मचारियों ने बताया कि इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। करंट से कोई बड़ा हादसा कर्मचारियों के साथ घटित हो सकता है। सुबह यहां गाय भी मरी हुई मिली है। शायद गाय रात में करंट बढ़ने के कारण नहीं मरी।

## गाय चोरी करता तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने एक गौ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इलियास नहूं जिले के लहखाडी गांव का रहने वाला है। पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर आईएमटी से आवारा गायों को पिकअप गाड़ी में भरकर गांव डीग के रास्ते से मेवात गो कशी के लिए ले जा रहे थे। गांव डीग में थाना सदर बल्लभगढ़ की पुलिस टीम का नाका लगा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को रोकने पर आरोपी गाड़ी से नाके में टक्कर मारकर गाड़ी को भगा ले गए। पुलिस टीम के पीछा करने पर आरोपी गाड़ी मौके से फरार हो गए।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़े पत्थर दे रहे हैं हादसों को न्योता

### रात के समय पत्थरों के कारण दुर्घटना की है अधिक संभावना

**विवेक सिंह।** बल्लभगढ़

**दिल्ली**-मथुरा रोड पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड के निकट चल रहा निर्माण कार्य राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों की परेशानियों का सबब बना हुआ है। चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर ही छोड़ दिए गए हैं। जिससे तेज रफ्तार वाहनों के टकरा जाने का डर बना रहता है। अगर समय रहते इन्हें रास्ते से नहीं हटाया गया, तो जल्द ही कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

हाल ही में अंतराष्ट्रीय थिंक टैंक सिटी मेयर्स फाउडेंशन सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार फरीदाबाद को शहरीकरण के मामले में विश्व का आठवां सबसे तेजी से बढ़ता हुआ शहर घोषित



नेशनल हाइवे पर पड़े पत्थर और मिट्टी का ढेर।

किया गया था। यहीं वजह है कि यहां लगातार निर्माण कार्य चलता रहता है। जोकि शहर के स्मार्ट सिटी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी भी है। लेकिन निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों के ध्यान ना देने के कारण बड़े-बड़े पत्थर हाईवे पर ही छोड़ दिए जाते हैं। यह निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही को ही दिखाता है। अगर हाईवे पर पड़े पत्थरों को जल्द ही नहीं उठाया गया तो यह किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं। इसलिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को चाहिए कि वह जल्द ही सड़क पर पड़े पत्थरों को हटाए साथ ही इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई भी करे।

इस पर राजमार्ग से गुजर रहे एक टैक्सी चालक का कहना था कि सड़क पर सावधान करने के लिए कोई बोर्ड राजमार्ग प्राधिकरण को लगाना चाहिए ताकि दुर्घटना की संभावनाओं को कम किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी भूल ना हो।

## अवैध नशा तस्कर को 900 ग्राम गांजे सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी सब इंस्पेक्टर राकेश सिंह की टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोशन उर्फ राजा है जो मूल रूप से बिहार के जिले लक्की सराय के गांव जवास हिरादण्ड का तथा हाल में फरीदाबाद के पटेल नगर सेक्टर 4 में किराए पर रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर थाना सेक्टर 8 के क्षेत्र से काबू किया है। तलाशी लेने पर मौके पर 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 8 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पेंटर का काम करता है। आरोपी नशे करने का आदी है। वह अभी कुछ दिन पहले अपने गांव शादी में गया हुआ था। वहां से आते समय रेलवे स्टेशन से किसी अनजान व्यक्ति से 5000 रुपये में एक किलो गांजा खरीद कर लाया था।

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन


**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस थाना सेक्टर 31 प्रभारी बलराज सिंह व सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी निरीक्षक सविता उनकी टीम ने थानाक्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ एक बैठक आयोजित करके वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनके भरण-पोषण तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में उन्हें जानकारी दी। मीटिंग में एचएस मलिक सदस्य सीनियर सिटीजन कमेटी व पंचजन्य बत्रा अधिवक्ता और जेपी मल्होत्रा, आरके गुप्ता सेक्टर 30, एसके शर्मा सेक्टर 31, अभय जांगड़ा. सेक्टर 29, प्रभु यादव, राजीव नगर, एमआर भांबरी आईपी कॉलोनी, नफे सिंह भाटी, स्प्रींग फील्ड कॉलोई व समस्त एरिया के वरिष्ठ नागरिक मीटिंग में मौजूद थे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के वेलफेयर तथा मेंटेनेंस के लिए किस प्रकार वह एप्लीकेशन फाइल कर सकते हैं और उन्हें मेंटेनेंस कहां से और कैसे प्रदान की जाएगी इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की दवा पानी, मल्टी सर्विस डे केयर सेंटर के प्रावधानों तथा मुफ्त कानूनी सलाह के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रबंधक के आदेश पर थाना क्षेत्र के बुजुर्गों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है जिसका एडमिन थाना सेक्टर 31 के पुलिस चौकी सब इंस्पेक्टर हर्षवर्धन को बनाया गया है। जिस पर किसी भी प्रकार की शिकायत सांझा की जा सकती है। जरूरत पड़ने पर वे सीधा थाने और चौकी में आकर मिल सकते हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि एरिया में रह रहे वरिष्ठ नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उन्हें किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के विषय में इंस्पेक्टर बलराज सिंह ने अपना नंबर प्रदान करते हुए बताया कि जब वरिष्ठ नागरिकों घर पर अकेले रहते हैं।

## स्टरलाइट की बिक्री
### राजनीति पड़ी भारी

**स्टरलाइट** प्लांट की बिक्री का अर्थ है कि एक बार फिर सुशासन पर राजनीति भारी पड़ी है। वेदान्ता द्वारा तुत्तीकोरिन स्थित स्टरलाइट कापर प्लांट की बिक्री न केवल तमिलनाडु में औद्योगिक विकास को धक्का है, बल्कि यह नरेन्द्र मोदी सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के लिए भी शुभ संकेत नहीं है। निश्चित रूप से यह फैक्ट्री में रोजगार पाए 30,000 लोगों के लिए भी गहरा धक्का है जिसमें 5,000 प्रत्यक्ष तथा 25,000 परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त थे। यह केन्द्र सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी धक्का है क्योंकि इस प्लांट से देश में कुल तांबा उत्पादन का दो बटा पांचवां हिस्सा उत्पादित होता था। राज्य सरकार द्वारा मई, 2018 में बंद किए जाने के बाद पिछले चार साल से इस फैक्ट्री का भविष्य अधर में लटका था। बंद करने का आदेश पर्यावरण एक्टिविस्टों पर पुलिस गोलीबारी के बाद लिया गया था जो प्लांट बंद करने की मांग कर रहे थे। इस हिंसा में 13 लोग मारे गए थे। हालिया खबरों के अनुसार, क्षेत्र के तटीय इलाके के गांवों में रहने वाले मछुआरों ने जिला कलेक्टर के. सेंथिल राज को एक याचिका देकर प्लांट पुन: खोलने की मांग की थी। अनेक अन्य लाभार्थी समूह भी फैक्ट्री पुन: शुरू करवाना चाहते थे जिनमें थूथुकुडी कांट्रैक्टर्स असोसियेशन भी शामिल है। इन सबके मुकाबले पर्यावरण एक्टिविस्ट थे जो फैक्ट्री खोलने के पूरी तरह खिलाफ थे। इस बीच वेदान्ता ने इसे बंद करने का फैसला किया। उसके आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'तुत्तीकोरिन राष्ट्रीय प्लांट है तथा यह देश व



तमिलनाडु के सर्वोत्तम हित में है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए विकल्प तलाश रहे हैं कि यह प्लांट व उसकी परिसंपत्तियां देश में तांबे की बढ़ती मांग पूरी करने में अपनी भूमिका निभा सकें।'

लोकसभा में दिए एक लिखित जवाब में खनन, कोयला एवं संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा था कि तुत्तीकोरिन में स्टरलाइट कापर प्लांट बंद करने से परिष्कृत तांबे के घरेलू उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसका उत्पादन घट कर 2019-20 में 410,000 टन हो गया था, जबकि यह 2017-18 में 830,000 टन था। दूसरे शब्दों में उच्चतम स्तरों पर यह समझदारी है कि प्लांट बंद होने से नुकसान हुआ है। लेकिन इस समझदारी के बावजूद स्टरलाइट प्लांट दोबारा शुरू नहीं हो सका। इन सारी चीजों से अनेक बार हमारी प्रशासनिक व्यवस्था की सामूहिक विफलता सामने आई है। इससे आम जनता में यह भावना पैदा होती है कि सभी लोग जानते हैं कि एक खास रास्ते पर चलना कितना महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके बावजूद कोई ऐसा करने में सफल नहीं होता है। केन्द्र सरकार औद्योगिक विकास व आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना चाहती है, बताया जाता है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर स्टरलाइट फैक्ट्री खोलने का भारी दबाव था, स्थानीय लोग ऐसा चाहते थे और सेवायोजक भी प्लांट खोलना चाहते थे। लेकिन इसके बावजूद ऐसा नहीं हुआ। ऐसा लगा कि जैसे पूरा राजनीतिक वर्ग राजनीति में इतना लिप्त था कि वह सुशासन का अपना मूल दायित्व भूल गया। राजनीतिक एक्टिविस्ट केवल साधन हैं और सत्ता साध्य है। सत्ता में होने पर आपको शासन करना चाहिए। लेकिन राजनीति के अनेक आकर्षक षडयंत्र कई बार हमारे नेताओं को प्रभावित करते हैं। यह इसलिए भी बुरी खबर है कि यह उद्योग बंद होने से भी लोग अपनी वंचना से मुक्त नहीं होंगे।

# हर तरह के आतंकवाद से मुकाबला

सुप्त खालिस्तान आंदोलन को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आतंकवाद व अन्य अवैध गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर सरकारों को एक साथ कार्य करना चाहिए।



**बृजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



भले ही विशेषज्ञों ने लोकप्रिय जन समर्थन के अभाव में 'खालिस्तान आंदोलन' के पुन:उभार को खारिज कर दिया हो, मगर हाल ही में पंजाब, जम्मू और कश्मीर के उत्तर-पश्चिमी राज्यों में फैले कट्टर अपराधियों और उग्रवादी समर्थक तत्वों द्वारा हमलों व हत्याओं की घटनाओं में वृद्धि हुई है। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी स्पष्ट रूप से अनेक आतंकी संगठनों के 'स्लीपर सेल' की उपस्थिति और खालिस्तान समर्थक तत्वों की सक्रिय भूमिका का संकेत दिया है, जाहिर है, देश के भीतर निहित स्वार्थों और विदेशों में बसे लोगों के समर्थन से आतंकवादी संगठन तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्व फल-फूल रहे हैं। 'खालिस्तान' के स्थापना दिवस को बड़े पैमाने पर मनाने के लिए प्रतिबंधित संगठन, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने घोषणा की थी। उसकी घोषणा के बाद अनेक भटके हुए सिख नौजवानों द्वारा मार्च निकालने को लेकर हुए टकराव के बीच पटियाला में 29 अप्रैल को जनता के विभिन्न समूहों के बीच झड़प हो गई। सिख फार जस्टिस एक प्रतिबंधित संगठन है जो इंटरनेट व आभासी दुनिया में अपने मजबूत प्रभाव के चलते आम लोगों को कट्टरपंथी बनाने, पुरानी भावनाओं को भड़काने और खालिस्तान के लिए आंदोलन को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। 8 मई को, धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विधान सभा परिसर के मुख्य द्वार और चारदीवारी पर कुछ 'खालिस्तान' के झंडे लटके पाए गए। अगले दिन, अलग सिख राज्य के लिए प्रयासरत, एक आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ने इस कृत्य की जिम्मेदारी ली और हिमाचल प्रदेश सरकार को भविष्य में भी ऐसी घटनाओं के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी।

9 मई को, मोहाली में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस विंग मुख्यालयों के मुख्यालय में रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड (आरपीजी) हमले हुए। इन घटनाओं के मद्देनजर एक सुरक्षा एलर्ट जरूर जारी हुआ था। लेकिन इसके बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है कि इन सभी हमलों के पीछे अपराधी गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों, बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्यों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस की सांठगांठ रही है। 6 मई को, पंजाब पुलिस की सूचना के आधार पर, हरियाणा पुलिस ने करनाल से चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन उच्च क्षमता वाले विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और एक पिस्तौल बरामद किया। इन घटनाओं के बाद पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और तरनतारन जिले के एक गांव से आरडीएक्स से लैस एक अन्य इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस-आईईडी बरामद किया। हालांकि, पंजाब व हिमाचल प्रदेश में में पुलिस द्वारा समय पर की गई कार्रवाई ने अनेक आसन्न हमलों को रोकने में मदद की और पुलिस ने हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा द्वारा चलाए जा रहे पाकिस्तान स्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की गंभीर जांच से पता चला कि विस्फोटकों की आपूर्ति पाकिस्तान से, सीमा पार से ड्रोन के जरिए की गई थी।

इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से स्पष्ट होता है कि पंजाब अपराधियों और असामाजिक तत्वों का प्रजनन स्थल बन गया है। उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार इस समय राज्य में 500 से अधिक सदस्यों वाले 70 अपराधी गिरोह सक्रिय हैं। हालांकि, 300 से अधिक दुर्दान्त अपराधी प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद हैं, लेकिन वहां से वे जेल अधिकारियों की ढिलाई के कारण अपने गिरोह का सक्रिय रूप से नेतृत्व कर रहे हैं। परेशान नौजवानों को लुभाने के लिए बंदूक की संस्कृति का महिमामंडन करने वाले इन अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया के बड़े पैमाने पर उपयोग को देखते हुए, कानून-प्रवर्तन एजेंसियों को बहुत देर न करते हुए उन्हें पकड़ने का एक कठिन कार्य करना पड़ता है।

> **पंजाब समेत सभी पड़ोसी राज्यों को स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन करना चाहिए और सभी चार राज्यों के पुलिस बलों को संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए करीबी तालमेल से काम करना चाहिए**

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर हथियारों की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि अपराधी गिरोहों को आतंकवादी मंशा से पंजाब स्थित व्यापारियों से रंगदारी और पैसे मांगने के लिए विदेशों में संगठित कर उनका नेटवर्क किया जाता है। इससे स्पष्ट है कि विदेशों में मौजूद सिख आतंकवाद व खालिस्तान समर्थक तत्वों तथा भारत-विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की आवश्यकता है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि चंद घटनाओं को छोड़कर, भारत और विदेशों में 1980 के दशक की तरह का, कहीं कोई 'खालिस्तानी आंदोलन' मौजूद नहीं है। लेकिन इसके बावजूद यह सवाल प्रासंगिक बना हुआ है कि इन हालिया हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है? वर्तमान समय में बब्बर खालसा और सिख फॉर जस्टिस जैसे संगठनों ने अक्सर इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। 1980 के दशक के मध्य से 1990 के दशक के प्रारंभ तक पंजाब में उग्रवाद का एक गंभीर दौर देखा गया था जिसमें खालिस्तान की मांग सबसे अग्रणी रही। निस्संदेह, वर्तमान समय में खालिस्तानी आंदोलन ने अपना पहले वाला लोकप्रिय समर्थन आधार खो दिया है। लेकिन हाल की छिटपुट घटनाओं को मामूली तत्वों और निहित स्वार्थों के उपयोग द्वारा आंदोलन को पुनर्जीवित करने के स्पष्ट प्रयास के रूप में गंभीरता से लिया जाना चाहिए। पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में अनेक घटनाओं की श्रृंखला इंगित करती है कि विभिन्न आतंकी संगठनों व सिख आतंकी खालिस्तान समर्थक गिरोहों से जुड़े 'स्लीपर तत्व' हमेशा सक्रिय रहे हैं।

ऐसे में यह मानना सही नहीं होगा कि खालिस्तान आंदोलन पूरी तरह मर चुका है और इसके पुनर्जीवित होने की संभावना बहुत कम है। ईमानदारी से यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आज भी देश-विदेश में ऐसे लोग हैं जिनके निहित स्वार्थ खालिस्तान की आग को भड़काने में हैं और वे भारत के इस सीमावर्ती राज्य में परेशानी पैदा करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।


पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली नई आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने शपथ ग्रहण के साथ इस तरह की स्थिति से निपटने का वादा जरूर किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि वह इसके लिए फिलहाल तैयार नहीं है। ऐसे में आतंकवादी व सिख आतंकी घटनाओं तथा खालिस्तान आंदोलन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को देखते हुए केंद्र सरकार पर राज्य को विकट स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता, समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने की जिम्मेदारी खासतौर से आती है।

वर्तमान स्थिति में, राजनीति और पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर पंजाब में शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों व आम जनता के बीच आम सहमति बनाना अनिवार्य हो गया है। खासकर पंजाब के संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में तथा उसके पड़ोसी राज्यों हरियाणा, जम्मू और कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के अन्य निकटवर्ती राज्य में परेशानी और अशांति पैदा करने पर आमादा आतंकी व अपराधी ताकतों से लड़ने के लिए साझा प्रयास करना जरूरी है।

पंजाब समेत इन सभी राज्यों को स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन करना चाहिए और सभी चार राज्यों के पुलिस बलों को संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए करीबी तालमेल से काम करना चाहिए। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चिम करने में केंद्र सरकार की अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। उसे विभिन्न राज्यों की पुलिस व खुफिया तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिल कर एक संयुक्त प्रयास करना चाहिए। उसे यह सुनिश्चित करने के लिए पंजाब के पड़ोसी राज्यों की हर संभव सहायता करनी चाहिए कि पंजाब में आतंकवाद के 'रक्तपात वाले युग' को दोहराया न जाए।

# कॅरियर व जीवन के लिए तैयार हों युवा

**रवि चंद्र कोचर**
(लेखक एमिटी विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर हैं)



अकादमिक श्रेष्ठता के बाद व्यावहारिक कौशल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि रोज व हर क्षण आप पर लोगों की नजर रहती है। साल के इस समय स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्र अपनी योग्यताओं के अनुसार कार्पोरेट दुनिया या अपनी पसंद के किसी अन्य क्षेत्र में रोजगार के लिए जाने का प्रयास करते हैं। उनकी क्षमता के अकादमिक हिस्से का परीक्षण चयन प्रक्रिया में परीक्षाओं के माध्यम से होता है। इस सीमा को पार करने वाले चयन प्रक्रिया के अगले चरण, यानी समूह चर्चा व साक्षात्कार आदि में शामिल होते हैं।

भारत में अब भी रोजगारों की कमी है। इससे दुनिया का सामना करने के लिए नौजवानों द्वारा आत्मविकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन जब आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों तो दूसरों से अच्छा कर सकते हैं। अकादमिक श्रेष्ठता के बाद व्यावहारिक कौशल सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। आपको हमेशा के लिए तैयार रहना होगा। आपको याद रखना होगा कि हर दिन और हर क्षण आपको देखा जा रहा है। इसके लिए महंगे कपड़ों के बजाय सौम्य वेशभूषा जरूरी है। संप्रेषण कौशल इसके बाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए अंग्रेजी में बहुत अच्छे प्रवाह की जरूरत नहीं है, पर उसे व्याकरणीय रूप से सही होना चाहिए। सरल उच्चारण वाले शब्द इसके लिए ठीक रहेंगे। इसके लिए लगातार अभ्यास की जरूरत है। आवश्यकता होने पर शीशे के सामने खड़े होकर खुद से बात करें। इससे संप्रेषण के तरीके में काफी सुधार होगा। अखबार, पुस्तकें व साहित्य काफी पढ़ने की जरूरत है। यह संप्रेषण कौशल सुधारने के लिए सबसे अच्छा रास्ता है। मित्रों के साथ वर्तमान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विषयों पर बात करनी चाहिए। इससे कोई भी दूसरों से संवाद करने में सक्षम बन सकता है।

साक्षात्कार के लिए जाने से पहले इसकी पूरी तैयारी करनी चाहिए। साक्षात्कार के लिए एक या दो व्यक्ति अथवा एक बोर्ड हो सकता है। आपको संभावित सेवायोजक, कंपनी या संगठन के



दृष्टिकोण समुचित जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। आजकल गूगल पर सब उपलब्ध है जिस पर गौर करना लाभदायक हो सकता है। साक्षात्कार के लिए समय पर पहुंचना उचित होगा। ऐसे जवाब न दें जिनकी सच्चाई पर विश्वास न हो क्योंकि आपको सब कुछ पता होना जरूरी नहीं हैं। आप अपनी दिलचस्पी के विषय पर पहुंचने का प्रयास कर सकते हैं। सवालों के महत्वपूर्ण आयामों पर गौर करें। साक्षात्कार के लिए बायोडाटा आधार होता है, इसलिए उसमें अपने बारे में उचित सूचनायें दें। इसमें अपने शौक, मनपसंद खेल, लेखक व पढ़ी पुस्तकों का विवरण दे सकते हैं। हमेशा दूसरों का वैसा ही सम्मान करें जैसा आप अपने लिए चाहते हैं। बहुत से लोग पैसे, शिक्षा व जीवन के शानोशौकत में सफलता प्राप्त करते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इतनी सफलता नहीं मिलती है। इसका यह अर्थ नहीं कि उनके साथ अलग व्यवहार किया जाए। उन लोगों की सहायता करें जो इतने सौभाग्यशाली या सफल नहीं हैं। इससे आप भी सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। प्रगति करने पर भी नम्र बने रहें तथा उन लोगों को न भूलें जिन्होंने कभी आपकी सहायता की है।

आपको जीवन में अनेक लोगों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। टीम प्लेयर बनने के लिए सबको साथ लेकर चलें। जैसा कि रतन टाटा ने कहा है, 'यदि आप तेजी से चलना चाहते हैं तो अकेले चलें, लेकिन यदि आप दूर तक चलना चाहें तो एकसाथ चलें।' कठोर श्रम जीवन में आगे बढ़ने तथा कार्पोरेट दुनिया में सफलता का मंत्र है। आपको हमेशा अतिरिक्त काम के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि ऐसा होने पर ही आप स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ सिद्ध कर सकते हैं। अगले उच्च पद पर पहुंचने के लिए वार्षिक मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। गलतियां कभी न दुहरायें, भले ही वे चाहे जितनी छोटी हों। गलतियां बिल्कुल न करना लक्ष्य पर पहुंचने के लिए जरूरी है। विनम्र बनें। कभी दूसरों की तुलना में स्वयं को श्रेष्ठ बताने की डींग न हांकें। हमेशा वैयक्तिक संबंध ठीक रखें। हमेशा कठिनाई में पड़ने पर साथियों की सहायता करें। अच्छा करने पर हर बार दूसरों से पुरस्कार की इच्छा न करें। समय का प्रबंधन एक और महत्वपूर्ण कौशल है जिसे विकसित करना जरूरी है। हमेशा काम की योजना बना कर काम करें। दिन में केवल 24 घंटे होते हैं और सबको यही समय मिलता है। यह आप पर निर्भर करता है कि कैसी योजना बनाते हैं और उसे प्रभावी ढंग से लागू करते हैं।

भावनात्मक स्थिरता व दृढ़ता आपके गुण अवश्य होने चाहिए। जीवन में अच्छे और बुरे दिन आते हैं। सभी लोग अच्छे दिन पसंद करते हैं, लेकिन आपको तय करना होता है कि बुरे दिनों से कैसे निपटें। इससे पता चलता है कि आपके भीतर कैसी क्षमता है। आपको सीधे खड़े होकर ऐसे समय का सामना करना चाहिए। समस्याओं को टालने या छिपाने का प्रयास न करें। समस्याओं को कालीन के नीचे छिपाने का नतीजा केवल धूल होगी और ऐसा समय आ जाएगा जब इससे निपटना बहुत कठिन होगा। ऐसा समय हमें सीखने का अवसर देता है।

निश्चित रूप से वे हमारे अनुभव में अपना योगदान करते हैं। इस प्रकार का अनुभव आपको बदली हुई परिस्थितियों के अनुकूल स्वयं को ढालने में सहायता देगा। अंतत: हमेशा यह याद रखें कि आप क्या बनना चाहते हैं और हमेशा इस प्रकार व्यवहार करें कि आप कहां हैं और क्या हैं। इसके अनुसार ही विचार और कार्य करें।

## आप की बात

### सेना प्रमुखों की बात

**आज** हमारे नौजवानों में बढ़ते जा रहे आक्रोश को शांत करने का प्रयास हमारी सेना के तीनों कमांडरों ने भी कर दिया है एवं उन्होंने भी इस अग्निपथ योजना का समर्थन कर दिया है। अत: होना तो यही चाहिए कि अब नौजवानों का उग्र प्रदर्शन थम जाना चाहिए, कारण, सेना कभी भी सरकार के मामले में नहीं बोलती है उसका यहां बोलना यही साबित करता है कि आज सेना के तीनों अंगों में कमांडर से बड़ा कोई नहीं है। अत: अब हमारे नौजवानों को यह मानकर चलना चाहिए कि उनके लिए यह भर्ती अग्निपथ योजना फायदेमंद ही साबित होने वाली है। अब उन्हें आंदोलन को छोड़कर उसमें भर्ती होने के लिए तैयार हो जाना चाहिए, कारण, आज उनके इस आंदोलन के कारण उसके कैरियर पर जो दाग लग रहा है वह उसके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। जब जब हमारे देश के राजनीतिक दल किसी भी विषय पर अपनी राजनीति करते हैं तो फिर वहां मामला बिगड़ जाता है। अत: उन्हें देश हित में सोच समझकर बोलना चाहिए। उम्मीद है कि गुस्सा नौजवान अब भारत के तीनों सेना प्रमुखों की बात मानेंगे।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### संरा. में शोषण

**इन** दिनों राष्ट्रसंघ खुद कठघरे में है। इस संस्था का गठन 1945 में इसलिए किया गया था ताकि दुनिया के किसी भी हिस्से में अन्याय न हो। कोई भी देश ज्यादती न कर सके। कहीं भी मानवाधिकार का हनन न हो। शांति एवं सौहार्द हर तरफ बना रहे। मगर जिसके कंधे पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी है, सुना है उसके भीतर महिलाओं का यौन शोषण एवं भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है। ये कोई आज से नहीं बल्कि दशकों से चल रहा है। मगर किसी भी शिकायत को सुनने वाला कोई नहीं है। जो शिकायत करता है उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। दुनिया भर में 35 हज़ार लोग इस संस्था के लिए काम करते हैं। इस तरह के शिकायत के बहुतायत में मिलने के बाद 2018 में सुश्री पूर्णा सेन की नियुक्ति हुई थी ताकि वे उत्पीड़न, हमले और भेदभाव की जांच करके रिपोर्ट दें। मगर उनकी तमाम रिपोर्टों को ख़ारिज कर दिया गया। वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी दावा कर रहे हैं कि किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जायेगा। मगर किसी को आज तक कोई सजा नहीं हुई। जो संस्था खुद के अनैतिक आचरणों पर कोई ध्यान नहीं दे पा रही है वो विश्व शांति के लिए भला क्या कर सकती है ।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### पेंशन योजना

**पीएएफडीए** ने हाल ही में राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत सुविधाओं को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कुछ घोषणाएं की हैं। पेंशन क्षेत्र में 35 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। जिसमे एनपीए की कुल 73 करोड़ और 21: हिस्सेदारी है। अचानक चार बार देने के लिए कैसे तैयार हो गए जिससे आपको वर्ष में केवल दो बार संपत्ति समूह बदलने की अनुमति है। अभी नये सुविधाओं में चार बार एसेट स्विच कर सकते है। क्या पेंशनभोगी इस योजना में अपनी संपत्ति बदल देंगे क्योंकि बाजार सूचकांक में दिन-प्रतिदिन उतार-चढ़ाव हो रहा है। भारतीय जीवन बीमा-एलआईसी के आईपीओ ने ग्राहकों पर जिंदगी के साथ और उसके बाद भी बाजार में नीचे गिरकर साथ छोड़ी है। बाजार के समग्र प्रदर्शन को देखते हुए क्या सामान्य या एनपीएस धारक पेंशनभोगी अपनी पेंशन को ईक्विटी समूह में निवेश करने की हिम्मत करेंगे? सवाल है कि आर्थिक समीकरण पहले से ही जटिल होने पर ये विकल्प कितने सफ्ल होंगे?

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**उनकी** पूरी राजनीति परिवार व स्वार्थ के चारों ओर घूमती है।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**अच्छी** खबर है कि एफएटीएफ का पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था पर विश्वास है।

– **बिलावल भुट्टो जरदारी**
पाकिस्तानी विदेश मंत्री





**स्वच्छता** के प्रति प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री के विश्वास का एक अंग है।

– **अमित मालवीय**
भाजपा प्रवक्ता

# तेज करें बूस्टर डोज देने की प्रक्रियाः सीएम

## उत्तर प्रदेश में पॉजिटिविटी दर न्यूनतम, 3,082 लोग होम आइसोलेशन में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**टीकाकरण** अभियान में दूसरे प्रदेशों के मुकाबले बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सर्वाधिक आबादी वाले यूपी में टीके का कवच प्रदेशवासियों को तेजी से दिया गया है। टीकाकरण अभियान में प्रदेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। दूसरे प्रदेशों के मुकाबले यूपी में सबसे अधिक टीके की डोज दी गई है। यूपी में अब तक 33 करोड़ 75 लाख से अधिक टीके की डोज देने के साथ ही टीकाकरण अभियान में दूसरे प्रदेशों की तुलना में पहले पायदान पर अपना स्थान बनाए हुए है। यही कारण है कि महाराष्ट्र समेत अन्य प्रदेशों को पछाड़ते हुए देश में यूपी टीकाकरण अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रहा है।

यूपी में बुधवार को 33,75,72,051 टीके की डोज दी जा चुकी है। जिसमें 17,53,24,563 को पहली डोज और 15,87,91,071 को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक यूपी में 34,56,417 को प्रीकॉशन डोज दी जा चुकी है। 'फोर टी' रणनीति के तहत यूपी ने कम समय में न सिर्फ संक्रमण पर काबू पाया बल्कि कोरोना के नए वेरिएंट के प्रसार को भी रोकने में सक्षम रहा। एग्रेसिव टेस्टिंग, ट्रेसिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण की नीति के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। जिसके चलते यूपी के कोविड प्रबंधन की आज विभिन्न वैश्विक संस्थाएं सराहना कर रही हैं। कोविड टीकाकरण के साथ ही 18 से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज दी जा चुकी चुकी है, जबकि 96 फीसदी से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक दी जा चुकी है। 15-17 आयु वर्ग के 99.27 फीसदी किशोरों और 12 से 14 आयु वर्ग के 94.55 फीसदी से अधिक बच्चों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को 18 से अधिक आयु के लोगों को बूस्टर डोज देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

दूसरे प्रदेशों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच यूपी सरकार ने टीकाकरण और टेस्टिंग की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यूपी में पॉजिटिविटी दर न्यूनतम है वहीं कुल एक्टिव केस की संख्या 3,257 है। बीते 24 घंटों में 91 हजार से अधिक टेस्ट किए गए जिसमें 682 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इस बीच 352 लोगों ने संक्रमण को मात दी है। प्रदेश में 3,082 लोग होम आइसोलेशन में हैं। कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर उछाल होने से सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर बना रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टॉफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख करने के निर्देश जारी किए हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से कोविड महामारी पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण के नए केस में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत सतर्कता और सावधानी बरती जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख कर ली जाए। आवश्यक दवाओं के साथ मेडिसिन किट तैयार करा लिए जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 682 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 352 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 3,257 है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 91 हजार से अधिक कोरोना टेस्ट किए गए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भारतीय विदेश सेवा के अधिकारीगणों ने शिष्टाचार भेंट की

# क्रूज बोट संचालन पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केन्द्र

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग देशी-विदेशी सैलानियों एवं श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रासाद स्कीम के अन्तर्गत वाराणसी के अस्सी घाट से राज घाट के बीच क्रूज बोट के संचालन के लिए 1071.65 लाख रूपये की योजना स्वीकृत करके मौजूदा समय में क्रूज बोट का संचालन किया जा रहा है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होने बताया कि कल योग दिवस के अवसर पर उन्होने क्रूज बोट के संबंध में जानकारी प्राप्त करके इसके संचालन को और व्यवस्थित एवं भव्य रूप से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि यह क्रूज बोट आगन्तुकों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों तथा स्थानीय लोगो के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। क्रूज बोट के संचालन से रोजगार के नये अवसर सृजित हुए है। इसके साथ ही आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि क्रूज बोट का प्रात: कालीन एवं सांय कालीन टूअर संचालित किये जा रहे है। जिसकी बुकिंग अलकनन्दा की वेबसाइट के माध्यम से आनलॉइन एवं सीधे टिकट कॉउन्टर से भी प्राप्त किया जा सकता है।

# कोरोना के बावजूद टेक्सटाइल निर्यात में 41 फीसदी की बढ़ोत्तरी

## ● उद्योग को नियोजित करने के लिए नोएडा में बनेगा अपैरल पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुनिया** में भारत के कपड़ों की पहचान है। नोएडा एवं गाजियाबाद की कई इकाइयों से कपड़े दुनिया के विभिन्न देशों में निर्यात होते हैं। फिलहाल इस उद्योग का अधिकांश हिस्सा असंगठित क्षेत्र में इसको संगठित करने के लिए योगी सरकार नोएडा में अपैरल पार्क बनाएगी। इससे एक ही जगह निवेशकों को सारी सुविधाएं मिलने से उनकी गुणवत्ता में सुधार होगा। निर्यात में भी वृद्धि होगी।

वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आंकड़ों पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश से निर्यात होने वाले सामानों में टेक्सटाइल/अपैरल की हिस्सेदारी 9 फीसद यानि 12996 करोड़ की रही। क्रमश: इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल और दूसरे नंबर पर मीट के उत्पादों को छोड़ दें प्रदेश से निर्यात होने वाले उत्पादों में अपैरल का तीसरा नंबर है। बात वृद्धि की करें तो 2020-2021 की तुलना में निर्यात में करीब 40 फीसद की वृद्धि रही। यह वृद्धि इसी समयावधि में इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल और मीट के उत्पादों से अधिक रही। वैश्विक महामारी कोरोना के बावजूद यह वृद्धि खुद में उल्लेखनीय मानी जाएगी। मालूम हो कि निर्यात में प्रदेश के टॉप टेन शहरों में गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद की हिस्सेदारी क्रमश: 41 एवं 11 फीसद है। निर्यात करने वाली अपैरल इंडस्ट्री भी इन्हीं जिलों में है। इनमें से अधिकांश अनियोजित क्षेत्र में हैं। इनको नियोजित कर एक ही जगह इनको सारी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए योगी सरकार नोएडा में अपैरल पार्क बनाएगी। इस पार्क में रेडीमेड गारमेंट्स की लगभग 115 निर्यातोन्मुखी इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य है। एक अनुमान के अनुसार इसमें तीन हजार करोड़ का निवेश आएगा। शीघ्र ही इस बाबत प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जुलाई में शिलान्यास और सितंबर 2025 तक सभी इकाइयों में व्यावसायिक उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इस उद्योग को संगठित रूप देने के लिए जिन शहरों या उनके आसपास रेडीमेड गारमेंट्स की संपन्न परंपरा रही है उनमें सरकार फ्लैटेड फैक्ट्री बनाएगी। पहले चरण में इसके लिए कानपुर नगर, गोरखपुर और आगरा को चुना गया है। क्लस्टर अप्रोच की संभानाओं के मद्देनजर ही सरकार सभी एक्सप्रेसवे के किनारे बनने वाले औद्योगिक गलियारों में उस क्षेत्र की परंपरा के अनुसार टेक्सटाइल उद्योग की स्थापना भी करेगी।

# सरकारी अधिकारियों से सौम्य व्यवहार करें विधायक

## हिमाचल प्रदेश में आयोजित महिला विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को आनंदीबेन पटेल ने ऑनलाइन किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन के प्रज्ञाकक्ष से हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला जिले में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित महिला विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम 'शी इज ए चेंजमेकर' के प्रथम बैच का ऑनलाइन शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने विधायकों को अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा बहुत सी महिला विधायक पहली या दूसरी बार जनाधार प्राप्त करके नेतृत्व में आयी होंगी, ऐसे में उन्हें समय के महत्व को अवश्य समझना चाहिए। किसी भी कार्यक्रम, बैठक या जनसभा में निर्धारित समय पर पहुंचना शीर्ष प्राथमिकता से अपने व्यवहार में लाने से वे कार्यक्रम स्थल पर अनावश्यक अवरोधों का कारण नहीं बनेंगी और जनप्रतिनिधि की गरिमा को स्थापित करेंगी।

राज्यपाल ने विधायकों से जनहितकारी कार्यों को सुगमता से क्रियान्वयन करने की दिशा में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि किसी भी सरकारी अधिकारी से ऊंचे स्वर में बात न करके सौम्य व्यवहार करें। उन्होंने कहा विनम्रता से बात करके कार्य कराना अधिक आसान है और जिन कार्यों को वे सम्पादित कराना चाहती हैंए उससे सम्बन्धित सरकारी परिपत्रों का सम्यक अध्ययन अवश्य करेंए जिससे वे कार्य कराने के सम्बन्ध में दृढ़ता से अपना पक्ष रख सकेंगी। उन्होंने विधायकों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे इस कार्य से सीधे जनता से जुड़ सकेंगी। इसके लिए ग्राम प्रधानों से जुड़कर कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सकेगा। विधायक गांवो में कैम्प लगाकर भी अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिला सकती हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को गम्भीरता से समझने के लिए प्रेरित करते हुए राज्यपाल ने विधायकों को अपने वक्तव्यों में संयमित रहने के लिए भी कहा। उन्होंने विधायकों से इतिहास की तथ्यपरक जानकारी रखने पर बल देते हुए कहा कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए अधिक सूचनाओं की जानकारी रखना, व्यवहार कुशल होना और सभी से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि विधायक जनप्रतिनिधि हैं और उनसे ये अपेक्षा की जाती है कि वे जातिगत समीकरण न अपनाएं, अपने समग्र क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य करें। अपने कार्यों का मासिक, वार्षिक और पंचवर्षीय आकलन कर उसे जनता के समक्ष प्रस्तुत भी करें। महिला आयोग के कार्यों पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने गुजरात में अपने कार्यकाल के दौरान 'नारी अदालत' के गठन की विशेष चर्चा की। उन्होंने बताया कि तहसील, जनपद और राज्य स्तर पर गठित ये 'नारी अदालत' आज भी कारगर है।

# भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के साथ किया संवाद

**लखनऊ।** सचिव औद्योगिक विकास एवं इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने उद्योग जगत को निवेश करने में सुविधा और शिकायत निवारण में पूर्ण सरकारी सहायता का आश्वासन दिया है। वह एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी एसोचैम यूपी के अधिकारियों और यूपी में व्यापारिक समुदाय की आकांक्षाओं को समझने के लिए राज्य का दौरा कर रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। सीईओए इन्वेस्ट यूपी ने आईएफएस अधिकारियों से राज्य में व्यापार करने में आसानी में सुधार और बुनियादी ढांचे के विकास में हुए परिवर्तन को विदेशों में प्रचारित करने का आग्रह किया।

उन्होंने विदेशों में भारतीय दूतावास की वेबसाइटों पर हाई नेटवर्क व्यक्तियों और उत्तर प्रदेश के निर्यातकों को प्रदर्शित करने एवं एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग में सहयोग के लिए कहा। आरके शरण सीईओ एसोचैम यूपी ने बताया कि इस संवाद सत्र का उद्देश्य राज्य के वर्तमान औद्योगिक वातावरण और निकट भविष्य में व्यापारिक समुदाय की अपेक्षाओं से अवगत कराना था। तारिक हसन नकवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसोचौमप ने बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों और अगले पांच वर्षों में राज्य में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था विकसित करने के लक्ष्य पर भी प्रकाश डाला। पस्थित आईएफएस अधिकारियो ने उत्तर प्रदेश के व्यापारिक व औद्योगिक प्रगति की सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में उद्यमों के विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिया। ट्रांसफार्मर निर्माता रजनीश चोपड़ा ने अन्य देशों की तकनीकी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए संगोष्ठी की आवश्यकता व्यक्त की। उन्होंने कहा भारत में ट्रांसफॉर्मर निर्यात करने की बहुत अच्छी क्षमता है किन्तु तकनीकी व्यवहार्यता के अभाव में निर्यात वांछित स्तर पर नहीं है।

# प्रौद्योगिकी विवि गोरखपुर को नैक मूल्यांकन में मिला 'ए' ग्रेड, राज्यपाल ने किया सम्मानित

**लखनऊ।** राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन के प्रज्ञाकक्ष में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की नैक टीम कमेटी के सदस्यों को नैक मूल्यांकन में 'ए' ग्रेड प्राप्त होने पर प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन के लिए प्रथम प्रयास में ही 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है।

उन्होंने इस अवसर पर कुलपति एवं नैक तैयारी के लिए गठित कमेटी के सदस्यों को बधाई दी और उन्हें इस उपलब्धि के लिए की गई तैयारियों को राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों से साझा करने के लिए प्रेरित किया। जिससे आवश्यक सुधार करके अन्य विश्वविद्यालय भी नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त कर सकें। राज्यपाल ने इस अवसर पर राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया और इस दिशा में निरन्तरता से किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा भी की। उन्होंने विश्वविद्यालय की नैक कमेटी के सदस्यों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि उन्हें अब आगे अपनी शेष कमियों को दूर करते हुए 'ए' श्रेणी को प्राप्त करने के लिए प्रयास करना है। इसी क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में लाने की दिशा में उपक्रम करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने हाल ही में चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ में अपने भ्रमण के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या मे विद्यार्थी वहां शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं। हमें प्रयास करना होगा कि यहां के विद्यार्थियों को प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उच्च शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि चण्डीगढ़ के शिक्षा संस्थानों में भ्रमण की शीघ्र ही एक अनुकरणीय रिपोर्ट अन्य विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराई जायेगीए जिससे वहां आवश्यक सुधार कर स्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

# भाजपा की अफवाहों से दूर रहें

## ● आजमगढ़ व रामपुर में सपा को जिताएंः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ और रामपुर के लोकसभा उपचुनाव में मतदाताओं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों धर्मेन्द्र यादव एवं आसिम राजा को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए 23 जून 2022 को ईवीएम में साइकिल चुनाव निशान वाला बटन दबाने की अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से कहा है कि वे भाजपा की अफ वाहों से सावधान रहें। भाजपा उनको गुमराह करने के लिए कई झूठी बातें प्रचारित कर सोशल मीडिया का दुरूपयोग कर रही है।

अखिलेश ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) और स्वयं मैं आजमगढ़ के लिए पराए नहीं परिवार के अपने सदस्य रहे हैं। हम दोनों को यहां के मतदाताओं ने लोकसभा में विजयी बनाकर भेजा था। मोहम्मद आजम खां ने रामपुर का विकास कर कायापलट किया है। आजम साहब ने रामपुर में शिक्षा के क्षेत्र में बेमिसाल कार्य किया है। आज दोनों संसदीय क्षेत्रों में जो समाजवादी प्रत्याशी हैं उनको बहुमत से जिताने की मैं हार्दिक अपील करता हूं। यादव ने कहा कि आजमगढ़ और रामपुर की जनता भाजपा राज में महंगाई, भ्रष्टाचार और बुलडोजर से बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। भाजपा सरकार ने इन क्षेत्रों में विकास नहीं किया जो कुछ विकास यहां हुआ वह समाजवादी सरकार के समय हुआ है। भाजपा राज में शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। अस्पतालों में न दवा है न इलाज। जनता इस सच्चाई को जानती है। इसलिए भाजपा चाहे जो कर लेए लेकिन भाजपा की हार और समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित है। यादव ने कहा कि आजमगढ़ और रामपुर के मतदाता जागरूक है। वे जानते है कि भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा है। संविधान में प्रदत्त मानवाधिकारों को भाजपा समाप्त करने की साजिशें कर रही हैं। मनमाने तरीके से जनता पर काले कानून थोपे जा रहे हैं। महिलाएं ही नहीं बच्चियां तक दुष्कर्म की शिकार हो रही है। छात्रों से छात्रवृत्ति, गरीबों से राशन और किसानों से सम्माननिधि छीनी जा रही है। नौजवान बेरोजगारी के शिकार है। महंगाई बेलगाम बढ़ रही है। जनता समाजवादी पार्टी को ही एकमात्र विकल्प मानती है।

# मायावती ने आजमगढ़ के मतदाताओं से मांगा समर्थन



**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने आजमगढ़ के मतदाताओं से लोकसभा उपचुनाव के लिए समर्थन मांगा है। मायावती ने कहा कि बसपा प्रत्याशी को जन समर्थन मिल रहा है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि यूपी में आज़मगढ़ लोकसभा की सीट पर कल 23 जून को होने वाले उपचुनाव में बसपा को जिस प्रकार से सभी वर्गों व धर्मों के लोगों का समर्थन मिल रहा है, वह काफी उत्साहवर्धक है। विरोधियों के हथकंडों से दूर रहकर यह जन समर्थन वोट में भी जरूर बदलेगा, ऐसा पूर्ण विश्वास है। मायावती ने बताया कि बीएसपी उम्मीदवार शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली के लोकल व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लोगों का हमेशा मददगार होने के कारण इनकी साख व लोकप्रियता विरोधियों से कहीं अधिक है।

# सपा ने जताई धांधली की आशंका

## आयोग से की निष्पक्ष मतदान कराने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में भाजपा द्वारा चुनाव जीतने के लिए धांधली कराने और समाजवादी पार्टी के वोटों को रोकने सहित मतदाताओं को भयभीत कराने की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से करते हुए स्वतंत्र, पारदर्शी निष्पक्ष मतदान कराने के लिए अधिकारियों को सख्त आदेश देने की मांग की है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल न बुधवार को मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि भाजपा हार के डर से सत्ता के दुरूपयोग पर उतारू है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को झूठे केसों में फं साने की साजिशें की जा रही है। समाजवादी पार्टी के शिकायती पत्र में कहा गया है कि लोकसभा क्षेत्र 69-आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र सगड़ी, गोपालपुर और मेंहनगर के कई गांवों में सरकार के दबाव में प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व ग्राम प्रधानों को धमकाया जा रहा है तथा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए दबाव दिया जा रहा है। यह भी जानकारी मिली है कि भाजपा के स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के मतदाता को रोकने के लिए तथा मतदान बाधित करने के लिए समाजवादी पार्टी के सर्क्रिय कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर पुलिस को दी गयी है ताकि थानाध्यक्षों के माध्यम से उनको घर से उठाकर थाने में बैठाया जा सके। इसी तरह रामपुर में सर्क्रिय समाजवादी कार्यकर्ताओं को जबरन घरों से उठाया जा रहा है और विभिन्न थानों में उन्हें बैठाया गया है। घंटों पूछताछ कर उत्पीड़न किया जा रहा है।

**लोकसभा उप चुनाव**

# भाजपा के पास खोने को कुछ नहीं तो सपा के सामने गढ़ बचाने की चुनौती

## ● आजमगढ़ में बीजेपी को पिछड़े वोट बैंक से बड़ी आस

## रामपुर में भाजपा कांटे से कांटा निकालने की रणनीति पर कर रही है काम

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

**यूपी** की दो लोकसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव में सत्तारूढ़ दल भाजपा के पास खोने के लिए कुछ नहीं है जबकि सपा के सामने गढ़ बचाने की चुनौती साफ दिखाई पड़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में रामपुर और आजमगढ़ सीट सपा के खाते में थी अब जब यूपी में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है तो सपा के सामने अपने किले को संभाले रखना किसी भगीरथी प्रयास से कम नहीं है। रामपुर में सपा अपने परंपरागत मुस्लिम वोट बैंक के सहारे है तो भाजपा ने यहां कांटे से कांटा निकालने की रणनीति के तहत सपा के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। यहां मुकाबला सीधा सपा और भाजपा के बीच में है क्योंकि कांग्रेस और बसपा इस सीट पर चुनाव मैदान में नहीं है। वहीं आजमगढ़ में सपा मुस्लिम और ओबीसी कार्ड के जरिए मैदान में हैं। बसपा ने भी मुस्लिम प्रत्याशी खड़ा किया है तो वहीं भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव से परास्त हुए दिनेश लाल यादव को फिर मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ सीट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जीत मिली थी। उन्होंने भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को ढाई लाख से अधिक वोट से हराया था। अखिलेश को छह लाख 21 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। वहीं निहरुआ तीन लाख 61 हजार से ज्यादा वोट पाने में सफल रहे थे। इस बार सपा ने यहां से अपने चचरे भाई और बदायूं लोकसभा सीट से 2019 में चुनाव हारे धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया है। सपा यह संदेश देने की कोशिश में है कि उसके लिए जितना सैफई अपना है उतना ही आजमगढ़ भी अपना है। भाजपा दिनेश लाल यादव के जरिए ओबीसी और पिछड़े वोट बैंक पर नजर गड़ाए है जबकि बसपा के गुडडू जमाली अगर अच्छा चुनाव लड़ते हैं तो वह मुस्लिम वोट बैंक के जरिए सपा को नुकसान पहुंचा सकते है जिसका सीधा लाभ भाजपा को हो सकता है। आजमगढ़ जिले की पांच विधान सभा सीटें गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़ और मेहनगर में 2022 के विधान सभा चुनाव में सभी सीटों पर सपा को जीत मिली थी। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को ढाई लाख से अधिक वोट से हराया था। अखिलेश को छह लाख 21 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। आजमगढ़ की मेंहनगर विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां एक लाख से ज्यादा दलित वोटर हैं। इसके अलावा 70 हजार से ज्यादा यादव वोटर भी हैं। राजभर और चौहान मतदाताओं की संख्या भी 35 हजार से अधिक है। इस सीट पर मुस्लिम वोटरों की संख्या भी 20 हजार से ज्यादा है। आजमगढ़ सदर सीट पर सबसे ज्यादा 75 हजार से अधिक यादव वोटर हैं। दलित और मुस्लिम मतदाताओं की सं या भी 60 हजार के करीब है। मुबारकपुर मुस्लिम बहुल सीट है। यहां मुस्लिम मतदाता एक लाख 10 हजार से ज्यादा हैं। वहीं दलित वोटरों की संख्या 78 हजार तो यादव वोटरों की संख्या 61 हजार के करीब है। बसपा उ मीदवार गुड्डू जमाली इस सीट से 2017 में विधानसभा चुनाव जीते थे। 1996 में सपा के टिकट पर रामाकांत यादव चुनाव जीते, 1999 में रामाकांत फिर सपा के टिकट पर चुनाव जीते, 2004 में बसपा के और 2009 में भाजपा के टिकट पर रमाकांत यादव के सर जीत का सेहरा बांध था। रामाकांत यादव इस सीट से चार बार सांसद बने दो बार सपा और एक बार भाजपा और बसपा के टिकट पर चुनाव जीते, 2014 मे मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश चुनाव जीते स्पष्ट है कि आजमगढ़ में सबसे अधिक बार सपा का ही साइकिल दौड़ी है। ऐसे में भाजपा के पास गवाने के लिए कुछ भी नहीं है जबकि सपा को 2024 के आम चुनाव से पहले अपने गढ़ को बचाने की बड़ी चुनौती है।

अब अगर रामपुर लोकसभा सीट की बात करें तो भाजपा ने रामपुर में कांटे से कांटा निकालने की रणनीति के तहत काम किया है। क्योंकि भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी इस सीट से 1998 में कांग्रेस की बेगम नूर बानों को हराकर लोकसभा पहुंचे थे। उससे पहले भाजपा के राजेंद्र शर्मा ने 1991 में कांग्रेस के जुल्फीकार अली खान को हराया था। 1984 से लेकर 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम का विश्लेष करें तो यहां पर पहले कांग्रेस और फिर सपा का ही दबदबा रहा है। 2014 में भाजपा के डा. नैपाल सिंह ने सपा के नसीर अहमद खान को हराया था। बीजेपी मात्र तीन बार इस सीट पर चुनाव जीत सकी है। जातिगत आंकड़े को देखते हुए भाजपा ने जयाप्रदा के बाद अब घनश्याम लोधी को विपक्ष के हथियार को उसी पर आजमाने का दोबारा प्रयोग किया है। वह ऐसे कि एक समय में घनश्याम लोधी आजम खां के करीबी रहे है। घनश्याम लोधी सपा से दो बार विधान परिषद सदस्य भी रहे हैं। 2016 में सपा ने आजम की ही वजह से घनश्याम लोधी को एमएलसी चुनाव लड़वाया था। 2022 के विधान सभा चुनाव के दौरान घनश्याम लोधी ने सपा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। सपा के टिकट पर 2004 और 2009 में जयप्रदा ने यहां से चुनाव जीता था। 2014 में सपा ने जयप्रदा का टिकट काटकर नसीर अहमद खान को टिकट दिया था और इस चुनाव में भाजपा के डा नैपाल सिंह ने नसीर खान को हराकर यहां भगवा फहराया था। 2019 में सपा छोडकर भाजपा का दामन थामने वाली जयप्रदा को इस सीट से चुनाव लड़ाया था लेकिन आजम खान से जयप्रदा चुनाव हार गई थी। भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को विजय बनाने के लिए भाजपा भी पूरी तरह से कमर कसे हुए है। भाजपा ने प्रदेश सरकार के तमाम मंत्रियों, डिप्टी सीएम यहां तक की मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार किया है। पहली बार हो रहा है कि रामपुर से कांग्रेस ने अपना कोई प्रत्याशी नहीं खड़ा किया है। रामपुर जिले की पांच विधान सभा सीटों में 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटें सपा को तो दो सीटें भाजपा को मिली थीं। रामपुर विधानसभा सीट से आजम खान, स्वार से उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और चमरौआ विधानसभा सीट से नसीर अहमद खान सपा के टिकट पर जीते थे। वहीं बिलासपुर सीट से बलदेव औलख और मिलख सीट से राजबाला सिंह भाजपा के टिकट पर जीतीं थीं। रामपुर जिले की विधान सभा सीट रामपुर, स्वार और चमरौआ सीट मुस्लिम बहुल सीटे हैं।

# जिम्मेदारी मनुष्य की सफलता का मूलमंत्र: साकेन्द्र प्रताप वर्मा

**संवाददाता।** महमूदाबाद, सीतापुर

**सभी अपनी** जिम्मेदारियों का करें निष्ठा पूर्वक निर्वहन, तो समस्याओं का होगा समाधान, जीवन में मिलेगी सफलता। जिम्मेदारी मनुष्य की सफलता का मूलमंत्र है। यदि विद्यार्थी मेरा जीवन मेरा उत्तरदायित्व जैसी गहन बात को समझ ले तो निश्चय ही वह एक सुनहरे कल के स्वप्न को संजो सकता है। जिम्मेदारी का एहसास ही व्यक्ति को महान बनाता है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश एवम् जनपद की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूप और अच्छे ढंग से निभाना ही आपको एक स्वतंत्र नागरिक बनाता है। जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर आप स्वयं के सपने साकार कर सकते है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि मोहन प्रसाद बारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा मां शारदे व भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जलन से हुआ। सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रदेश व जनपद मेरिट में स्थान लाने वाले व कालेज के 109 मेधावियों व उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर, उपप्रधानाचार्य आरजे वर्मा, आदर्श जायसवाल, प्रधानाचार्य अनंत रत्नम, सांस्कृमिक प्रमुख प्रतिभा सिंह, राजकुमारी वर्मा ने किया। कार्यक्रम ने कालेज के डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के शिशु भारती प्रमुख यशपाल वर्मा द्वारा किया गया। आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन कालेज के प्रधानाचार्य आरके वाजपेयी द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश मेरिट में छठा स्थान पाने वाली हाईस्कूल की छात्रा शीतल वर्मा व 11वां स्थान पाने वाली छात्रा पलक मौर्या की पूर्ण शुल्क मुक्ति की भी घोषणा की। स अवसर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने की डीएम के साथ बैठक

● **बेसिक शिक्षा में संचालित योजनाओं की समीक्षा**



**संवाददाता।** सीतापुर

**प्रमुख सचिव** बेसिक शिक्षा दीपक कुमार की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में सोमवार की शाम को बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि मिड डे मिल में किसी तरह की अनियमितता न बरती जाये। बच्चों के शिक्षण एवं उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति नियमित रूप से चेक की जाये। अधिगम, पाठ्यक्रम, कार्ययोजना, परीक्षा मूल्यांकन आदि की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सभी में गुणत्तापूर्ण सुधार सुनिश्चित किया जाये। नामांकन के लक्ष्य को त्वरित पूर्ण किया जाये। छात्र प्रतिदिन निर्धारित यूनीफार्म में ही उपस्थित हों, यह सुनिश्चित किया जाये। शिव नाडर फाउण्डेशन द्वारा बेसिक शिक्षा में विभिन्न प्रकार की सहायता दिये जाने पर एरिया मैनेजर मनोज शुक्ला का आभार व्यक्त किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि मलिन बस्तियों, गरीब बस्तियों पर विशेष ध्यान देते हुये विशेष ध्यान दिया जाये। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये क्लस्टर बनाकर विद्यालयों को माडल स्कूल के रूप में विकसित करने हेतु अवाश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### लाइसेंस रिनीवल न कराने पर जारी किए गए चालीस को नोटिस

**मोहम्मदी-खीरी।** जिस तरीके से सार्वजनिक वितरण प्रणाली मैं खाद्य सुरक्षा का लाइसेंस अनिवार्य कर दिया गया है उसी तरीके से मेडिकल स्टोर व स्वास्थ्य संबंधी दवा, रखने पर खाद्य सुरक्षा का लाइसेंस अनिवार्य है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालित लोगो को भी लेना होगा खाद्य सुरक्षा लाइसेंस। खाद निरीक्षक ने बताया कि मोहम्मदी क्षेत्र में 40 मेडिकल स्टोर चिन्हित किए गए हैं जिन को नोटिस जारी की गई है। 3 दिन का समय दिया गया है। 3 दिन के उपरांत भी अगर खाद पंजीकरण का लाइसेंस नहीं बनवाते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। नोटिस मिलते ही मेडिकल स्टोर लाइसेंस धारकों में हड़कंप सा मच गया।

### एसडीएम ने किया मेधावियों का सम्मान

**महमूदाबाद सीतापुर।** यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट परीक्षा में जिले में टॉपर छात्राओं को एसडीएम ने अपने कार्यालय पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने छात्राओं को एक दिन के लिये एसडीएम बनाकर जनसुनवाई की प्रक्रिया भी दिखाई। छात्राओं ने आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना और प्रशासनिक कार्यव्यवहार को भी समझा। आईएएस बनने का लक्ष्य रखने वाली छात्रा कविता वर्मा को एसडीएम ने प्रेरित कर हमेशा आगे बढ़ने की सलाह दी। यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट परीक्षाफल में प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज की छात्रा खुशी वर्मा को जिले में प्रथम स्थान तथा कविता वर्मा को जिले में तीसरा स्थान मिला है। बाबूराम सावित्री देवी इण्टर कालेज की छात्रा प्रांशी वर्मा को जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। बुधवार को एसडीएम दिव्या ओझा ने तीनों छात्राओं को अपने कार्यालय पर बुलाया। एसडीएम ने छात्राओं से वार्ता कर उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। छात्रा कविता वर्मा ने बताया कि वह आईएएस बनना चाहती है। जिसके बाद एसडीएम ने कविता को एक दिन का एसडीएम बनाया और जनसुनवाई प्रक्रिया व प्रशासनिक कार्यव्यवहार के बारे में बताया। छात्रा ने आने वाले फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को समझा। एसडीएम ने तीनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण कुमार, शशि सिंह, शिक्षक पुष्कर वर्मा, भाजपा नेता मोहन बारी, लेखपाल ललित सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ईएमटी ने कराया सुरक्षित प्रसव

**लहरपुर सीतापुर।** विकासखंड लहरपुर के अंतर्गत ग्राम जामिन नगर पतवारा निवासिनी आशा अनीता देवी ने स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस सेवा 102 पर फोन कर सूचना दी कि उनके पड़ोस की महिला सुमन पत्नी दीपक को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना है। प्राप्त सूचना के आधार पर लखनऊ मुख्यालय से लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात ईएमटी शीलू राठौर को सूचित किया गया। जिस पर उन्होंने तत्काल एंबुलेंस चालक प्रमोद कुमार के साथ मौके पर जाकर प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को एंबुलेंस में बिठाया। रास्ते में पहुंचने पर प्रसव पीड़िता को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी, जिस पर ईएमटी शीलू राठौर ने तत्काल एंबुलेंस रुकवा कर सुरक्षित प्रसव करवाया। जिसके चलते पुत्री का जन्म हुआ। ईएमटी शीलू राठौर की सूज बूझ के चलते सुरक्षित प्रसव कराए जाने के लिए प्रसूति महिला के परिजनों ने ईएमटी शीलू राठौर व चालक प्रमोद की खूब सराहना की। प्रसव कराने के बाद जच्चा व बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में भर्ती कराया गया। जहां पर दोनों लोग पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली ।** ननिहाल से वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेजी से आ रहे एक टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव कुसारी निवासी मुन्ना सिंह चौहान के 22 वर्षीय बेटे डब्ल्यू चौहान की बीती रात आंवला स्थित होली फैमिली स्कूल के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि डब्लू चौहान कल दिन में चंदौसी स्थित अपनी ननिहाल गया था जहां से शाम को वापस अपने घर लौटने के लिए मोटरसाइकिल पर चला था लेकिन रात में घर से कुछ पहले होली फैमिली स्कूल के पास पीछे से आ रहे एक टैंकर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा डब्लू गंभीर रूप से घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने टैंकर को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक डब्ल्यू चौहान की मौत हो चुकी थी ।पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया और मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी। जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और टैंकर चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी ।

**नवागत वी.डी.ओ. ने की ग्राम पंचायत की बैठक**

# बिसवां ब्लाक की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में हुई बैठक

**संवाददाता।** सीतापुर

● **नवागत वी.डी.ओ. ने सभी पंचायत सदस्यों से परिचय प्राप्त किया तथा आश्वस्त करता हुये कहा कि आज इस ग्राम पंचायत में मेरी उपस्थिति में पहली बैठक है**

**सरकार की** मंशा के अनुसार गत 20 जून से हर ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार बैठकें आहूत की जा रही हैं जिसके क्रम में मंगलवार को बिसवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में दोपहर 12 बजे से आहूत की गयी। बैठक में नवागत ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव के अलावा ग्राम प्रधान साजिदा खातून , पंचायत सहायक अनीता देवी सहित लगभग ग्यारह पंचायत सदस्य मौजूद थे। बैठक में पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनायी गयी जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया। नवागत वी.डी.ओ. ने सभी पंचायत सदस्यों से परिचय प्राप्त किया तथा आश्वस्त करता हुये कहा कि आज इस ग्राम पंचायत में मेरी उपस्थिति में पहली बैठक है।सभी सदस्य एक रजिस्टर पर अपने अपने वार्डों की समस्यायें नोट करें तथा कराये जाने वाले कार्यों को नोट करें।प्रत्येक मंगलवार को मैं पंचायत भवन में बैठूंगा जहां सभी सदस्य मुझसे मिलकर नोट करा देंगे जिसे ग्राम पंचायत की बैठक में प्रस्ताव में सम्मिलित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराये जायेंगे।बता दें कि नये पंचायत सचिव मंगलवार को पहली बार ग्राम पंचायत जहांगीराबाद की बैठक में आये थे। उन्होंने ग्राम प्रधान से गांवों की साफ सफाई और कूड़ा निस्तारण पर भी चर्चा की।सेक्रेटरी ने बताया कि अभी मुझे पूरे प्रपत्र चार्ज में नहीं मिले हैं जो जल्द ही मिल जायेंगे और पूरी निष्ठा व लगन के साथ बिना भेदभाव के सरकार की मंशानुरूप पूरी ग्राम पंचायत में कार्य कराये जायेंगे। बैठक में पंचायत समितियों की भी जानकारी ली गयी।समिति के सदस्यों से जागरूकता के साथ समितियों के कार्य निष्पादन के लिये जागरूक और सक्रिय रहने को कहा गया।

# पहला आश्रम की सम्पत्ति पर विवाद शुरू

● **दो गुटों में हुआ मनमुटाव, अलग-अलग ठोक रहे दावा**

**संवाददाता।** सीतापुर

**84 कोसी परिक्रमा** पर आपसी मतभेद के चलते संकट के बादल मंडरा रहे हैं पहला आश्रम की संपत्ति विवाद का विषय बन रही है थाना संदना व नैमिष के आश्रम को हथियाने के लिए महंतों में होड़ लगी हुई है जिसके चलते नैमिष स्थित आश्रम के अभिलेखागार में रखे आश्रमों के कागजों को लेकर दो गुटों के बीच में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है जिसके चलते दोनों ही गुटों ने अभिलेखागार में अपने-अपने ताले जड़ दिए हैं जिसको लेकर सुनना क्षेत्र के पहलाआश्रम में एक बैठक बुलाई गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आश्रम की गद्दी को लेकर अभी मामला शांत नहीं,नैमिष में बने 84 कोसी परिक्रमा अध्यक्ष के आश्रम पर दो संतो ने अलग-अलग अपना ताला जड़े हुए हैं। यह बातें पाहला आश्रम में आयोजित बैठक में साधु-संतों ने कही है। मंगलवार के दिन संदना इलाके के स्थित पहला आश्रम पर साधु-संतों ने एक बैठक की। बैठक में महंत संतोष दास खाकी आश्रम बनगढ़ की मौजूदगी रही,उन्होंने परिक्रमा के विभिन्न पड़ावों पर पढ़ने वाली समस्याएं गिनाई उन्होंने कई पड़ाव पर अवैध कब्जा धारी की भी बात कही है। उसी दौरान 84 कोसी परिक्रमा अध्यक्ष के देहांत के बाद पहला आश्रम की गद्दी को लेकर के अभी बहस चल रही है। पसला आश्रम के निवासी महंत नारायण दास उर्फ ननहकू दास का कहना है महाराज जी के देहांत के बाद कार्यालय में सारे अभिलेख परिक्रमा से संबंधित रखे हुए हैं। जिसमें महंत बजरंग दास ने ताला लगा दिया है, तो वही दूसरा ताला उन्होंने अपना लगाना बताया है। जिससे विवाद की उत्पत्ति बनी हुई है ।इस दौरान बैठक में महंत संतोष दास ने स्थानीय लेखपाल को प्रस्ताव के दौरान बताते हुए उन्होंने प्रशासन की मौजूदगी में ताला खुलवाने की बात कही है।महंत संतोष दास खाकी का कहना है परिक्रमा से संबंधित सारे अभिलेख अलमारी में बंद हैं। आने वाले आगामी परिक्रमा की रूपरेखा बगैर अभिलेखों के नहीं तैयार हो सकती है कई साधु संत नारायण दास के पक्ष में बोलते हुए दिखे तो कई साधु संत बजरंग दास के पक्ष में बोलते हुए नजर आए।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार भाइयों को तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी एक की मौके पर ही मौत हो गई दूसरे को मामूली चोट आई पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज कर मृतक के शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।कस्बा व थाना फतेहगंज पूर्वी निवासी 22 वर्षीय ओमप्रकाश उर्फ गुड्डू पुत्र पुत्तू लाल की कल शाम फरीदपुर स्थित अग्रसेन महाविद्यालय के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि ओमप्रकाश और उसका बड़ा भाई पातीराम कल दिन में अपने किसी काम से फरीदपुर गए थे ।

# मांग पर लगाईं दस टंकी



**संवाददाता मोहम्मदी-खीरी।**

*रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून*

*पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून*

ये पंक्तियां इसलिए लिखी गई हैं पानी और प्यास का बहुत ही मजबूत रिश्ता है। बगैर पानी कुछ संभव नही है। आज मोहल्ला देवस्थान के 10 परिवार ऐसे थे जो गरीबी और तंगहाली के चलते अपने घरों में हैंड पंप नहीं लगा सकते थे तथा पानी की समस्या से जूझ रहे थे। अपनी वेदना नगर पालिका परिषद के चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा के आवास पर जाकर सलमान, वसीम, इस्माइल व इब्राहिम सहित अन्य व्यक्ति ने व्यक्ति की। आज स्पर्श मेहरोत्रा ने मोहल्ले में जाकर नगर पालिका परिषद की तरफसे समरसेबल से दस टंकी हर घर पर लगवाने का काम किया है। कहा कि जनहित के काम को प्राथमिकता के आधार पर कराना हमारा कर्तव्य बनता है। वही पानी की समस्या से जूझ रहे परिवार का खुशी का ठिकाना नहीं रहा और बोले कि हम सारे जरूरी काम मदरसे में जाकर करते थे अब पानी मिल गया है तो जहान मिल गया है।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण व उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता :डीएम

**लखीमपुर खीरी।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान, संचारी रोगों, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के लिए बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर मौजूद रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संचारी रोगों, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं इसके त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई एवं दस्तक अभियान 16 से 31 जुलाई के मध्य प्रस्तावित है। डीएम ने कहा कि जिलभर में तहसील, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, आमजन को बताएं कि मच्छर जनित एवं संचारी रोगों से बचने के लि, क्या करें और क्या न करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दि, कि जिले में फर्जी लैबो का संचालन कदापि ना हो, वही डेंगू की टेस्टिंग अनुमन्य किट का इस्तेमाल हो, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। सभी एमओआईसी एसडीएम से समन्वय कर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। डीआईओएस व बीएसए को निर्देश दिए कि बच्चों को स्कूलों में लार्वा पनपने के स्रोतों की न केवल जानकारी दी जाए बल्कि उनके मध्य प्रतियोगिता भी कराई जाए। सभी मलेरिया निरीक्षकों को फील्ड में एक्टिवेट किया जाए। सभी हाई रिस्क गांव में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाए। जिसे रैंडम चेक भी करें। बैठक में अभियान की पाटनर एजेंसी यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ व पाथ के प्रतिनिधियों ने पीपीटी के माध्यम से अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आशा एवं एएनएम के गुणवत्तायुक्त भ्रमण, मॉनिटरिंग कवरेज प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एमओआईसी, डीपीआरओ सौम्य शील सिंह, बीएस, डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, डीएसओ विजय प्रताप सिंह, डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बाघ के हमले में ग्रामीण घायल



**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली तिकुनियां के खैरटिया के सामने महज तीन किलोमीटर दूर स्थित भरथापुर गांव निवासी 52 वर्षीय घनश्याम को बाघ ने घर के पास ही हमला कर गम्भीर घायल कर दिया है। बाघ के हमले में घनश्याम के गले और सिर पर पीछे गंभीर घाव हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि पिछले सप्ताह राम मंदिर के पुजारी बाबा मोहन दास को निवाला बनाने व खैरटिया में दो गायों को मार डालने वाले बाघ ने ही यहां हमला किया है। हाथियों के साथ वन विभाग की गतिविधियों से डर कर अब यह टाइगर मुहाना, कौड़ियाला नदियों को पार कर भरथापुर पहुंच गया हो।

# पुलिस ने सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**निघासन-खीरी।** चंदनचौकी के विद्यालय प्रताप नरायण मिश्र स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय समर कैम्प में अंतिम दिन चंदन चौकी कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर विद्यालय की बालिकाओं को आत्मनिर्भरता के बारे में गुर सिखाए और आत्मनिर्भर रहने के लिए कई टिप्स देकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। कोतवाली के पुलिस बल द्वारा विभिन्न प्रकार की आत्मनिर्भरता के बारे में बताए। इस समर केम्प का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव के द्वरा किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार बड़े धूमधाम के साथ समर केम्प का आयोजन किया गया है। इस समर केम्प में सभी छात्रों को मानशिक विकास और शारीरिक विकास और आत्मनिर्भरता विभिन्न प्रकार की छात्रों के हितकारी के बारे में बताया गया। इस दौरान, योगेश कुमार, राघव, राधेश्याम जिंदल समस्त अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

### उद्धव ठाकरे...

पदों को संभालने में सक्षम नहीं हूं। मैं तत्काल इस्तीफा दे दूंगा। मैं कुर्सी से चिपके रहने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं अपना इस्तीफा तैयार रखूंगा और आप आकर उसे राजभवन ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर किसी शिवसैनिक को अपना उत्तराधिकारी देखकर उन्हें खुशी होगी। ठाकरे ने नवंबर 2019 की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार के सुझाव पर अपनी अनुभवहीनता के बावजूद मुख्यमंत्री का पद संभाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राकांपा के कई दशकों तक शिवसेना के राजनीतिक विरोधी होने के बावजूद महा गठबंधन अस्तित्व में आया। उन्होंने कहा कि अगर मेरे अपने लोग मुझे नहीं चाहते, तो मैं सत्ता से चिपके रहना नहीं चाहता। मैं चुनौतियों का डटकर सामना करता हूं और कभी भी पीठ नहीं दिखाता। शिंदे ने सूरत से सबसे तगड़ा वार हिंदुत्व त्यागने को लेकर किया था। उन्होंने कहा कि आज की शिवसेना ने हिंदुत्व को त्याग दिया है। हम बाला साहेब ठाकरे के अनुयासी हैं और हिंदुत्व से समझौता नहीं कर सकते। इसका जवाब देते हुए ठाकरे ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारियों से नहीं भागते और उन्होंने हिंदुत्व नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो सौंपा गया कोई भी कार्य पूरे दृढ़ संकल्प के साथ करता है। इन दिनों चर्चा हो रही है कि शिवसेना बालासाहेब ठाकरे की पार्टी नहीं रही और हिंदुत्व छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि विद्रोही हिंदुत्व के मुद्दे को हथियाने की कोशिश कर रहे हैं और विचारधारा के प्रति शिवसेना की प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व शिवसेना की सांस है। मैं विधानसभा में हिंदुत्व के बारे में बोलने वाला पहला मुख्यमंत्री था। राज्यपाल को सौंपे गए अपने पत्र में शिंदे ने कहा है कि पार्टी विधायकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं में सरकार के भ्रष्टाचार में घिर जाने के कारण गहरी नाराजगी है। इस पत्र में राज्य के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख और मंत्री नवाब मलिक का जिक्र करते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। दोनों ही लोग इस समय जेल में हैं।

### शिंदे का...

पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 55 विधायक हैं। दल-बदल विरोधी कानून के प्रावधानों के अनुसार, विलय के लिए किसी विधायक दल के दो-तिहाई सदस्यों की सहमति की आवश्यकता होती है, जिन्होंने किसी अन्य राजनीतिक दल के साथ विलय करने की सहमति दी हो। अयोग्यता से बचने के लिए शिंदे को 37 विधायकों (55 विधायकों में से दो तिहाई) का समर्थन सुनिश्चित करना होगा। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि वैचारिक रूप से विपरीत राकांपा और कांग्रेस के साथ एमवीए सरकार बनाते समय शिवसेना की हिंदुत्व की मूल विचारधारा और मराठी मानुष के अधिकारों की रक्षा के साथ समझौता किया गया था। शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने महा विकास अघाडी को भ्रष्ट सरकार करार दिया। पत्र में कहा गया कि राकांपा और कांग्रेस (नवंबर 2019 में) के साथ सरकार बनाने से शिवसैनिकों में भारी असंतोष था, क्योंकि दोनों दल वैचारिक रूप से शिवसेना के विरोधी हैं। विद्रोह का झंडा फहराने के अपने कदम के पीछे के कारणों की ओर इशारा करते हुए, विधायकों ने कहा कि उन्हें और शिवसेना कार्यकर्ताओं को वैचारिक विरोधियों का समर्थन करने के लिए मतदाताओं से अपमानजनक प्रश्नों का सामना करना पड़ रहा था। पत्र में कहा गया कि इस भ्रष्ट महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा होने के कारण हमारी काफी आलोचना भी हुई है। पत्र में कहा गया कि शिवसेना व्यापक वैचारिक आधार वाली पार्टी है जिसका गठन स्थानीय मराठी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के उद्देश्य से किया गया था।

### सूरत से...

को, 20-25 लोगों और पुलिस कर्मियों ने मुझे सूरत के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। उन्होंने कहा कि मुझे दिल का दौरा पड़ा था लेकिन मुझे कोई दिल का दौरा नहीं पड़ा था। मेरा रक्तचाप भी नहीं बढ़ा था। उनका इरादा गलत था। मुझे जबरन कुछ सूई लगाई गई।

### अफगानिस्तान में...

और अन्य इमारतें अधिक मजबूत नहीं बनी हुई हैं और भूस्खलन होना आम बात है। विशेषज्ञों ने भूकंप के केंद्र की गहराई महज 10 किमी बताई है, जो इससे हुए विनाश का दायरा बढ़ा सकता है। इस आपदा ने तालिबान नीत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है, जिसने पिछले साल सत्ता पर कब्जा कर लिया था। बचावकर्मी हेलीकॉप्टर से मौके पर पहुंचे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर कब्जा कर लेने के बाद कई अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियों के अफगानिस्तान से चले जाने के कारण इसमें दिक्कत आने की संभावना है। अफगानिस्तान में सर्वश्रेष्ठ परिस्थितियों में भी ग्रामीण इलाकों में पहुंचने में मुश्किल होती है और भूकंप से पर्वतीय क्षेत्र की सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर, तालिबान सरकार के एक अधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है। अफगानिस्तान की आपात सेवा के अधिकारी सराफुद्दीन मुस्लिम ने कहा , किसी देश में जब इस तरह की कोई बड़ी आपदा आती है तब अन्य देशों की मदद की जरूरत पड़ती है। पड़ोसी देश पाकिस्तान के मौसम विभाग ने कहा कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में खोस्त शहर से करीब 50 किमी दक्षिणपश्चिम में था। खोस्त प्रांत में इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। भूकंप के झटके 375 किमी दूर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भी महसूस किए गए। पक्तिका से प्राप्त फुटेज में यह देखा जा सकता है कि लोग कंबल में लपेट कर घायलों को हेलीकॉप्टर तक पहुंचा रहे हैं।

### हर संभव...

खबर से गहरा दुख हुआ। जनहानि पर मेरी गहरी संवेदना। मोदी ने कहा, भारत मुश्किल समय में अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा है और जल्द से जल्द हर संभव आपदा राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

### थाने में...

बाद में दावा किया कि वह शिकायतकर्ता है, लेकिन उसके पास से तहरीर की कोई प्रति बरामद नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना सिर दीवार पर दे मारा था जिससे उसको हल्की चोट आई है। शुरुआती जांच के अनुसार, घटना में सिर्फ एक व्यक्ति के शामिल होने की आशंका है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

### श्रीलंका ने...

अब केवल ईंधन, गैस, बिजली और भोजन की कमी से कहीं अधिक गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से पतन का सामना करना पड़ा है। आज हमारे सामने यही सबसे गंभीर मुद्दा है। इन मुद्दों को केवल श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करके ही सुलझाया जा सकता है। ऐसा करने के लिए, हमें सबसे पहले विदेशी मुद्रा भंडार के संकट का समाधान करना होगा। विक्रमसिंघे ने कहा कि श्रीलंका की एकमात्र उम्मीद अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से है।

### मोदी 26...


में हिस्सा लेने शोल्स एल्माउ जाएंगे। जी7 समूह दुनिया के सात सबसे अमीर देशों का समूह है जिसकी अध्यक्षता अभी जर्मनी कर रहा है। इस समूह में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, ईटली, जापान और अमेरिका शामिल है। जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन जर्मनी की अध्यक्षता में हो रहा है जिसमें अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों को भी आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडू सहित कई अन्य शीर्ष नेता हिस्सा ले रहे हैं।

### राष्ट्रपति चुनाव...

मोदी जी ने मुझ से इस पर चर्चा की। यह निश्चित रूप से ओडिशा के लोगों के लिए गर्व का क्षण है।' झारखंड की पूर्व राज्यपाल मुर्मू (64) यदि इस पद के लिए चुन ली जाती हैं तो शीर्ष संवैधानिक पद पर बैठने वाली वे ओडिशा से पहली व्यक्ति और पहली आदिवासी होंगी। वाईएसआर कांग्रेस नेता तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी भी मुर्मू का समर्थन कर सकते हैं। नामांकन के दौरान मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री तथा बीजद समेत समर्थन देने वाली अन्य पार्टियों के महत्वपूर्ण नेता उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री के पहले प्रस्तावक बनने की उम्मीद है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल करने के लिए पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की। ये सभी मुर्मू के समर्थन में देश भर में अभियान चलाएंगे। जो देश के शीर्ष संवैधानिक पद के लिए चुनाव लड़ने जा रही हैं। रास्ते में खड़े बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने उन्हें पुष्प उपहार में दिए और नमस्ते किया या हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

# मोदी, शाह को सत्ता से बेदखल करने के लिए कुछ लोग फैला रहे अराजकता: रामदेव

**नई दिल्ली।** योगगुरु स्वामी रामदेव ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शनों को अर्थहीन राजनीति करार देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कुछ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को सत्ता से बेदखल करने के लिए देश में अराजकता फैला रहे हैं। दिल्ली विवि में एक योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामदेव ने कहा कि राजनीति में योग होना चाहिए, लेकिन योग में राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर उन्होंने (प्रदर्शनकारियों ने) योग किया होता, तो वे आगजनी का सहारा नहीं लेते। उन्हें भी योग करना चाहिए। यह (अग्निपथ के खिलाफ विरोध) एक अर्थहीन राजनीति है। मूल रूप से, कुछ लोग देश में अराजकता फैलाने का एजेंडा चला रहे हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को सत्ता से हटाने के लिए अराजकता फैलाना चाहते हैं।



केंद्र द्वारा 14 जून को घोषित की गई अग्निपथ योजना में अल्पावधि अनुबंध के आधार पर सैनिकों को सशस्त्र बलों में भर्ती करने का प्रस्ताव है। इस योजना में 75 प्रतिशत रंगरूटों को चार साल की सेवा के बाद पेंशन और स्वास्थ्य लाभ के बिना सेवानिवृत्त कर देने की परिकल्पना की गई है, लेकिन उन्हें लगभग 11.70 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। इस घोषणा के बाद, देश के कई हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) द्वारा आयोजित योग सप्ताह के दूसरे दिन रामदेव मुख्य अतिथि थे। उनके साथ केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू के कुलपति प्रो योगेश सिंह ने की। रामदेव ने कहा, राजनीति में भी योग होना चाहिए, लेकिन योग में राजनीति नहीं होनी चाहिए। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना और अपने मन, विचारों और भावनाओं को नियंत्रण में रखना ही योग है। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा, योग नकारात्मक विचारों को खत्म करता है और उत्कृष्टता लाता है। योग का अर्थ मन, बुद्धि और आत्मा को एकजुट करना है। जब यह जोड़ पूरा हो जाता है, तो भारतीय प्रणाली के अनुसार योग होता है।

# आरएसएस के कार्यक्रम में मुस्लिम लीग नेता की भागीदारी से पार्टी नेतृत्व नाराज

**भाषा।** कोझिकोड, मलप्पुरम

**आईयूएमएल** के नेता एवं पूर्व विधायक केएनए खादर के हाल में यहां आरएसएस द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक बैठक में भाग लेने से विवाद पैदा हो गया है और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस पर खुलकर नाराजगी जताने के साथ ही इसे पार्टी विरोधी गतिविधि करार दिया है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेताओं ने दो बार विधायक रहे खादर के स्पष्टीकरण के बावजूद उनके बैठक में शामिल होने को गंभीर बताया है। खादर ने अपने स्पष्टीकरण में कहा कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की बैठक नहीं थी, बल्कि केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था। आईयूएमएल के वरिष्ठ नेता पी के कुन्हालीकुट्टी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि लीग का कोई भी नेता कभी भी आरएसएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कभी शामिल नहीं हुआ। वहीं, आईयूएमएल के एक अन्य दिग्गज एम के मुनीर ने कहा कि यह पार्टी की नीतियों के खिलाफ है और आलाकमान इस पर चर्चा करेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुन्हालीकुट्टी ने कहा कि जैसे ही यह मामला संज्ञान में आया, खादर से स्पष्टीकरण मांगा गया और पार्टी मंच पर इस पर चर्चा की जाएगी। दार्शनिक और जाने-माने वक्ता खादर को मंगलवार को यहां केसरी भवन में आयोजित सांस्कृतिक बैठक स्नेहबोधि में सम्मानित किया गया, जिसमें जे नंदकुमार सहित आरएसएस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। खादर न केवल आरएसएस के कार्यक्रम में शामिल हुए, बल्कि अपने भाषण के दौरान उन्होंने प्रसिद्ध गुरुवायूर श्रीकृष्ण मंदिर में प्रवेश करने की अपनी इच्छा को भी नहीं छिपाया। आरएसएस के समारोह में अपने भाषण के दौरान उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं गुरुवायूर मंदिर के अंदर कब प्रवेश कर पाऊंगा। मुझे देश के उत्तरी हिस्सों में कई मंदिरों में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लेकिन गुरुवायूर में श्रीकृष्ण मंदिर में प्रवेश करने में असमर्थ रहा।




ठाणे में बागी शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे का समर्थन करते हुए कार्यकर्ता।

## धनशोधन मामले में लगातार दूसरे दिन ईडी के सामने पेश हुए परब

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब कथित धनशोधन मामले में बुधवार को लगातार दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय के दक्षिण मुंबई स्थित कार्यालय में पेश हुए। परब महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के दापोली समुद्र तट क्षेत्र में साई रिसॉर्ट के निर्माण में तटीय विनियमन क्षेत्र के प्रावधानों के कथित उल्लंघन से जुड़ी धनशोधन जांच में पूछताछ के लिए अपराह्न करीब 3.45 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। परब से 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी और बुधवार के दिन भी सुबह के समय पेश होने को कहा था। राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए पेश होने के लिए और समय मांगा था। परब (57) तीन बार महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे हैं और उनके पास परिवहन तथा संसदीय मामलों के विभाग हैं। ईडी ने उनके और अन्य के खिलाफ धनशोधन निवारण अधि. के तहत एक नया मामला दर्ज करने के बाद मई में उनके परिसरों और उनसे कथित रूप से जुड़े लोगों पर छापा मारा था।

# रबर-स्टाम्प राष्ट्रपति नहीं चाहिए

- यशवंत सिन्हा ने चुनावी रणनीति को लेकर पहली बैठक की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने अपनी चुनावी रणनीति को लेकर बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में पहली बैठक की और कहा कि देश में रबर-स्टाम्प राष्ट्रपति नहीं चाहिए। सिन्हा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति चुनाव व्यक्ति लड़ाई नहीं है बल्कि देश के सामने पेश मुद्दों की लड़ाई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं उन सभी राजनीतिक दलों का आभारी हूं जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में मुझे अवसर दिया। मैं खुश हूं कि इन दलों ने मुझमें विश्वास जताया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह यह चुनाव मेरे के लिए कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। देश के सामने खड़े मुद्दों के आधार पर निर्वाचक मंडलों को फैसला करना है।

भाजपा नीत केंद्र सरकार उस रास्ते चल रही है जो देश के लिए अच्छा नहीं है, नौजवान पीड़ा का सामना कर रहे हैं, अब सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर मजाक किया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति चुनाव बहुत संवेदनशील होता है और मैं सरकार के दबाव में नहीं आऊंगा। सिन्हा 27 जून को नामांकन दाखिल करेंगे और पूरी संभावना है कि वह अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत झारखंड और बिहार से करें। हम प्रचार के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर जाएंगे...हम उसी को लेकर रणनीति बना रहे हैं। मैं द्रौपदी मुर्मू को बधाई देता हूं, लेकिन यह चुनाव मैं बनाम वह नहीं है, यह वैचारिक मुकाबला है। देश में रबर-स्टाम्प राष्ट्रपति नहीं होना चाहिए। सिन्हा की चुनावी रणनीति से जुड़ी बैठक में जयराम रमेश (कांग्रेस) केके शास्त्री (राकांपा) और सुधींद्र कुलकर्णी शामिल हुए है।

# मध्यप्रदेश सरकार ने योग आयोग गठन किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में योग के प्रति जागरूकता, प्रचार-प्रसार और योग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को योग आयोग का गठन किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि आयोग का एक स्वतंत्र कार्यालय शासकीय योग प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में स्थापित होगा, जिसमें एक सचिव, पदेन निदेशक महर्षि संस्कृत संस्थान, दो मल्टीटॉस्किंग स्टॉफ और आवश्यकतानुसार सुरक्षा एवं साफ-सफाई कर्मी (आउट सोर्सिंग) होंगे। उन्होंने कहा कि आयोग समय-समय पर आवश्यकतानुसार बाह्य स्रोतों से विषय-विशेषज्ञ, व्यावसायिक सेवा एवं सलाहकार सेवा प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।



अधिकारी ने बताया कि योग आयोग का उद्देश्य यह है कि यह प्रशासकीय विभाग द्वारा गठित निकाय होगा, जो योग संबंधी जागरूकता, प्रचार-प्रसार एवं योग शिक्षा को बढ़ावा देगा, ताकि बाल्यावस्था से आजीवन योग जीवन का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि योग आयोग, योग से संबंधित योजना, योग कार्यक्रमों का क्रियान्वयन एवं समीक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं/व्यक्तियों को सम्मानित करने एवं पुरस्कार के लिए चयन करेगा। उन्होंने कहा कि आवासीय एवं गैर-आवासीय योग प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा।

अधिकारी ने बताया कि प्रदेश की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में योग को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग करने हेतु प्रेरित करेगा एवं आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा।

उन्होंने कहा कि आयोग अपनी गतिविधियों का संचालन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के माध्यम से करेगा। उन्होंने बताया कि आयोग का पंजीयन सोसायटी एक्ट के अंतर्गत किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग आयोग का प्रशासकीय विभाग होगा, जो आयोग के सुचारु संचालन के नियम बनाएगा। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री आयोग के पदेन अध्यक्ष, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष पदेन उपाध्यक्ष और महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के निदेशक पदेन सचिव होंगे। साथ ही राज्य शासन द्वारा योग के क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वाले 5 अशासकीय सदस्य मनोनीत होंगे।

## क्विक न्यूज

### सरमा की पत्नी ने सिसोदिया पर मानहानि का मुकदमा किया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि मामला दर्ज कराया है, जिन्होने पीपीई के लिए बाजार मूल्य से अधिक दामों पर ठेका देने का आरोप लगाया था। भुइयां सरमा ने मंगलवार को कामरूप महानगर जिले के दिवानी न्यायाधीश के समक्ष वाद दाखिल किया बुधवार को इस पर सुनवाई होने की उम्मीद है। भुइयां की वकील पद्माधर नायक ने यह जानकारी दी। एक और विधायक किशोर दत्ता ने कहा कि सिसोदिया ने चार जून को नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ आरोप लगाए थे, रिंकी भुइयां सरमा के मान-सम्मान को ठेस पहुंची। सिसोदिया ने बिना वजह विवाद में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का नाम भी घसीटा। इसलिए हमने मानहानि का दावा किया है। सिसोदिया ने मीडिया में आई एक खबर का जिक्र करते हुए पत्रकारों से कहा था कि एक ओर असम सरकार ने अन्य कंपनियों से 600 रुपए में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट खरीदी, तो दूसरी ओर सरमा ने अपनी पत्नी व बेटे के व्यापारिक भागीदारों की कंपनियों को 990 रुपए के हिसाब से तत्काल पीपीई किट की आपूर्ति के ऑर्डर दिए थे।

### कोयला का अवैध खनन करने वाली कंपनी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत उस कंपनी और इसके निदेशकों की करीब 27 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली है जिसे पश्चिम बंगाल मे खनन के लिए कोयले के ब्लॉक आवंटित किए गए थे। ईडी ने एक बयान मे बताया कि ईएमटीए कोल लिमिटिड और उसके साझेदारों एवं निदेशकों की बैक जमा, सावधि जमा और म्यूचुअल फंड को कुर्क करने के अस्थाई आदेश पीएमएलए के तहत जारी किए गए हैं। बयान के मुताबिक, कंपनी के साझेदारों और निदेशकों मे उज्ज्वल कुमार उपाध्याय, संगीता उपाध्याय, सुजीत कुमार उपाध्याय और उनके परिवार के सदस्य शामिल है। ईडी ने एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों का कुल मूल्य 26.93 करोड़ रुपए है। एजेंसी ने कहा कि 1995 और 1996 के बीच, पश्चिम बंगाल में तारा (पूर्व), तारा (पश्चिम), गंगारामचक, बोरजोर, गंगारामचक-भादुलिया और पचवाड़ा (उत्तर) मे छह कोयला ब्लॉक को राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों को आवंटित किया गया था और बाद में उच्चतम न्यायालय ने इन्हें रद्द कर दिया था, लेकिन उक्त कंपनी ने एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाकर इनमें खनन किया था। उसमें कहा गया है कि यहै अवैधै तरीके से किया गया, जिससे भारी मुनाफा हुआ। ईडी ने इसी आरोप में दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया था।

### रश्मि को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत छह जुलाई तक बढ़ाई

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने फोन टैपिंग मामले में आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत की अवधि बुधवार को छह जुलाई तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की पीठ ने मुंबई पुलिस को संबंधित मामले में शुक्ला के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई करने से रोक दिया। कथित फोन टैपिंग के मामले में शुक्ला के खिलाफ इस साल फरवरी मे यहां कोलाबा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिवक्ता समीर नांगरे के माध्यम से दायर एक याचिका में शुक्ला ने दावा किया कि उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया है और प्राथमिकी राजनीति से प्रेरित है। प्राथमिकी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी राजीव जैन की शिकायत पर दर्ज की गई थी, जिसमें शुक्ला पर शिवसेना सांसद संजय राउत और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एकनाथ खडसे के फोन नंबर को निगरानी में रखने का आरोप लगाया गया था। इससे पहले न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति श्रीराम एम मोदक की खंडपीठ ने शुक्ला को अंतरिम राहत दी थी।इस साल चार मार्च को, उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने शुक्ला को उनकी अन्य याचिका पर 25 मार्च तक गिरफ्तारी से राहत प्रदान की थी जिसमें पुणे के बंड गार्डन थाने में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया गया था। पुणे मे दर्ज प्राथमिकी कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले का फोन कथित तौर पर टैप किए जाने से संबंधित है।

### पवार के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मराठी अभिनेत्री केतकी चिताले को जमानत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने राकांपा प्रमुख शरद पवार के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले मे गिरफ्तार अभिनेत्री केतकी चिताले को एक महीने से अधिक समय बाद बुधवार को जमानत दे दी। जिला न्यायाधीश एच.एम. पटवर्धन ने 20 हजार रुपए की जमानत राशि पर उन्हें जमानत दी। चिताले (29) के वकील ने कहा कि इसके साथ ही वह ठाणे केंद्रीय कारागार से बाहर आ सकेंगी, जहां वह फिलहाल बंद है। ठाणे पुलिस ने फेसबुक पर एक मराठी कविता साझा करने के लिए 14 मई 2022 को चिताले को गिरफ्तार किया था, जिसमे पवार के बारे मे कथित तौर पर अपमानजनक बात कही गई थी। इस संबंध मे भादसं की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले मे चिताले के खिलाफ 20 से अधिक प्राथमिकी दर्ज है।

# झामुमो की दुविधा, पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाने में योगदान दे या गठबंधन धर्म निभाए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रूप में आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के लिए दुविधा खड़ी कर दी है कि वह देश को पहला आदिवासी राष्ट्रपति देने में अपना योगदान दे या फिर गठबंधन धर्म का पालन करे। मुर्मू मूल रूप से ओड़ीशा के मयूरभंज जिले की हैं और वह आदिवासी समुदाय संताल (संथाल) से ताल्लुक रखती हैं। झारखंड के राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल भी निर्विवाद रहा है जबकि संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का भी झारखंड से गहरा नाता रहा है।

बिहार की राजधानी पटना में जन्मे, सिन्हा हजारीबाग संसदीय सीट से चुनाव जीतकर ही केंद्र सरकार में वित्त और विदेश मंत्री बने और फिर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी एक पहचान कायम की। वह तीन बार संसद में हजारीबाग क्षेत्र से भाजपा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं जबकि पिछले दो चुनावों में उनके पुत्र जयंत वहां से भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर रहे हैं। वर्तमान में पृथक झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाला तथा आदिवासी अस्मिता हितैषी राजनीति करने वाला झामुमो राज्य सरकार का नेतृत्व कर रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली इस सरकार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजग) का समर्थन हासिल है।

मुर्मू की उम्मीदवारी की घोषणा के कुछ समय बाद ही आदिवासी बहुल राज्य ओड़िशा की सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) ने उन्हें समर्थन देने की घोषणा कर दी। लेकिन अभी तक इस बारे में झामुमो की कोई स्पष्ट राय नहीं आई है कि वह दलित राष्ट्रपति के रूप में राजग उम्मीदवार का समर्थन करेगा या विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार सिन्हा के साथ जाएगा। इस बारे में जब लोकसभा में झामुमो के एकमात्र सांसद विजय कुमर हंसदक से भाषा ने बात की तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव पर पार्टी का जो भी रुख होगा, उससे जल्द ही सभी को अवगत करा दिया जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या मुर्मू की उम्मीदवारी ने झामुमो के लिए दुविधा वाली स्थिति पैदा कर दी है, उन्होंने कहा, पार्टी के लिए दुविधा वाली स्थिति क्यों होगी? पार्टी फोरम पर इस बारे में चर्चा होना अभी बाकी है। हालांकि उन्होंने राजग का उम्मीदवार घोषित किए जाने के लिए द्रौपदी मैम को बधाई दी और कहा, इस घोषणा से बिल्कुल हमारे समाज के लोग खुश हैं। इस बात को हम खुशी-खुशी स्वीकार भी करते हैं लेकिन जहां तक पार्टी की बात है तो कोई भी निर्णय लेने से पहले उस बारे में पार्टी में चर्चा होती है। भाजपा ने कल ही अपने उम्मीदवार की घोषणा की है। कुछ समय इंतजार कर लीजिए। चर्चा के बाद आपको बता दिया जाएगा।

राजमहल झारखंड का सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र है और शुरू से ही यह संताल राजनीति का केंद्र रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस संसदीय क्षेत्र में 37 प्रतिशत आबादी आदिवासी, जिनमें अधिकांश संताल हैं। इसकी छह में से चार विधानसभा सीटें भी आरक्षित हैं। साल 2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड की आबादी में आदिवासियों का हिस्सा 26.2 प्रतिशत है। संताल यहां सबसे अधिक आबादी वाली अनुसूचित जनजाति है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक यहां की कुल आदिवासी आबादी में करीब 31 प्रतिशत संताल है। अन्य में मुंडा, ओरांव, खरिया, गोड कोल कंवार इत्यादी शामिल हैं।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने भाषा से कहा कि राष्ट्रपति का चुनाव झामुमो के लिए परीक्षा की घड़ी है। उन्होंने कहा, झामुमो आदिवासियों की हितैषी होने का जो दावा करती है... इस समय उसके समक्ष परीक्षा की घड़ी है...कि वह जनजातीय समाज की एक महिला को सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बिठाना चाहता है या कांग्रेस के गोद में खेलना चीहता है। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू एक सौम्य व मृदुभाषी आदिवासी महिला हैं, जिन्हें राजग ने सर्वोच्च संवैधानिक पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में देश के तमाम राजनीतिक दलों को उनका समर्थन समर्थन करना चाहिए और उनका निर्विरोध चुना जाना सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार सिन्हा को एक सुलझा हुआ नेता बताया और उनसे अनुरोध किया कि वह भी द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर एक मिसाल कायम करें। दास ने कहा, सिन्हा को झारखंड की जनता ने सांसद और मंत्री बनाया।



पटना में बिहार विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव ने अग्निपथ स्कीम के विरोध में राज्यपाल फागू सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा

## बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने ममता बनर्जी को तोहफे में भेजे आम

**कोलकाता।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बीते दिनों की आम-हिल्सा-कूटनीति को जारी रखते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को छह सौ किलोग्राम आम उपहार में भेजे हैं। बांग्लादेश के उच्चायोग के मुताबिक, हसीना ने पिछले सप्ताह राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी उपहार में आम भेजे थे। उच्चायोग के एक अधिकारी ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र के कुछ अन्य मुख्यमंत्रियों को भी इसी तरह के उपहार भेजे जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री हसीना ने पिछले साल भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम के मुख्यमंत्रियों को तोहफे में आम भेजे थे। यह बांग्लादेश में इस रसीले फल का चरम ऋतु है। हसीना ने राजशाही से कई किस्मों के आम जैसे गोलपखास और आम्रपाली को उपहार में भेजे हैं। अधिकारी ने बताया, आम सोमवार को बनर्जी के आधिकारिक आवास पर भेजे गए थे।

## सोनिया ने ईडी से पेशी की तिथि कुछ सप्ताह आगे बढ़ाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय से आग्रह किया कि उनकी पेशी की तारीख कुछ हफ्तों के लिए आगे बढ़ा दी जाए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी को कोविड और फेफड़े में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद चिकित्सकों ने अब घर पर आराम की सलाह दी है। ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष ने आज ईडी को पत्र लिखकर कहा कि उनकी पेशी की तिथि को अगले कुछ हफ्तों के लिए बढ़ा दिया जाए जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी ने नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में 23 जून को तलब किया है। कोविड-19 से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते सोनिया को हाल ही में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें सोमवार की शाम छुट्टी मिली।

# अग्निपथ योजना प्रधानमंत्री को वापस लेनी पड़ेगी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सेना में अल्पकालिक भर्ती की नई अग्निपथ योजना को देश एवं सेना के साथ मोदी सरकार का नया धोखा और सेना को कमजोर करने वाला कदम करार देते हुए बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीनों कृषि कानूनों की तरह इस योजना को वापस लेना पड़ेगा। नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में उनसे प्रवर्तन निदेशालय की पांच दिनों तक चली पूछताछ के दौरान एकजुटता प्रकट करने के लिए कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया नहीं जा सकता। राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों एवं विधायकों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि ईडी की उनसे पूछताछ एक छोटा मामला है क्योंकि आज बेरोजगारी और अग्निपथ योजना सबसे जरूरी मुद्दे हैं। मेरा मामला छोटा सा मामला है। सच कहूं तो यह जरूरी भी नहीं है। आज सबसे जरूरी बात रोजगार की है। लघु एवं मध्यम उद्योग देश की रीढ़ की हड्डी हैं। नरेंद्र मोदी जी ने इस रीढ़ की हड्डी को तोड़ दिया है। यह बात मैं महीनों से कह रहा हूं। राहुल गांधी ने दावा किया, जो हमारे



नई दिल्ली में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका वाड्रा

युवा सेना में भर्ती के लिए रोज सुबह दौड़ते हैं उनसे मैं कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री ने देश की रीढ़ की हड्डी को तोड़ दिया और यह देश अब रोजगार नहीं दे पाएगा। यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को दो-तीन उद्योगपतियों के हवाले कर दिया है। अग्निपथ योजना का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी ने कहा, देशभक्ति और सेना में जाने का आखिरी रास्ता था, उसे भी इन लोगों ने बंद कर दिया। वन रैंक, वन पेंशन की बात करते थे, अब नो रैंक, नो पेंशन हो गया है। इस योजना के तहत भर्ती होने वाले युवा जब चार साल की सेवा के बाद सेना से बाहर निकलेंगे तो उन्हें रोजगार नहीं मिल पाएगा।

राहुल गांधी ने यह दावा भी किया, आज चीन की सेना हिंदुस्तान की धरती पर बैठी हुई है। एक हजार वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र चीन की सेना ने हमसे छीना है। ऐसे में सेना को मजबूत करना चाहिए, लेकिन सरकार सेना को कमजोर कर रही है। जब युद्ध होगा तब इसका नतीजा सामने आएगा...देश का नुकसान होगा। ये लोग अपने आप को राष्ट्रवादी कहते हैं। उन्होंने कहा, युवाओं के भविष्य की रक्षा करना हमारा फर्ज है। कृषि कानूनों के बारे में मैंने कहा था कि मोदी जी को तीनों कानून वापस लेने पड़ेंगे। कांग्रेस अब कह रही है कि मोदी जी को अग्निपथ योजना वापस लेनी पड़ेगी। हिंदुस्तान का हर युवा इस मुद्दे पर हमारे साथ खड़ा है। कांग्रेस नेता ने कहा, हर युवा जानता है कि सच्ची देशभक्ति सेना को मजबूत करने में होती है...सरकार ने देश और सेना के साथ नया धोखा किया है। इस योजना को हम रद्द करवाएंगे।

बाद में उन्होंने ट्वीट किया, चीन की सेना हमारे हिंदुस्तान की धरती पर बैठी है। प्रधानमंत्री जी, सच्ची देशभक्ति सेना को मज़बूत करने में है लेकिन आप एक नए धोखे से सेना को कमज़ोर कर रहे हैं। देश के भविष्य को बचाने के इस आंदोलन में, हम युवाओं के साथ हैं।मैं फिर कह रहा हूं, आपको अग्निपथ वापस लेना ही होगा। राहुल गांधी ने ईडी द्वारा उनसे पूछताछ का उल्लेख करते हुए कांग्रेस मुख्यालय में कहा कि वह जांच एजेंसी मुख्यालय के एक 12 गुणा12 के कमरे में तीन-चार अधिकारियों के साथ अकेले नहीं बैठे थे, बल्कि उनके साथ वहां कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और वो सभी लोग थे जो नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ बिना डरे लड़ रहे हैं, लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं में धैर्य है और वो सच्चाई के साथ हैं। राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस पार्टी में 2004 से काम कर रहा हूं, धैर्य नहीं आएगा तो, तो क्या आएगा? इस बात को कांग्रेस पार्टी का हर नेता समझता है। सचिन पायलट जी (मंच पर मौजूद) बैठे हुए हैं। मैं बैठा हूं...सिद्धरमैया जी भी बैठे हैं, रणदीप (सुरजेवाला) हैं, सब धैर्य से बैठे हैं, प्यार से बैठे हैं। उनका कहना था, हमारी पार्टी हमें थकने नहीं देती है और हमें रोज धैर्य सिखाती है और इसी से हमें ताकत मिलती है, इसी से हम लड़ते हैं। उधर (भाजपा) धैर्य की कोई जरूरत नहीं, उधर बस हाथ जोड़ दो, मत्था टेक दो, सच्चाई मत बोलो, काम हो जाएगा।

# भारत से संबंधों को महत्व देता है अमेरिका: व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट** हाउस ने कहा है कि भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका का बेहद अहम सामरिक साझेदार है और वाशिंगटन नई दिल्ली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को अहमियत देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने साथ ही कहा कि रूस के संबंध में प्रत्एक देश को निर्णय लेना है। रणनीतिक संचार पर व्हाइट हाउस सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदने के भारत के फैसले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम भारतीय नेताओं को उनकी आर्थिक नीतियों पर बात करने देंगे। हम आपको केवल इतना बता सकते हैं कि हम भारत के साथ इस द्विपक्षीय संबंध को अहमियत देते हैं। प्रत्एक देश को अपने लिए निर्णय लेना है।

उन्होंने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का जिक्र करते हुए कहा, ए संप्रभु निर्णय हैं लेकिन हम चाहते हैं कि रूस पर जितना भी अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाया जा सकता है, वह बनाया जाना चाहिए। (व्लादिमीर) पुतिन जो कर रहे हैं उसकी कीमत उन्हें चुकानी चाहिए।

गौरतलब है कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अनेक देशों ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। किर्बी ने जोर देकर कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम रणनीतिक साझेदार है, और रक्षा तथा सुरक्षा एवं अर्थिक कई क्षेत्रों में यह साझेदारी परिलक्षित होती है। गौरतलब है कि यूक्रेन पर आक्रमण के बाद भारत ने खुल कर रूस की निंदा नहीं की है, हालांकि उसने लगातार कहा है कि बातचीत के जरिए समस्या का समाधान तलाशा जाना चाहिए। भारत ने कहा है कि रूस से कच्चा तेल खरीदने का उसका निर्णय देश की ईंधन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## बाइडन ने भारतीय मूल की आरती को विज्ञान सलाहकार नामित किया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय मूल की अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ आरती प्रभाकर को देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय (ओएसटीपी) की निदेशक के रूप में नामित किया है। यदि बाइडन के इस प्रस्ताव को सीनेट द्वारा मंजूरी मिल जाती है तो ओएसटीपी के निदेशक का पद संभालने वाली डॉ आरती प्रभाकर पहली महिला होंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा, डॉ प्रभाकर बेहद विद्वान और सम्मानित इंजीनियर एवं भौतिक विज्ञानी हैं और वह विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाकर इन क्षेत्रों में हमारी संभावनाओं का विस्तार करने, हमारी सबसे कठिन चुनौतियों को हल करने और असंभव को संभव बनाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय का नेतृत्व करेंगी। बाइडन ने कहा, मैं डॉ प्रभाकर के इस विश्वास से सहमत हूं कि अमेरिका के पास दुनिया की अब तक की सबसे शक्तिशाली नवाचार मशीनरी है। सीनेट उनके नामांकन पर विचार करेगी, मैं आभारी हूं कि डॉ अलोंड्रा नेल्सन ओएसटीपी का नेतृत्व करना जारी रखेंगे और डॉ फ्रांसिस कॉलिन्स मेरे कार्यकारी विज्ञान सलाहकार के रूप में काम करना जारी रखेंगे।



येरूशलम में इजराइल की संसद में पूर्व प्रधानमंत्री नेतन्याहू संसद भंग करने के लिए हो रहे मतदान के दौरान सांसदों से मिलते हुए

# मतभेदों से भरी दुनिया में सार्वभौमिक है योग: संरा के महासचिव गुतारेस

## विश्व के कई देशों में हुए योग दिवस पर विभिन्न आयोजन

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने योग को सार्वभौमिक बताते हुए कहा कि आपदाओं और मतभेदों से घिरी दुनिया में ध्यान लगाने, संतुलन कायम करने, संयम रखने और अनुशासित रहने में मदद करने की वजह से योग अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज लोग एक दूसरे के साथ नए संबंध बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गुतारेस ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने संदेश में कहा कि इस साल इसका विषय मानवता के लिए योग है जो हमें याद दिलाता है कि योग सही मायने में सार्वभौमिक है। आपदाओं और मतभेदों से घिरी दुनिया में योग ध्यान लगाने, संतुलन कायम करने, संयम रखने और अनुशासित रहने में मदद करता है। निश्चित रूप से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज लोग एक दूसरे के साथ नए संबंध बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गुतारेस ने इस मौके पर सभी से इस प्राचीन विधा के मूल्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने कहा कि वैश्विक महामारी के कठिन समय में कई लाखों लोगों ने स्वस्थ रहने, अवसाद से उबरने और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए योग का सहारा लिया। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का इस साल का विषय मानवता के लिए योग , योग की इसी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। निश्चित रूप से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज लोग एक दूसरे के साथ नए संबंध बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गुतारेस ने इस मौके पर सभी से इस प्राचीन विधा के मूल्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने कहा कि वैश्विक महामारी के कठिन समय में कई लाखों लोगों ने स्वस्थ रहने, अवसाद से उबरने और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए योग का सहारा लिया।

### इजराइल में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

**तेल अवीव।** दुनिया के कई अन्य देशों की तरह इजराइल में भी पूरे उत्साह के साथ आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इजराइल में कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों को पूरी तरह से हटा लिया गया है। देश के कई हिस्सों में सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने एक साथ योग किया। राजधानी तेल अवीव में मंगलवार की शाम को सैकड़ों योग प्रेमी प्रतिष्ठित पार्क हा-तचाना में एकत्र हुए और पूरे उत्साह एवं जोश के साथ योग दिवस मनाया।इस योग सत्र में हिस्सा लेने के लिए यरुशलम से आए रूथ नामक एक व्यक्ति ने पीटीआई-भाषा से कहा, दो साल के अंतराल के बाद बिना किसी प्रतिबंध के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को स्वतंत्र रूप से मनाने के लिए यहां वापस आना एक अद्भुत एहसास है। तेल अवीव में आयोजित योग सत्र में 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और विभिन्न योग आसन किए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आठ साल पहले 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने के बाद से दुनिया के कई देशों में लोगों के बीच योग की लोकप्रियता बढ़ रही है। इस अवसर पर तेल अवीव के मेयर रोन हुलडाई ने कहा, तेल अवीव-याफो शहर की ओर से मैं आपको आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बधाई देता हूं। भारत और इजराइल के बीच कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग तथा संयुक्त परियोजनाओं के रूप में तेल अवीव-याफो और भारत के बीच तथा हमारे दोनों देशों के बीच के मधुर संबंधों को देखा जा सकता है। योग दिवस केवल इसका एक उदाहरण है।

### अमेरिका के कई राज्यों में हजारों लोगों ने मनाया योग दिवस

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास और अन्य राज्यों में आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर हजारों लोगों ने योग व सूर्य नमस्कार किया। मंगलवार शाम ह्यूस्टन के डिस्कवरी ग्रीन पार्क में योग सत्र का आयोजन किया गया, जहां अनुभवी योग निर्देशकों और जिज्ञासु लोगों ने गर्म व आद्र मौसम के बीच योग किया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कोरोना वायरस-संबंधी पाबंदियों के कारण दो साल के अंतराल के बाद ह्यूस्टन में इस तरह योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। हर साल दुनियाभर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम योग फॉर हार्मनी रही, जिसमें धरती को ध्यान में रखते हुए टिकाऊजीवन शैली को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने कहा, योग हमारी प्राचीन परंपराओं से मिला एक अमूल्य उपहार है। यह मन व शरीर की एकता, और स्वास्थ्य व कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है। उन्होंने कहा दुनिया भर के लोगों ने महामारी के दौरान स्वस्थ रहने और कायाकल्प करने के लिए योग को अपनाया। योग अभ्यास श्वसन और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने, जीवनशैली से संबंधित बीमारियों, तनाव, चिंता से निपटने और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करता है। वाणिज्य दूतावास 15 जून से ह्यूस्टन, डलास, इरविंग, पियरलैंड, सैन एंटोनियो, अर्कांसस और ओक्लाहोमा में योग सत्रों और वेबिनार का आयोजन कर रहा है।

# स्वदेश लौटने पर नवाज शरीफ हो सकते हैं गिरफ्तार: आजम

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के कानून मंत्री आज़म नज़ीर तरार ने कहा है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख और अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ब्रिटेन से स्वदेश लौटने के दौरान ट्रांजिट जमानत नहीं ले पाते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। शरीफ इलाज के लिए विदेश जाने की लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद नवंबर 2019 में लंदन के लिए रवाना हुए थे। शरीफ के खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के कई मामले शुरू किए गए थे। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, कानून मंत्री आज़म नज़ीर तरार ने मंगलवार को कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पाकिस्तान वापस आने के दौरान ट्रांजिट जमानत नहीं मिली तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। पीएमएल-एन के 72 वर्षीय सुप्रीमो मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी ने जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद पाकिस्तान लौटने में विफल रहे नवाज शरीफ के खिलाफ 2020 में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ सदस्य तरार ने मंगलवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर नवाज शरीफ को ट्रांजिट जमानत मिल जाती है, तो उन्हें पाकिस्तान पहुंचने पर गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। कानून मंत्री ने कहा कि अगर नवाज शरीफ ट्रांजिट जमानत हासिल करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें खुद को आत्मसमर्पण करना होगा और अदालतों को उन लोगों को (राहत) प्रदान करनी चाहिए जो खुद को स्वेच्छा से कानून के हवाले कर रहे हैं। पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्फ की देश वापसी के बारे में तरार ने कहा कि कानून अपना काम करेगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने इथियोपिया के राष्ट्रपति ज्यूडे से मुलाकात की

भाषा। अदीस अबाबा

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को इथियोपिया के राष्ट्रपति सहले-वर्क ज़्यूडे से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर अपने-अपने दृष्टिकोण भी साझा किए। जयशंकर ने ट्वीट किया, मेरे स्वागत के लिए इथियोपिया के राष्ट्रपति सहले वर्क ज्यूडे को धन्यवाद। शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश एवं विकास संबंधी साझेदारी सहित हमारे द्विपक्षीय सहयोग पर एक अच्छी चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर भी अपने-अपने दृष्टिकोण रखे। जयशंकर ने आज सुबह यहां भारतीय समुदाय के लोगों को सम्बोधित भी किया। उन्होंने भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत से संबंधित तस्वीरें साझा करे हुए ट्वीट किया, शिक्षा और रोजगार सृजन में उनकी (प्रवासियों की) भूमिका सराहनीय रही है। इथियोपिया के समाज में उनके योगदान को व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। भारत का झंडा ऊंचा रखने के लिए उनका धन्यवाद। अदीस अबाबा स्थित भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार, इथियोपिया में भारतीय प्रवासियों की संख्या छह से सात हजार है। पूर्वी अफ्रीका के इस देश में कई भारतीय कंपनियां हैं। कई ऐसी इथियोपियाई कंपनियां हैं, जहां भारतीय कामगार नौकरी करते हैं। वेबसाइट में कहा गया है कि इथियोपिया के शिक्षा क्षेत्र में भारतीय समुदाय की अच्छी-खासी मौजूदगी है। इथियोपिया के 40 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में करीब 1200 भारतीय व्याख्याताप्राध्यापक हैं। वेबसाइट के अनुसार, इथियोपिया में भारतीय समुदाय के शुरुआती निवासी 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के वर्षों में गुजरात से आए थे। राजशाही के दौरान भी, पूरे इथियोपिया के स्कूलों में, यहां तक कि सबसे दूरदराज के हिस्सों में भी, हजारों भारतीय शिक्षक थे। जयशंकर ने इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में नए भारतीय दूतावास चांसरी (कार्यालय) भवन का औपचारिक उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उनके साथ इथियोपिया की महिला और सामाजिक मामलों की मंत्री एर्गोगी टेस्फाए और विदेश मामलों के राज्य मंत्री टेस्फाए यिल्मा भी थे। जयशंकर ने कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, (मुझे) अदीस अबाबा में नए भारतीय दूतावास कार्यालय भवन का औपचारिक उद्घाटन करते हुए खुशी महसूस हुई। राजदूत और उनकी टीम को एक बड़े काम के लिए बधाई। उन्होंने इस अवसर पर शामिल होने के लिए टेस्फाए और यिल्मा को भी धन्यवाद दिया।

एक अन्य ट्वीट में जयशंकर ने कहा कि उन्हें मंत्री टेस्फाए को तेलुगु में बोलते सुनकर खुशी हुई।

# बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम, सेंसेक्स 709 अंक लुढ़का

भाषा। मुंबई

**पिछले** दो कारोबारी सत्रों में तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को फिर भारी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 709 अंक लुढ़कर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी के कारण बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया जिसके बाजार धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 709.54 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,822.53 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 225.50 अंक यानी 1.44 प्रतिशत गिरकर 15,413.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत लुढ़क गया। विप्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाइटन और बजाज फाइनेंस के शेयर भी प्रमुख रूप से गिरावट में रहे।

वहीं दूसरी तरफ केवल चार कंपनियों......टीसीएस, एचयूएल, पावरग्रिड और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, बाजार में अच्छी तेजी आ सकती है और मंगलवार को यह देखने को मिला। लेकिन सवाल है, क्या यह जारी रहेगी? कच्चे तेल के दाम में नरमी के अलावा वैसी कोई आर्थिक खबरें नहीं है, जिससे तेजी को बरकरार रखने में मदद मिले।

उन्होंने कहा, डॉलर मजबूत बना हुआ है और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल आकर्षक है और इसमें वृद्धि की उम्मीद है। इसको देखते हुए विदेशी संस्थागत निवेशकों का अपनी बिकवाली रणनीति बदलने का कोई कारण नहीं दिखता है। इसके अलावा बीएसई का मिडकैप 1.53 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक में 1.11 फीसदी की गिरावट आई।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक और चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार के दौरान गिरावट रही। जबकि अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.19 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 109.8 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक की पूंजी निकासी बरकरार है। उन्होंने मंगलवार को 2,701.21 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# इस साल आर्थिक वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद: मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है और यह इसे सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाएगी। मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार 2025 तक 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का जिक्र करते हुए कहा कि देश में राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन के तहत 1500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर हैं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, हम इस साल वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद कर रहे हैं, जो हमें सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाएगी। उन्होंने कहा कि नए भारत में हर क्षेत्र में रूपांतरकारी बदलाव हो रहे हैं, और देश के आर्थिक सुधार का एक प्रमुख स्तंभ प्रौद्योगिकी आधारित वृद्धि है। हम हर क्षेत्र में नवाचार का समर्थन कर रहे हैं। ब्रिक्स बिजनेस फोरम का आयोजन पांच देशों के समूह के शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले हुआ। उन्होंने कहा, महामारी से पैदा होने वाली आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिए हमने भारत में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र को अपनाया। और इस नजरिए के नतीजे भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन से स्पष्ट हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष, समुद्री अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा, ड्रोन और भू-स्थानिक डेटा जैसे कई क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने वाली नीतियां बनाई हैं। मोदी ने कहा, आज, भारत में नवाचार के लिए दुनिया में सबसे अच्छे परिवेश में से एक है, जो भारतीय स्टार्टअप की बढ़ती संख्या से साबित होता है। भारत में 70,000 से अधिक स्टार्टअप में 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं, और उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, महामारी के दौरान भी, भारत ने कारोबारी सुगमता के लिए कई प्रयास किए। व्यापार पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए हजारों नियमों में बदलाव किए गए हैं। सरकारी नीतियों में अधिक पारदर्शिता और निरंतरता लाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किए जा रहे हैं।

# मुद्रास्फीति की लगातार ऊंची दर प्रमुख चिंता का कारण

भाषा। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास समेत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सभी छह सदस्यों ने लगातार बनी हुई उच्च मुद्रास्फीति पर चिंता जताई है और जोर देकर कहा कि केंद्रीय बैंक का प्रयास तय सीमा के भीतर कीमतों में वृद्धि को कम करना है। केंद्रीय बैंक के बुधवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के ब्योरे से यह जानकारी मिली। आरबीआई की नीतिगत दर तय करने वाली समिति ने बढ़ती मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए इस महीने की शुरूआत में प्रमुख नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि के पक्ष में मतदान किया था। यह पिछले पांच सप्ताह में दूसरी वृद्धि थी। इससे पहले मई में भी रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। तीन दिवसीय बैठक के ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि महंगाई की उंची दर चिंता का कारण बनी हुई है। लेकिन आर्थिक गतिविधियों में पुनरूद्धार जारी है और इसमें गति आ रही है। मुद्रास्फीति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए यह समय नीतिगत दर में एक और वृद्धि के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा, इसी के अनुसार, मैं रेपो दर में 0.50 प्रतिशत वृद्धि के पक्ष में मतदान करूंगा। यह उभरती मुद्रास्फीति-वृद्धि की स्थिति के अनुरूप है और प्रतिकूल आपूर्ति समस्याओं के प्रभावों को कम करने में मदद करेगा। दास ने कहा कि रेपो दर में वृद्धि मूल्य स्थिरता के प्रति आरबीआई की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। केंद्रीय बैंक के लिए प्राथमिक लक्ष्य महंगाई को काबू में रखना है। यह मध्यम अवधि में सतत वृद्धि के लिए एक पूर्व शर्त है। रेपो दर को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.9 प्रतिशत करने के साथ रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को भी संशोधित कर 6.7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 5.7 प्रतिशत का था।

# नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को 223 अरब डॉलर की जरूरत: रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** को वर्ष 2030 तक पवन और सौर क्षमता स्थापित करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए 223 अरब डॉलर के निवेश की जरुरत है। शोध कंपनी ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की तरफ से जारी ताजा रिपोर्ट में यह कहा गया है। सरकार ने 2030 तक गैर-जीवाश्म यानी हरित बिजली उत्पादन क्षमता 500,000 मेगावॉट तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। वास्तव में सरकार चाहती है कि 2030 तक कुल बिजली आपूर्ति में आधी हिस्सेदारी हरित स्रोतों से उत्पादित विद्युत की हो। रिपोर्ट में कहा गया, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को नवीकरणीय ऊर्जा के लिए बड़े पैमाने पर निवेश या वित्तपोषण की जरूरत है। सौर और पवन क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अगले आठ साल में 223 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2021 में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में (कॉप26) में कहा था कि भारत की वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन गहनता 45 प्रतिशत से अधिक कम करके 2005 के स्तर से नीचे करने की योजना है। उन्होंने वर्ष 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की भी घोषणा की थी। बीएनईएफ की तरफ से जारी बयान के अनुसार, भारत की 2030 तक नवीकरणीय महत्वाकांक्षा का वित्तपोषण रिपोर्ट को पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से प्रकाशित किया गया है।

### अप्रैल के बाद से रूस से कोयले की कोई खरीद नहीं की: टाटा स्टील

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में उसने अप्रैल में रूस के साथ कारोबारी संबंध तोड़ने की घोषणा करने के बाद से पीसीआई कोयले की कोई खरीद नही की है। गत 20 अप्रैल को टाटा स्टील ने कहा था कि वह रूस के साथ कारोबार रोक देगी। हालांकि कारोबार का परिचालन सुचारू रूप से जारी रखने के लिए और रूस पर निर्भरता खत्म करने के लिए कंपनी की भारत, ब्रिटेन और नीदरलैंड स्थित इस्पात विनिर्माण इकाइयो ने वैकल्पिक कच्ची सामग्री की आपूर्ति करवा ली। टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा, मीडिया के कुछ वर्ग मे रूस से कोयले की खरीद और आयात से संबंधित गलत जानकारी के मद्देनजर टाटा स्टील स्पष्टीकरण देना चाहती है। दरसअल कंपनी ने मार्च 2022 मे 75,000 टन पीसीआई कोयले की आपूर्ति का सौदा किया था और टाटा स्टील की अप्रैल की घोषणा से कुछ सप्ताह पहले ही यह अनुबंध प्रभावी हो गया था। प्रवक्ता ने कहा, घोषणा के बाद से, टाटा स्टील ने रूस से पीसीआई कोयले की कोई खरीद नही की है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट कंपनी होने के नाते हम अपने रूख पर कायम है और रहेंगे। इस्पात विनिर्माता पल्वेराइज्ड कोल इंजेक्शन (पीसीआई) का इस्तेमाल ब्लास्ट फर्नेस मे करते है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाणिज्य मंत्रालय के नए परिसर का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए परिसर - वाणिज्य भवन का उद्घाटन करेंगे और एक नए पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि इस पोर्टल के जरिए हितधारकों को एक जगह पर भारत के विदेश व्यापार से संबंधित सभी जरूरी जानकारी मिल सकेगी।पोर्टल का नाम निर्यात (व्यापार के वार्षिक विश्लेषण के लिए राष्ट्रीय आयात-निर्यात रिकॉर्ड) है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि इंडिया गेट के पास बने नए परिसर को एक स्मार्ट इमारत के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें ऊर्जा की बचत पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। इस भवन का इस्तेमाल मंत्रालय के दो विभाग - वाणिज्य विभाग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, करेंगे।

**PUBLIC NOTICE**

I, **Kanta Rani** W/o Late Raj Kumar R/o **D-174, Gali No.9, New Ashok Nagar, Delhi-96** have disowned & debarred both my sons 1. **(Ashwini Kumar** and his wife **Mamta)** 2. **(Gaurav** & his wife **Poonam)** and **Laksh (Grand Son),** from all my movable/immovable properties due to their misbehavior. If anybody deals withthem in any manner they do so at their own risk,responsibility

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that Apartment No. GBH-121, in New Town Heights, Phase-III, Sector-91, Gurugram and Parking No.POH027#118 was purchased by Rachna Arora D/o Late Smt Suresh Luthra and Smt Suresh Luthra W/o Suresh Kumar Luthra. Mrs Suresh Luthra has expired on 2 May 2021 and accordingly the name of Mrs Suresh Luthra is being removed from the records. Mrs Rachna Arora will be the sole and absolute owner in DLF's and all other records in respect of the captioned apartment.

If anybody has any objection to this, he or she may approach DLF HOME DEVELOPERS LTD or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

**SUMIT MEHTA (ADVOCATE)**
**(D/3157/2009)** OFF:- A-82, Inderpuri, New Delhi; Ph: 9868001948

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the public at large that **Mr. Paras Kumar Sharma S/o Mr. Balwant Singh** and **Mrs. Kumari Neha W/o Mr. Paras Kumar Sharma,** both are purchasing the **Freehold Residential Vacant Plot of Land area measuring 96.5 Sq. Yards i.e. 80.68 Sq. Meters, out of Khasra no. 07, situated in the village Roja Jalalpur, Pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P.; from Mr. Charndrashekhar** S/o Mr. Dharam Singh, who had purchased the subject property through **Sale Deed Dated 12.04.2021,** Vide Doc. No.14759, and same to be financed & mortgaged by **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** However, Original Sale Deed Dated 19.12.2014 (Doc. No.25373) executed by Mr. Krishan S/o Late Mr. Peetam Singh in favour of Mrs. Rekha W/o Mr. Satveer , has been lost and not available and an FIR has lodged on dated 15.06.2022 with LAR No. 20220000288246 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing at the address mentioned below, about his objections within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, Charge, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
**Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301**
**Contact # 0120-4130438**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Rekha W/o. Mr. Mahopal** who is the owner of Plot area measuring 50 Sq. Yds., i.e., 167.22 Sq. Mtrs., out of Khasra No.240, situated in the revenue area of Village Dharoti Khurd, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad (U.P); vide Sale Deed dated 06.09.2019, which is registered as Doc. No. 11591 in the office of Sub Registrar-IV, Ghaziabad and intend to mortgage against the financial assistance from **Ummeed Housing Finance Private Limited.** That, Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Nanuram are/is Not Available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

# काशी में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की मुहिम शुरू

## ●कमिश्नर, डीएम सीडीओ व सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने गोद लिए तीन तीन सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**बाल विकास** सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तहत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार पूरा ज़ोर दे रही है। इसी कड़ी में जिले के हर ब्लाक में आंगनबाड़ी केंद्रों को ष्आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रष् बनाने की योजना तैयार की गई है। योजना के तहत अधिकारियों की मदद से केंद्रों पर कुर्सियांए मेजए खिलौनेए वजन मशीन आदि की व्यवस्था की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी डीके सिंह ने कहा कि जनपद में 3914 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं इसके तहत पहले चरण में जिले के 120 आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर वहाँ पंजीकृत बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के साथ केंद्रों को आधुनिक बनाया जाएगा। ष्आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रष् योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण मुक्त करनाए साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए अर्ली चाइल्ड केयर एजुकेशन ;ईसीसीईद्ध स्तर में सुधार लाना एवं आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करना है। उन्होने बताया कि पहले चरण में प्रत्येक अधिकारी ने तीन.तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लिया गया है। इस क्रम में मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने हरहुआ ब्लॉक के तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों क्रमशः पुआरीखुर्द दृ 1ए 2 व 3 को गोद लिया है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने काशी विद्यापीठ ब्लॉक के तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों क्रमशः अमरा खैरा दृ 1ए 3 व 5 को गोद लिया है। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने काशी विद्यापीठ ब्लॉक के ही तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों क्रमशः नरोत्तमपुर दृ 1ए 2 व 3 और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने अराजीलाइन ब्लॉक के गौर दृ 1ए 2 व 7 तथा उन्होने स्वयं अराजीलाइन ब्लॉक के ही चंदापुर दृ 2ए 4 व 6 को गोद लिया है।

'इन्होने भी गोद लिए आंगनबाड़ी केंद्र .' जिले के अन्य अधिकारियों यथा भूमि संरक्षण अधिकारी ;उसर सुधार योजनाद्धए परियोजना निदेशकए जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारीए उपायुक्त जिला उद्योग केंद्रए जिला बचत अधिकारीए जिला युवा कल्याण अधिकारीए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीए जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारीए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारीए जिला आबकारी अधिकारीए परियोजना अधिकारी नेडाए बेसिक शिक्षा अधिकारीए जिला प्रोबेशन अधिकारीए मुख्य कार्यकारी अधिकारी मतस्यए उपनिदेशक कृषि अधिकारीए जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारीए क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारीए मुख्य पशु चिकित्साधिकारीए जिला कृषि अधिकारीए जिला उद्यान अधिकारीए जिला क्रीढ़ा अधिकारीए अधिशासी अभियंता ;ग्रामीण अभियंत्रण विभागद्धए जिला गन्ना अधिकारीए जिला विकास अधिकारीए जिला समाज कल्याण अधिकारीए जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला पंचायत राज अधिकारीए जिला पूर्ति अधिकारीए अधिशासी अभियंता ;जल निगम षष्टम वाराणसीद्धए एसीएमओ डॉ राजेश प्रसादए एसीएमओ डॉ एके मौर्यए एसीएमओ डॉ एसएस कनौजियाए अपर मुख्य अधिकारी ;जिला पंचायतद्धए जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं सहायक आयुक्त व सहायक निबंध सहकारिता ने तीन . तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लिया है। साथ ही सभी अधिकारियों को पत्र भी भेजा जा चुका हैं।

## पूर्व विधायक के खिलाफ पत्नी ने उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया

**बदायूं।** बदायूं जिले के बिनावर क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके रामसेवक सिंह पटेल के खिलाफ उनकी पत्नी ने उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बुधवार को बताया कि पूर्व विधायक रामसेवक सिंह पटेल की पत्नी भाग्यश्री ने मंगलवार को दर्ज कराए गए मामले में आरोप लगाया है कि पटेल उनके भाई महेंद्र, बेटा रोहित पटेल, बहु पिंकी और बेटी रश्मि उनके साथ मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने बताया कि रश्मि पटेल इस वक्त बरेली की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। सिंह ने बताया कि भाग्यश्री ने जो मामला दर्ज कराया है उसके मुताबिक वह पूर्व विधायक पटेल की चौथी पत्नी हैं। वर्ष 2007 में उनकी शादी हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। इस मामले में पूर्व विधायक पटेल का कहना है कि वह बीमार हैं और उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है, फिलहाल वह कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं। पटेल ने कहा कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह पूरे मामले की जानकारी लेकर ही इस पर कुछ बयान देंगे।

# मगहर से शुरू होती है भोजपुरी फिल्मों की अधिकांश शूटिंग

## ●शगुन दूबे भी अपनी नई फिल्म के लिए यहां डालेंगी डेरा



**संतकबीरनगर।** सामाजिक समरसता का संदेश देने वाले विश्व प्रसिद्ध सूफी संत कबीर की धरती आजकल फ़िल्म निर्मातावों की पहली पसंद बन चुकी है। भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार रहे गोरखपुर के बीजेपी सांसद रवि किशन, आजमगढ़ संसदीय सीट से बीजेपी के उम्मीदवार निरहुआ यानी दिनेश लाल यादव, खेसारी लाल जैसे सुपर स्टार यहां आ चुके हैं और कई हिट भोजपुरी सितारे यहां पर अपनी फिल्म की शूटिंग कर चुके हैं। वहीं कई उभरते कलाकारों की भी पहचान इसी माटी से बनी है जिसमे बड़ा नाम यश कुमार का आता है जो इन दिनों भोजपुरी फिल्मों के धाकड़ हीरो के रूप में पहचाने जाते हैं। हाल ही में कबीर परिनिर्वाण स्थली मगहर के सौंदर्यीकरण हो जाने के बाद फ़िल्म निर्माताओं का झुकाव एक बार फिर जिले की ओर हो चुका है। हाल ही में गोरखपुरिया रंगबाज की पूरी शूटिंग जिले के विभिन्न स्थानों से लगायत कबीर परिनिर्वाण स्थली पर होने के बाद अब इसके निर्माता जल्द ही इसके रिलीजिंग के कार्य मे लगे हुए हैं। इसके साथ ही साथ दर्जनों भोजपुरी फिल्मों के साथ सैकड़ो भोजपुरी एलबमो में अपना जलवा बिखरने वाले अदाकारा शगुन दुबे उर्फ आर्या भारद्वाज भी जल्द ही अपनी नई फिल्म जनम जनम जो साथ निभाए के शूटिंग के सिलसिले में अपनी पूरी टीम के साथ आ रहीं हैं। फ़िल्म के निर्माता आदिल अहमद खान के निर्देश पर लोकेशन देखने कबीर परिनिर्वाण स्थली पहुंची फ़िल्म अभिनेत्री शगुन दुबे ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि जनम जनम जो साथ निभाये फ़िल्म की शूटिंग इस समय गुजरात के अहमदाबाद में चल रही है जिसकी 20 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है, शेष शूटिंग गोरखपुर, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जिले में होगी जिसके लिए वो फ़िल्म निर्माता आदिल अहमद के निर्देश पर मगहर पहुंची हैं, उन्होंने कबीर परिनिर्वाण स्थली मगहर के लोकेशन को भोजपुरी फिल्मों के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ बताते हुए शूटिंग के लहजे सर यह स्थान बहुत ही उपयुक्त है। फ़िल्म जनम जनम जो साथ निभाये को लेकर उन्होंने कहा कि यह फ़िल्म एक पारिवारिक फ़िल्म है जिसका निर्देशन जाने माने निर्देशक जतिन प्रसाद कर रहें हैं, फ़िल्म में नायिका की भूमिका में वो खुद रहेंगी जबकि नायक का किरदार करन वाही करेंगे।

## भदोही में किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के दुर्गागंज थाना क्षेत्र में एक किशोरी के घर में घुसकर एक व्यक्ति ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। दुर्गागंज थाने के प्रभारी निरीक्षक चित्रकूट पुरी ने बताया कि 38 वर्षीय सुरेंद्र बिन्द ने गांव में ही एक व्यक्ति के घर में मंगलवार आधी रात को घुस कर, उसकी नाबालिग बेटी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर सुरेंद्र के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 342, 45, 376 और पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को बुधवार को सुरयावा तिराहा से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद छह गोकश गिरफ्तार

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के देवबंद क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गोकशी करने वाले छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) राजेश कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस निरीक्षण अभियान संचालित कर रही थी, तभी उसे सूचना मिली कि कोटला चौराहे के पास सुफियान के मकान में गोकशी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने उन पर गोलियां चलाईं। इस घटना में एक पुलिसकर्मी बाल–बाल बच गया। कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने जवाबी कार्वाई करते हुए गोकशी करने वालों को चारों ओर से घेर लिया और छह बदमाशों इसरार, अकरम, शहजाद, इमरान, अकबर और अरशद को गिरफ्तार कर लिया। उनके दो साथी भागने में सफल रहे। उनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पशुओं के अवशेष, चार चाकू, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

# पिता और भाई को गोलियों से भून डाला

## ●आजमगढ़ जिले में उप चुनावों को लेकर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच जायदाद के लिए हुए डबल मर्डर से सनसनी

भाषा। आजमगढ़

**उत्तर प्रदेश** के आजमगढ़ जिले में उप चुनावों के चलते सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किए जाने के बीच एक व्यक्ति ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने पिता और भाई की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि यह घटना मंगलवार की रात की है। आर्य ने बताया कि कप्तानगंज क्षेत्र के धनधारी गांव में मनोज सिंह का अपने पिता श्रीनारायण सिंह से संपत्ति को लेकर विवाद हो गया और विवाद के समय उसका भाई मनीष सिंह भी मौके पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि इसी दौरान मनोज सिंह आक्रोशित हो गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से पिता श्रीनारायण सिंह और भाई मनीष को गोली मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आर्य ने बताया कि मनोज ने बीच बचाव करने आई अपनी चाची को लाठी से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर देर रात भारी पुलिस बल गांव में पहुंचा और शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी मनोज सिंह को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है, और इस मामले में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

**लापता युवक का तीसरे दिन संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मिला शवः** गुरसहायगंज (कन्नौज)। विगत दिनों से लापता चल रहे युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मिलने से हडकम्प मच गया। मौके पर स्थानीय लोगों का जमावाड़ा शव देखने के लिए लग गया। जबकि सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद के मोहल्ला पठकाना निवासी 35 वर्षीय समित कुमार शुक्ला पुत्र अवधेश शुक्ला बीती सोमवार से लापता चल रहा था। जिसकी परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार की सुबह जीटी रोड किनारे तालाब में गुजर रहे लोगों ने युवक का शव देखा। तो हडकम्प मच गया। लोगों ने शव की शिनाख्त करने के बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। शव को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों में चर्चा थी कि युवक शराब का आदी था। कयास लगाए जा रहे हैं कि शराब के नशे में पैर फिसलने से युवक की तालाब में डूब कर मौत हुई है। मृतक के भाई सदभाव शुक्ला की सूचना पर पहुंचे प्रभारी कोतवाल राज कुमार सिंह, जसोदा चौकी प्रभारी राममनोज द्विवेदी ने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

## शादी के दौरान हर्ष फायरिंग में सेना के जवान की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर में मंगलवार की रात एक विवाह समारोह में खुशी में चलाई गई गोली लगने से सेना के एक जवान की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के महुआरी तेंदू निवासी 35 वर्षीय बाबूलाल यादव जम्मू में सेना के हवलदार पद पर तैनात था, वह कुछ दिन पूर्व छुट्टी पर अपने घर आया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए राबर्ट्सगंज के ब्रह्मनगर मोहल्ले में गया था और समारोह के दौरान खुशी में चलाई गई गोली से यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद कुछ लोग उसे लेकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जवान को गोली कैसे लगी और उसकी लाइसेंसी पिस्तौल कहां है, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना की जाँच की जा रही है। उसके बाद आवश्यक कार्वाई की जाएगी।

## परिश्रम से अच्छे भविष्य की नींव तैयार होती है-जयवीर

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। गिरीश चंद शकुंतला इंटर कॉलेज सराय प्रयाग में मिश्री फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता जाने–माने कवि, शिक्षक और पर्यावरण प्रहरी हरि गोविंद शाक्य ने की। कार्यक्रम के मुख्य अथिति चौ. जयवीर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के संस्थापक जयवीर सिंह यादव एडवोकेट ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करने के उपरांत कहा कि परिश्रम का न तो कोई शॉर्टकट है और न ही कोई विकल्प। परिश्रम ही अच्छे भविष्य की नींव तैयार करता है।बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यक्रम के संयोजक देवेन्द्र यादव देव ने बताया कि मिश्री फाउंडेशन क्षेत्र में शिक्षा के लिए लगातार काम कर रहा है। जिसमें प्रतिभाशाली बच्चों की हौसला अफजाई करना और उन्हें हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराना शामिल है। कार्यक्रम के आयोजक सुनील यादव और डीपी यादव ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर रिटायर्ड कैप्टन रविन्द्र कुमार सेना मैडल ने बच्चों को सेना से जुड़ी जानकारियां दीं। इस मौके पर राहुल ठाकुर, मयूर राठौर, राजेन्द्र यादव, वेदांश कटियार, धीरू सिंह, आशुतोष कश्यप, आशुतोष राजपूत, अमर सिंह यादव, अगम दुबे, मनीष पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## टाटा मोटर्स के पॉवर ऑफ़ 6 एक्सपो का हुआ समापन

**वाराणसी।** टाटा मोटर्सए भारत में वाणिज्यिक वाहनों की सबसे बड़ी निर्माता कंपनीए वाराणसी में 21 और 22 जून 2022 को ष्पॉवर ऑफ़ 6ष् एक्सपो आयोजित कर रही है। इस दो.दिवसीय आयोजन का लक्ष्य टाटा मोटर्स के ग्राहकों के बीच इसके मोबिलिटी समाधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस एक्सपो में टाटा मोटर्स के एमएचआईसीवी ;मीडियमए हैवी और इंटरमीडिएट कमर्शियल व्हीकल्सद्ध की व्यापक रेंज और ग्राहक.केन्द्रित मूल्य.वर्द्धित सेवा की पेशकशों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शित होने वाली सेवाओं में सम्पूर्ण सेवा प्रोग्राम के अंतर्गत आने वाले वार्षिक मेंटेनेंस अनुबंधए फ्लीट प्रबंधन समाधानए अपटाइम गारंटीए ईंधन दक्षता प्रबंधन प्रोग्राम सम्मिलित हैं।

## एम्बुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

**इटियाथोक-गोंडा।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एंबुलेंस सेवा आपातकालीन स्थिति में मरीजों की सेवा देने का काम कर रही है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक की एंबुलेंस सेवा द्वारा विकासखंड रुपईडीह क्षेत्र के ग्राम बरईपुरवा स्थित देवतहा निवासिनी नीता पत्नी अजय कुमार को अचानक बीती रात प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस व उसके सहयोगियों द्वारा मरीज को प्रसव हेतु स्वास्थ्य केंद्र हेतु निकले। किंतु रास्ते में ही मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी, जिस पर एंबुलेंस में मौजूद मेडिकल टेक्नीशियन ध्रुव नारायण यादव व अनिल कुमार ने आशा कर्मी के सहयोग से सुरक्षित प्रसव करा कर जच्चा एवं बच्चा को सीएचसी इटियाथोक में भर्ती कराया जहां दोनों स्वस्थ हैं। जानकारी सीएचसी अधीक्षक डॉ0 शैलेंद्र सिंह ने दी।

## अग्निपथ योजना के विरोध में भाकियू देगी ज्ञापन

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर 24 जून को भारतीय किसान यूनियन जनपद कन्नौज द्वारा अग्निपथ योजना के विरोध में जिला मुख्यालय कन्नौज में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। यह जानकारी बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी ने जिला कार्यालय इस्माइलपुर में बैठक के उपरांत दी। कहा कि सेना में भर्ती के मकसद से अग्निपथ योजना सरकार का गलत निर्णय है। इस योजना के विरोध में 24 जून को जिला मुख्यालय कन्नौज पहुंच कर भाकियू विरोध प्रदर्शन करेगी।

# विद्युत विभाग की टीम ने अभियान के दौरान वसूला लाखों का राजस्व

## ●अवर अभियंता नें घर घर जाकर बकाया बिल जमा करने की अपील की

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। बिजली विभाग की टीम ने कस्बा समधन में अभियान चलाते हुये लाखों रुपयों का राजस्व बसूला साथ ही अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली उपभोग करने वाले लोगों की केबिलों को उतारा गया। जिन लोगों ने अभी तक अपना कनेक्शन नहीं कराया है। उन लोगों से कनेक्शन करवाने को कहा गया है। वहीं बकायदारों से बकाया बिल जमा करने की अपील की।

बुधवार को समधन नगर में बिजली विभाग की टीम को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। कटिया डालकर चोरी की बिजली जलाने वाले लोगों ने बिजली विभाग टीम की खबर सुनते ही अपनी–अपनी केबिलो को उतार लिया गया। इस दौरान टीम द्वारा दस नये कनेक्सन जोडनें सहित एक लाख पचास हजार रुपये की राजस्व बसूली की। इसके बाद नगर स्थित नाजिम जन सेवा केंद्र पर बिजली विभाग के विकास कुमार अवर अभियंता के नेतृत्व में टीम के साथ कैंप भी लगाया गया। जिसमें नए कनेक्शन करवाने के लिए लोगों को एकमुश्त समाधान योजना के महत्वपूर्ण बिंदु बिजली नलकूप उपभोक्ताओं के लिए 100 प्रतिशत बिलो में छूट, घरेलू एक किलो वाट उपभोक्ताओं के लिए 100 प्रतिशत बिलो में छूट, दो किलो वाट वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए बिलो में 100 प्रतिशत छूट बताई गई। एक लाख रुपये तक के बकायेदारों के लिए भुगतान अधिकतम छह किस्तों में, एक लाख से अधिक बकायेदारों के लिए भुगतान अधिकतम 12 किस्तों में योजना की अंतिम तिथि 30 जून 2022 तक की जानकारी दी गई। इस मौके पर लिपिक विपिन कुमार, लाइनमैन राजू, अनुज, सरोज, सुनील, पीआरडी राजेंद्र सिंह टीम के साथ मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## डिवाइडर से टकराई मोटरसाइकिल, दो मरे

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के इज्ज़त नगर क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के डिवाइडर से जा टकराने की घटना में उस पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। नगर पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि इज्जतनगर क्षेत्र में 100 फुटा मार्ग पर तेज रफ्तार से जा रहे कमल (25) और लेखराज (28) की मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान एक बच्चे को बचाने की कोशिश में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कमल की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि लेखराज को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। कुमार ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

## बस की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो छात्रों की मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर के गोसाईगंज क्षेत्र में बुधवार सुबह रोडवेज की एक बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह तीन छात्र एक मोटरसाइकिल से फरीदपुर स्थित अपने स्कूल जा रहे थे,तभी रास्ते में गोसाईगंज इलाके में अयोध्या की तरफ से आ रही प्रयागराज डिपो की एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दिव्यांश सिंह (20) और दानेश्वर सिंह (23) की मौके पर ही मौत हो गई तथा कुलदीप नामक छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बांदा में लुटेरों का अंतरराज्यीय गिरोह चढ़ा हत्थे

संवाददाता। बांदा



**पुलिस** द्वारा फ्री क्लीन ऑपरेशन चलाया जा रहा है उसके तहत एसओजी टीम और सिविल पुलिस द्वारा मिलकर एक ऐसे अंतर राज्यीय लुटेरा गैंग का खुलासा किया गया है जो हाई.फाई शादियों में जाकर खुजली वाले पाउडर का इस्तेमाल करते थे। पाउडर इतना ही शक्तिशाली खुजली करता था कि अच्छे अच्छे लोग परेशान हो जाते थे सारा कारोबार छोड़कर सिर्फ खुजली करने में ही लग जाते थे शरीर में उसका फायदा उठा कर यह अंतर राज्य लुटेरा गैंग शादी समारोह और लड़की के गहने परिवारी जनों के गहने सब बटोर कर ले जाता था। इस गैंग में एक नाबालिक लड़की भी है जो मुख्य बॉस का काम करती थी। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्रीनिवास मिश्र ऑपरेशन क्लीन के क्रम में आज फिर एक सनसनीखेज खुलासा किया यह लुटेरा गैंग 1 महीने में ताबड़तोड़ घटनाएं की बांदा के अतर्रा तहसील में बांदा के बबेरू तहसील में शादियों में रातों में घुसकर लाखों रुपए का माल ले उड़े।

27 अप्रैल को थाना अतर्रा क्षेत्र के एलिट गेस्ट हाउस में एक शादी समारोह के दौरान रात्रि में करीब 10रू00 बजे 2अज्ञात लोग शादी समारोह में शामिल हो गए इसी दौरान एक महिला द्वारा दुल्हन और मां के ऊपर खुजली वाला पदार्थ ;कारेच का फ्लद्धडाल दिया गया जिसमे विद्योत्तमा के भयंकर खुजली होने लगी वह अपने हाथ में जो पर्स लिये थी वह मेज पर रखकर हाथ धोने लगीए उस पर्स में रूपया जेवर लेकर लुटेरे कार में बाहर 2लोग कार में इंतजार कर रहे थे शादी समरोह में एक लड़कीए उसके साथ हस्बैंड और देवर बनेए मॉल लेकर फरार हो गये। पकड़े गए 5लुटरो ने बताया कि हम रांचीए पटनाए इलाहबादए जहानाबादए मुरादाबादए नोडाए हंरपलइंकए अलीगढ़ए मथुराए काशीए प्रयागराज में लूटकांड कर चुके है कभी पकड़े नहीं जाते थेए अब तक करोडो कि लूट कर चुके हैं। अप्पर पुलिस अधीक्षक बांदा ने बताया इन्वेस्टिगेशन के दौरान पता चला कि यह गैंग मध्य प्रदेश के कोडरमा गांव का है जहां पर सभी लोग चोरी लूट डकैती की ट्रेनिंग लेते हैं और बता दे प्रैक्टिस करते हैं एक तरह से तालिबान में जैसे ट्रेनिंग सेंटर है उस तरह से यहां पर लूट का चोरी और डकैती का ट्रेनिंग सेंटर बना हैद्य इस गैंग में जो पकड़े गए हैं उनके क्रमशाह नाम निकिता भनेरिया पुत्री संजय भनेरिया निवासी गुल खेड़ी बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेशए कालू सिंह सिसोदियाए बंटी घायल पुत्र मोड़ा सिंहएबदल सिसौदिया हैं।

# खरीफ गोष्ठी में उठे कई मुद्दे



**बांदा।** मण्डलीय खरीफ गोष्ठी की तैयारियों से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जानकारी प्राप्त की गयी कि धानए तिलए ज्वारए बाजराए दलहन एवं तिलहन तिलए उडदए मूंगए मूंमफली के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं या नही तो अवगत कराया गया कि उपरोक्त समस्त बीजों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है तथा उर्वरक में अगस्त माह तक यूरियाए डी0ए0पी0 भी उपलब्ध है। कृषि रक्षा रसायन की समीक्षा करते हुए जो सीजन में लगे कृषि रसायनए खरपतवार नाशीए कीटनाशी उसके लिए केमिकल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं या नहीघ् तो बताया गया कि उपलब्ध हैं। इसी प्रकार फसली ऋण की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी से जानकारी प्राप्त की कि के0सी0सी0 का लाभ कितने किसानों को दिया गया है जिसमें बताया गया कि 92 प्रतिशत किसानों को के0सी0सी0 का लाभ प्रदान कराया गया है एवं जिनके आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं उन किसानों से वार्ता भी की जा रही है। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जानकारी चाही कि इस वर्ष कितने किसानों का लक्ष्य है जिसमें बताया गया कि 75306 के0सी0सी0 रेन्यूवल और नये शामिल है जिसमें 25000 के लगभग बन गये हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए जानकारी चाही कि अभी तक इस योजना का लाभ कितने किसानों को दिया जा चुका है तो अवगत कराया गया कि 43401 किसानों ने फसल बीमा करवाया है तथा 208 किसानों का व्यक्तिगत क्लेम जैसे ओला वृष्टि इत्यादि फसल क्षतिपूर्ति का लाभ दिया जा चुका है और शेष कार्यवाही में है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाईए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिए सिंचाईए विद्युतए पशु चिकित्सा विभागए उद्यानए मत्स्यए नाबार्डए विपणनए लघुडालए सहकारिता सहित सम्बन्धित विभागों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गयी।

# रॉय और बटलर के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड जीता

● नीदरलैंड के खिलाफ शृंखला में क्लीन स्वीप किया

**एपी।** एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)



**इंग्लैंड** ने जेसन रॉय के 101 रन और जोस बटलर के 64 गेंद में 86 रन की मदद से बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम मैच में जीत दर्ज कर वनडे अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। इंग्लैंड ने जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य 119 गेंद रहते हासिल कर आठ विकेट से जीत हासिल की। दोनों देशों के बीच क्रिकेट विश्व कप के बाहर यह पहली वनडे श्रृंखला है। इंग्लैंड ने पहला वनडे 232 रन और दूसरा वनडे छह विकेट से जीता था। नीदरलैंड के 244 रन के स्कोर में कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 72 गेंद में 64 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल सॉल्ट (49 रन) और डेविड मलान के विकेट तीन गेंद के अंदर गंवा दिए। लेकिन रॉय और बटलर ने 125 गेंद में 163 रन की अटूट साझेदारी से टीम को आसान जीत दिलाई। इंग्लैंड ने 30.1 ओवर में दो विकेट पर 248 रन बनाए। चोटिल इयोन मोर्गन की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी निभा रहे बटलर ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और पांच छक्के जमाए। इससे पहले नीदरलैंड के लिए मैक्स ओडोड (50) और बास डि लीडे (56) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेली। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते पहले वनडे में जीत के दौरान चार विकेट पर 498 रन की पारी से विश्व रिकॉर्ड बनाया था। डेविड विले ने 8.2 ओवर में 36 रन देकर चार विकेट झटके जिसमें पॉल वान मीकेरेन का अंतिम विकेट भी शामिल था। नीदरलैंड की टीम निर्धारित 50 ओवर से चार गेंद पहले ही आउट हो गई।

# कार्तिक ने 108 पायदान की छलांग लगाई, किशन शीर्ष 10 में

**भाषा।** दुबई



**अनुभवी** दिनेश कार्तिक हाल में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत ताजा जारी आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 108 पायदान की बड़ी छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गए जबकि युवा सलामी बल्लेबाज इशान किशन शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे।

किशन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में दो अर्धशतक जड़े थे और उन्होंने 41 के औसत से कुल 206 रन बनाए थे। इस फॉर्म की बदौलत बाएं हाथ के क्रिकेटर को बल्लेबाजों की ताजा जारी टी20 रैंकिंग में एक पायदान के फायदा हुआ और वह छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पांचवें सत्र से ही शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में कुछ तेजतर्रार पारियां खेलीं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अभी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज है और किशन शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजों की टी20 रैंकिंग में युजवेंद्र चहल ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। इस भारतीय स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दौरान छह विकेट की बदौलत तीन पायदान के फायदे से 23वां स्थान हासिल किया। जोश हेजलवुड टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर) और श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा (छठे) दोनों एक एक पायदान के फायदे से शीर्ष 10 में पहुंच गए। रविंद्र जडेजा ने 385 रेटिंग अंक से टेस्ट आल राउंडर सूची में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है। वह इस समय भारत के इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच के लिए ब्रिटेन में हैं जो पिछले साल पांच मैचों की श्रृंखला का मैच है जो कोविड-19 के कारण पूरा नहीं हो सका था। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन 346 रेटिंग अंक से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# रोनाल्डो ने इतिहास रचा, एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने

**भाषा।** नई दिल्ली



**रोनाल्डो** सिंह ने बुधवार को यहां एशियाई ट्रैक चैम्पियनशिप के अंतिम दिन सीनियर वर्ग की स्प्रिंट स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहकर इतिहास रच दिया, वह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय साइकिलिस्ट बन गए। रोनाल्डो की उपलब्धि महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में किसी भारतीय साइकिलिस्ट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बुधवार को उन्होंने जापान के अनुभवी राइडर केंटो यामासाकी को कड़ी चुनौती दी लेकिन दूसरा स्थान ही हासिल कर सके। यामासाकी ने लगातार रेस में रोनाल्डो को पछाड़ कर पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। कजाकस्तान के आंद्रे चुगे ने स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

भारतीय साइकिलिंग महासंघ के चेयरमैन ओंकार सिंह ने पीटीआई से कहा, यह (रोनाल्डो का रजत) एशियाई चैम्पियनशिप में किसी भारतीय का पहला रजत पदक था। किसी भारतीय ने हमारे इतिहास में स्वर्ण पदक नहीं जीता है इसलिए उनका रजत पदक जीतना किसी भारतीय का महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सिंह एशियाई साइकिलिंग परिसंघ के महासचिव भी हैं। रोनाल्डो का यह चैम्पियनशिप में तीसरा पदक था। उन्होंने इससे पहले। किमी टाइम ट्रायल और टीम स्प्रिंट स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे। सुबह रोनाल्डो ने सेमीफाइनल में कजाकस्तान के आंद्रे चुगे को पछाड़ा था। यह भारतीय पहली रेस में हार गया था लेकिन वापसी करते हुए अगली दो रेस जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो ने कहा, मेरे दिमाग में स्वर्ण पदक था, लेकिन फिर भी मैं खुश हूं क्योंकि यह मेरा पहला रजत पदक है। यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। प्रत्येक टूर्नामेंट में मेरी तकनीक में सुधार हुआ है, यह सबसे अहम है। मंगलवार को विश्व जूनियर चैम्पियन और एशियाई रिकॉर्डधारी रोनाल्डो ने 200 मीटर फ्लाइंग टाइम ट्रायल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और पुरुष एलीट स्प्रिंट रेस स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। घरेलू टीम ने अंतिम दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। भारतीय जूनियर साइकिलिस्ट बिरजीत युमनाम ने 15 किमी प्वाइंट रेस में 23 अंक से कांस्य पदक जीता। कोरिया के सुंगयिओन ली ने 24 अंक से रजत और उज्बेकिस्तान के फारूख बोबोशेरोव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। छायानिका गोगोई दिन में हैरान करने वाली साइकिलिस्ट रहीं। इस 19 वर्षीय साइकिलिस्ट ने 10 किमी महिला स्क्रैच रेस फाइनल में कजाकस्तान की पदक की दावेदार रिनाटा सुल्तानोवा को पछाड़कर कांस्य पदक से भारत का खाता खोला। योयुरी किम ने स्वर्ण और जापान की किए फुरुयामा ने रजत पदक प्राप्त किया। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के वेलोड्रोम में एशियाई जूनियर और पैरा चैम्पियनशिप भी इसके साथ ही आयोजित की गई थी। अंतिम दिन 10 फाइनल में कुछ साइकिल भी टकराई। जापान 18 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य से संयुक्त पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

## क्विक न्यूज

### सिमोन एशिया पैसीफिक कप गोल्फ में हिस्सा लेंगी भारत की चार महिला गोल्फर

**नई दिल्ली।** महिला पेशेवर गोल्फ टूर में हिस्सा लेने वाली चार भारतीय गोल्फर पहले सिमोन एशिया पैसीफिक कप में हिस्सा लेंगी जिसकी इनामी राशि 750,000 अमेरिकी डॉलर है। इंडोनेशिया के जकार्ता में 15 से 20 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिए दो-दो खिलाड़ियों की दो भारतीय टीम को आमंत्रित किया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन एशियाई गोल्फ लीडर्स फोरम के तत्वावधान में किया जाएगा। कुल इनामी राशि में से पांच लाख की इनामी राशि व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए होगी जबकि ढाई लाख डॉलर की इनामी राशि टीम स्पर्धा के लिए है। यह तीन दिवसीय 54 होल की स्ट्रोक प्ले स्पर्धा होगी। भारत को शुरुआत में एक टीम आवंटित की गई थी और अदिति अशोक तथा त्वेसा मलिक को आमंत्रित किया गया था। भारतीय महिला गोल्फ संघ के अनुसार इन दोनों ने खेद जताया और उनकी जगह दीक्षा डागर और गौरिका बिश्नोई ने ली। भारतीय महिला गोल्फ संघ ने इसके बाद दूसरी टीम के लिए आग्रह किया जिसे स्वीकार कर लिया गया। दूसरी टीम में अमनदीप ड्राल और वाणी कपूर को जगह मिली।

### जहीर अब्बास लंदन में गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती

**लंदन।** पाकिस्तान के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज जहीर अब्बास को यहां एक निजी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। जियो न्यूज के अनुसार 74 वर्षीय अब्बास को पैडिंगटन के सेंट मैरी अस्पताल में भर्ती कराए जाने के तीन दिन बाद आईसीयू में स्थान्तरित किया गया। अपने जमाने के कलात्मक बल्लेबाजों में से एक अब्बास दुबई से लंदन की यात्रा के दौरान कोविड-19 की चपेट में आ गए थे। उन्होंने दर्द की शिकायत की थी और लंदन पहुंचने के बाद उन्हें निमोनिया हो गया था। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से कहा, अभी वह डायलिसिस पर है और चिकित्सकों ने उन्हे लोगो से नही मिलने की सलाह दी है।

### शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले टूर्नामेंट के बालिका वर्ग में शीर्ष पर रही अपरा

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद की दूसरी कक्षा की छात्रा अपरा जायसवाल ने शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले ओपन रैपिड टूर्नामेंट 2022 के अंडर- सात (बालिका वर्ग) मे पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली शतरंज संघ ने कल देर रात इस टूर्नामेंट के विजेताओं की अंतिम सूची जारी की। अपरा को खिताब जीतने पर छह हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड की मशाल प्रज्ज्वलित करके उसे पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को सौंपा था। इसी कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया था। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों के कुल 1549 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। शतरंज ओलंपियाड 28 जुलाई से 10 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित किया जाएगा।

### मोर्गन चोटिल होने के कारण तीसरे वनडे से बाहर

**एम्सटेलवीन।** इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ग्रोइन की मामूली चोट के कारण बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नही खेल पाएंगे। मोर्गन की जगह जोस बटलर लेंगे। इंग्लैंड यह मैच जीतकर श्रृंखला मे क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगा। मोर्गन पिछले दो मैचों में खाता भी नही खोल पाए थे, जिससे इंग्लैंड के एकदिवसीय कप्तान के रूप मे उनके भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे है।

### बायर्न म्यूनिख ने सेनेगल स्टार सादियो माने से करार किया

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने बुधवार को लिवरपूल से सेनेगल के फारवर्ड सादियो माने के अनुबंध की औपचारिकता पूरी की। क्लब ने कहा कि 30 साल के सादियो माने ने जून 2025 तक बायर्न म्यूनिख से करार किया है। बायर्न म्यूनिख के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलिवर कान ने कहा, दुनिया मे उनके जैसे खिलाड़ी काफी कम है। हमें पूरा भरोसा है कि सादियो माने आगामी वर्षों में अपने खेल से हमारे दर्शकों के चेहरे पर खुशियां लाएंगे। इस करार की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने पिछले शुक्रवार को एसोसिएटिड प्रेस से बताया था कि यह अनुबंध 4.10 करोड़ यूरो का है।

### सेरेना ने जीत के साथ वापसी की

**ईस्टबोर्न (इंग्लैंड)।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने विबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट ईस्टबोर्न में महिला युगल का मैच जीतकर एक साल बाद कोर्ट पर शानदार वापसी की। सेरेना ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इसके डेढ़ घंटे बाद दर्शकों ने 23 बार की ग्रैंडस्लैम एकल विजेता की जीत का जश्न मनाया। सेरेना ने अपनी जोड़ीदार ओस जाबूर के साथ मिलकर महिला युगल के पहले दौर में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके सारा सोरिब्स टोरमो और मैरी बुजकोवा को 2-6, 6-3, 13-11 से हराया।

# जब क्रीज पर उतरता हूं तो अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खुद पर भरोसा करता हूं: जायसवाल




**बेंगलुरू (भाषा)।** यशस्वी जायसवाल सिर्फ 22 साल के हैं लेकिन उन्हें पता है कि मजबूत वापसी कैसे की जाती है। उन्होंने पिछले महीने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रायल्स के खिलाफ ऐसा किया और इस महीने रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

क्वार्टर फाइनल में शतक जड़ने के बाद जायसवाल ने सेमीफाइनल में दो शतक जड़े। वह फाइनल में मध्य प्रदेश में खिलाफ सत्र के चौथे शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन बुधवार को रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन मध्य प्रदेश के तेज गेंदबाज अनुभव अग्रवाल ने उन्हें 78 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। जायसवाल ने पहले दिन के खेल के बाद कहा, हां, मैं इसे लेकर थोड़ा दुखी हूं लेकिन यह क्रिकेट है। आपको अच्छे और बुरे दोनों का अनुभव करना होता है। मैंने अब तक यही सीखा है। उन्होंने कहा, क्रिकेट में, चीजें उस तरह नहीं होती जैसे आप चाहते हो लेकिन मैं क्रिकेट और ईसान के रूप में खुद में सुधार के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। आईपीएल के दौरान जायसवाल को शुरुआती कुछ मुकाबलों से बाहर किया गया था लेकिन टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में उन्होंने रॉयल्स की अंतिम एकादश में वापसी की और कुछ शानदार पारियां खेली। जायसवाल ने कहा, आईपीएल में भी ऐसा ही हुआ था। मुझे तीन मैच खेलने को मिले, फिर बाहर हो गया और फिर सात मैच के बाद वापसी की। लेकिन इस सब के बीच में मेरे दिमाग में यह चीज स्पष्ट है कि मुझे कड़ी मेहनत करनी होगी और हमेशा अनुशासित रहना होगा। जायसवाल ने कहा कि खराब दौर के दौरान सिर्फ कड़ी मेहनत का फल मिलता है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें दबाव की स्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। जायसवाल ने कहा, फाइनल अलग है क्योंकि आपकी मानसिकता अलग होती है। मैं करीबी लोगों ने मुझे इतनी सारी बातें बताई हैं क्योंकि वे चाहते हैं कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूं।

# मध्य प्रदेश की अनुशासित गेंदबाजी, मुंबई के पांच विकेट पर 248 रन

## रणजी ट्रॉफी

**भाषा।** बेंगलुरू



**मध्य प्रदेश** के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के सामने सितारे खिलाड़ियों से सजी मुंबई की टीम रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन बुधवार को यहां पहली पारी में पांच विकेट पर 248 रन ही बना सकी। कप्तान पृथ्वी साव (79 गेंद में 47 रन) और यशस्वी जायसवाल (163 गेंद में 78 रन) ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े लेकिन मुंबई की टीम उस पिच पर अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही जहां शॉट खेलना आसान नहीं है।

पहली पारी में 400 से अधिक रन बनाने की मुंबई की उम्मीद अब सत्र के सबसे सफल बल्लेबाज सरफराज खान पर टिकी हैं जो दिन का खेल खत्म होने पर 125 गेंद में 40 रन बनाकर खेल रहे थे। दूसरे छोर पर शम्स मुलानी 43 गेंद में 12 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने 31 ओवर गेंदबाजी की और इस दौरान 91 रन देकर एक विकेट चटकाया। तेज गेंदबाज गौरव यादव (25 ओवर में बिना विकेट के 68 रन) ने मुंबई के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाया लेकिन विकेट उनके खाते में नहीं गया। तेज गेंदबाज अनुभव अग्रवाल ने 56 रन देकर दो जबकि आफ स्पिनर सारांश जैन ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। पृथ्वी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और फिर जायसवाल के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मध्य प्रदेश ने कार्तिकेय के साथ गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन जायसवाल और पृथ्वी दोनों ने बाएं हाथ के इस स्पिनर पर छक्के जड़े। दोनों तेज गेंदबाजों अनुभव और गौरव को आसमान में छाए बादलों के बीच हवा में मूवमेंट मिली। दोनों ने पिच से भी गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया। दिन का सर्वश्रेष्ठ ओवर मुंबई की पारी का 12वां ओवर था जिसमें गौरव ने छह गेंद में पांच बार पृथ्वी को काफी परेशान किया। उन्होंने पहले अंदर आती हुई गेंद और फिर आउट स्विंग से मुंबई के कप्तान को मुश्किलों में डाला। दूसरी तरफ जायसवाल ने पहले 30 रन 52 गेंद में बनाए और फिर पिच को भांपते हुए अधिक सतर्क होकर बल्लेबाजी की। उन्होंने अगले 48 रन 111 गेंद में बनाए। मध्य प्रदेश को पहली सफलता लंच से कुछ मिनट पहले मिली जब अनुभव की गेंद को पृथ्वी विकेटों पर खेल गए। अरमान जाफर 56 गेंद में 26 रन की पारी के दौरान अच्छी लय में दिखे लेकिन कार्तिकेय की उछाल लेती गेंद पर शॉर्ट मिडविकेट पर यश दुबे को कैच थमा बैठे। दूसरे सत्र में पिच काफी धीमी हो गई। सुवेद पारकर (18) ने सारांश की गेंद पर विरोधी कप्तान आदित्य श्रीवास्तव को कैच थमाया। जायसवाल अपने सत्र के चौथे शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन अनुभव की गेंद पर स्कायर कट खेलने की कोशिश में गली में दुबे को कैच दे बैठे। सारांश ने इसके बाद हार्दिक तमोरे (24) को पहली स्लिप में रजत पाटीदार के हाथों कैच कराके मुंबई को पांचवां झटका दिया।

# भारतीय महिला टीम ने अमेरिका को 4-0 से हराया

● एफआईएच प्रो लीग में पदार्पण सत्र में तीसरे स्थान पर रही

**भाषा।** रोटरडम

**भारतीय** महिला हॉकी टीम ने दो चरण के मुकाबले के दूसरे एकतरफा मैच में अमेरिका को बुधवार को यहां 4-0 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में अपने पदार्पण सत्र में तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने मंगलवार को पहले मैच में अमेरिका को 4-2 से हराया था।

भारत की ओर से वंदना कटारिया (39वें और 54वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि सोनिका (54वें) और संगीता कुमारी (58वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। अर्जेन्टीना की टीम पहले ही खिताब अपने नाम कर चुकी है जबकि नीदरलैंड की टीम दूसरे स्थान पर रही। अमेरिका ने दूसरे ही मिनट में मैच का पहला मौका बनाया लेकिन एलिजाबेथ ईगर के दमदार शॉट को भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने नाकाम कर दिया। शर्मिला देवी ने इसके बाद गोल करने का स्वर्णिम मौका गंवाया जब वह काफी करीब से अमेरिकी गोलकीपर को छकाने में नाकाम रहीं। सलीमा टेटे ने दाएं छोर से कई मौके बनाए लेकिन पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में 23वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन यह बर्बाद हो गया। भारत को इसके बाद दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम गोल नहीं कर सकी जिससे मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। मध्यांतर के बाद पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत कौर के शॉट को अमेरिकी गोलकीपर केल्सी बिंग ने रोक दिया। भारत ने 39वें मिनट में बढ़त बनाई जब पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत कौर की फ्लिक को वंदना ने गोल की राह दिखाई। नवनीत ने इसके बाद बेहद आसान मौका गंवाया। भारत ने हालांकि चार मिनट में तीन गोल दागकर मैच अपनी झोली में डाला। सबसे पहले वंदना ने दाएं छोर से मौका बनाते हुए गोल किया और फिर कुछ सेकेंड बाद सोनिया ने गोल कर दिया। सविता ने 57वें मिनट में मैदानी गोल करके स्कोर 4-0 किया। इस जीत से नीदरलैंड और स्पेन की सहमेजबानी में एक से 17 जुलाई तक होने वाले महिला विश्व कप से पहले भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# भारतीय खिलाड़ी रूमेली धर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**भाषा।** मुंबई



**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रूमेली धर ने बुधवार को खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। दाएं हाथ की बल्लेबाज और तेज गेंदबाज रूमेली ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने फैसले की घोषणा की।

रूमेली ने अपनी पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल के श्यामनगर से शुरू हुआ क्रिकेट का मेरा 23 साल का सफर अंततः खत्म हो रहा है, मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करती हूं। रूमेली ने चार महिला टेस्ट में एक अर्धशतक की मदद से 236 रन बनाए। नई दिल्ली में 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली 38 साल की रूमेली ने आठ टेस्ट विकेट चटकाए। उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था। रूमेली ने 78 महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 961 रन बनाने के अलावा 63 विकेट झटके। उन्होंने 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ लिंकन में पदार्पण करने के बाद छह अर्धशतक जड़े। उन्होंने अपना अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2012 में खेला था। बंगाल सहित अन्य घरेलू टीम की ओर से खेलने वाली रूमेली ने 18 टी20 मुकाबले भी खेले जिसमें उन्होंने 131 रन बनाने के अलावा 13 विकेट भी चटकाए। उन्होंने 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 पदार्पण किया।

रूमेली ने 2018 में 34 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 टीम में वापसी की और उसी साल ब्रेबोर्न स्टेडियम में आस्ट्रेलिया की महिला टीम के खिलाफ अपना अंतिम टी20 मैच खेला। रूमेली 2005 में दक्षिण अफ्रीका में महिला एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में पहुंची भारतीय टीम की सदस्य भी थी। रूमेली ने कहा, यात्रा काफी लंबी रही जिसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिले। शीर्ष लम्हा भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व और अगुआई करना रहा जो 2005 में विश्व कप फाइनल में पहुंची। रूमेली के अनुसार उनका करियर चोटों से प्रभावित किया लेकिन उन्होंने हमेशा मजबूत वापसी की। इस आलराउंडर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड, अपने परिवार, मित्रों और उन सभी टीमों को धन्यवाद दिया जिनका उन्होंने प्रतिनिधित्व किया। रूमेली बंगाल के अलावा रेलवे, एयर इंडिया, दिल्ली और राजस्थान की ओर से खेली। रूमेली ने वादा किया कि वह खेल से जुड़ी रहेंगी और देश में युवा प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेंगी।

# श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में हरमनप्रीत की अगुआई में उतरेगा भारत

## महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच

**भाषा।** दाम्बुला

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम गुरुवार से यहां श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सभी प्रारूपों की नई कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में नई शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी।

बर्मिंघम में आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट के टी20 प्रारूप को शामिल किया गया है जबकि आईसीसी महिला टी20 विश्व कप भी आठ महीने दूर है और ऐसे में भारतीय टीम अपने अभियान की ठोस शुरुआत करना चाहेगी। यह महिला एकदिवसीय विश्व कप 2022 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय महिला टीम का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। दिग्गज खिलाड़ी मिताली राज के संन्यास लेने के बाद यह भारतीय टीम की पहली प्रतियोगिता है। मिताली ने 23 साल के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद क्रिकेट को अलविदा कहा। निजी तौर पर कप्तान हरमनप्रीत की नजरें मिताली को पीछे छोड़ने पर टिकी होंगी। तैंतीस साल की हरमनप्रीत ने 121 मैच में 2319 रन बनाए हैं और उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप में मिताली को पीछे छोड़ने के लिए 46 रन की दरकार है। मेजबान श्रीलंका हालांकि श्रृंखला की शुरुआत बैकफुट पर करेगा क्योंकि टीम को हाल में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 0-3 से वाइटवाश का सामना करना पड़ा। भारत को हालांकि ओशादी रणसिंघे और चामरी अटापट्टू जैसी श्रीलंका की अनुभवी खिलाड़ियों से सतर्क रहना होगा। भारत ने पिछली टी20 मुकाबला इस साल फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था जिसमें टीम को 18 रन से हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत को मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार से काफी उम्मीदें होंगी। मौजूदा फॉर्म और विश्व रैंकिंग को देखते हुए भारत निश्चित तौर पर श्रृंखला की शुरुआत प्रबल दावेदार के रूप में करेगा और मेहमान टीम को हराने के लिए श्रीलंका को अपने खेल में काफी सुधार करना होगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि वे श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में क्षेत्ररक्षण पर अधिक ध्यान देंगे। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में हम कुछ क्षेत्रों में सुधार को ध्यान में रखेंगे। हमारा मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है, हम अपने क्षेत्ररक्षण कौशल में सुधार के लिए अतिरिक्त प्रयास करेंगे। हरमनप्रीत ने कहा, हमारी सभी शीर्ष बल्लेबाज और गेंदबाज इस श्रृंखला के लिए फिट हैं और हम सभी को उम्मीद है कि हम इस श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।



## टीम

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, सिमरन बहादुर, यस्तिका भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़, ऋचा घोष, साभिनेनी मेघना, मेघना सिंह, पूनम यादव, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**श्रीलंका:** चामरी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डिसिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता मादवी, हसिनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, सत्य संदीपनी, अनुष्का संजीवनी, मालशा शेहानी, थारिका सेवंडी।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजे शुरू होगा।**